

14:05:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 130 epaper.rashtriyakhabar.com ज्येष्ठ, कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

प्रस्तावसदृशं वाक्यं प्रभावसदृशं प्रियम्।

आत्मशक्तिसमं कोपं यो जानाति स पण्डितः॥

भावार्थ : जो अवसर के अनुकूल बात करना जानता है, जो अपने यश और गरिमा के अनुकूल मधुर भाषण कर सकता है और जो अपनी शक्ति के अनुसार क्रोध करता है, उसी को वास्तव में विद्वान कहा जाता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 38.00 °c | 22.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .22 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .07 बजे

## पाकिस्तान में ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब पर रोक जारी

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) को सोशल मीडिया को बहाल करने के लिए अभी कोई नया निर्देश नहीं मिला है यानी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब पर रोक अभी जारी रहेगी। प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीटीए के प्रवक्ता ने देश भर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं प्रतिबंधित होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बहाल करने के लिए कोई निर्देश नहीं मिला है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इससे पहले सरकार ने नौ मई को देश भर में मोबाइल इंटरनेट सेवा पर रोक लगा दी थी और यूट्यूब, ट्विटर, इंस्टाग्राम तथा फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर भी पाबंदी लगा दी गयी थी।

## प्रियंका ने जाखू हनुमान मंदिर में किये दर्शन

**शिमला:** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार सुबह कर्नाटक विधानसभा चुनाव का फैसला पार्टी के पक्ष में आने के बाद अपने निवास स्थान शिमला स्थित जाखू हनुमान मंदिर में जाकर भगवान बजरंग बली के दर्शन किए। श्रीमती वाड्रा ने अपने फेसबुक पेज पर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान ली गयी एक तस्वीर साझा की। इस दौरान मंदिर के पुजारी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता दीपक ने उन्हें जाखू के भगवान हनुमान की एक तस्वीर भेंट की। सुश्री गांधी ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें जारी करते हुए कहा कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश के शिमला में जाखू हनुमान मंदिर में पूजा की और इस दौरान, उन्होंने कर्नाटक के लोगों की खुशी, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की।

## मॉरीशस के राष्ट्रपति कोलकाता आएंगे

**कोलकाता:** मॉरीशस के सातवें राष्ट्रपति के रूप में सेवारत राजनेता पृथ्वीराजसिंह रूपन अपनी पत्नी के साथ रविवार से तीन दिवसीय निजी दौरे पर कोलकाता आने वाले हैं। राष्ट्रपति कोलकाता में अपने प्रवास के दौरान प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर मंदिर और बेलूर मठ का दौरा करेंगे। वह कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट में गिरमिटिया मजदूरों के लिए निर्मित स्मारक भी जाएंगे। गवर्निंग काउंसिल ऑफ इंडिया फाउंडेशन एवं खोला हवा के अध्यक्ष डॉ. स्वपन दासगुप्ता और गवर्निंग काउंसिल, इंडिया फाउंडेशन के सदस्य एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद सुशील कुमार मोदी श्री पृथ्वीराजसिंह रूपन के सम्मान में एक नागरिक अभिनंदन और रात्रिभोज का आयोजन करेंगे, जिसमें पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे।

## मयाली पर्यटन स्थल पर खगोलीय घटनाओं का दर्शन

**पत्थलगांव:** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के मयाली पर्यटन स्थल पर अब आकाशगंगा और खगोलीय घटनाओं को भी देखा जा सकेगा। कुनकुरी विधायक एवं संसदीय सचिव यू डी मिंज ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का इस ओर ध्यानाकर्षित कराया था, जिससे यह सौगात मिली है। जशपुर जिले में पर्यटन स्थल और मयाली में एडवेंचर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान दिलाने की खातिर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने बताया कि इसी क्रम में 13 से 17 मई तक मयाली में भारत स्काउट गाइड का राज्य स्तरीय एडवेंचर कैम्प का आयोजन किया गया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**परिणाम** › श्रीमती गांधी से किया वादा पूरा किया बोल रो पड़े डीके शिवकुमार

# नफरत का बाजार बंद और मुहब्बत की दुकान खुली: राहुल

- जेल में सोनिया गांधी मिलने आयी थी
- नफरत की राजनीति के खिलाफ जनादेश
- बोम्मई ने कहा अगला लोकसभा जीत लेंगे

राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** कर्नाटक के कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार आज आवेग में रो पड़े। पत्रकारों से बात करने के दौरान टीवी पर ही उनका गला भरभरा गया। 61 वर्षीय श्री शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, मैंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को आश्वासन दिया कि मैं कर्नाटक को बचा लूंगा। मैं सोनिया गांधी को मुझसे मिलने के लिए जेल में आना नहीं भूल सकता। मुख्यमंत्री पद के दावेदार कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख ने कहा, कांग्रेस कार्यालय हमारा मंदिर है। हम अपना अगला कदम कांग्रेस कार्यालय में तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह तीन साल से सोए नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं अपनी नेता सोनिया गांधी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। उस दिन से मैं सोया नहीं हूं।

उन्होंने कहा, मैं सिद्धारमैया सहित अपने राज्य के सभी नेताओं को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अकेले मेरी जीत नहीं है। 75 वर्षीय सिद्धारमैया मुख्यमंत्री पद की दौड़ में उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं। कांग्रेस पार्टी के लिए यह बड़ी जीत है। कर्नाटक की जनता बदलाव चाहती थी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जनादेश है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की जीत पर जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस जीत ने राज्य में नफरत का बाजार बंद कर मोहब्बत का माहौल बनाया है। श्री गांधी ने पार्टी मुख्यालय में

›› पेज 2 भी देखें



### जालंधर में भी चल गया झाड़ू

जालंधर में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का गढ़ ध्वस्त कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने ये लोकसभा सीट जीत ली है। उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील रिंकू ने कांग्रेस उम्मीदवार कर्मजीत कौर चौधरी को 58,691 वोटों से हरा दिया। उपचुनाव के लिए वोटिंग 10 मई को हुई थी। पिछली 4 बार से कांग्रेस इस सीट पर जीतती रही है। 2014 और 2019 में कांग्रेस उम्मीदवार कर्मजीत कौर चौधरी के पति संतोख सिंह चौधरी यहां से चुनाव जीते। हालांकि उनके निधन के बाद कांग्रेस सीट गंवा बैठी। इस जीत को दिल्ली के सीएम केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी के लोक कल्याणकारी कार्यों के प्रति जनता का विश्वास बताया है।

### झारसुगुड़ा में बीजद की प्रत्याशी विजयी

ओडिशा के झारसुगुड़ा विधानसभा उपचुनाव में बीजद उम्मीदवार दीपाली दास की जीत हुई है। दीपाली दास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तंकाधर त्रिपाठी को 48 हजार से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से हराकर जीत हासिल की है। सुश्री दास को 1,07,003 वोट हासिल हुए, वहीं टांकाधर को 58,384 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व विधायक बीरेन पांडे के पुत्र कांग्रेस उम्मीदवार तरुण पांडे केवल 4,473 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे और उनकी जमानत जब्त हो गयी। बीजद के पूर्व विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री नबकिशोर दास का गत 29 जनवरी को निधन होने के कारण झारसुगुड़ा सीट रिक्त थी और यहां उपचुनाव कराये गये।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम (चुनाव आयोग से)

| पार्टी | जीते | आगे | कुल |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 133 | 03 | 136 |
| भाजपा | 64 | 01 | 64 |
| जेडीएस | 10 | 00 | 19 |
| एसकेपी | 01 | 00 | 01 |
| केआरपीपी | 01 | 01 | 01 |
| अन्य | 02 | 00 | 02 |
| कुल | 200 | 24 | 224 |

व्यापक पैमाने पर कश्मीर में आतंकवादी भेजने की तैयारी

# जी 20 बैठक के पहले भारतीय सेना सतर्क



- अलग अलग स्थानों ले लाये गये हैं
- सीमा पर अभी अतिरिक्त सतर्कता है
- गोवा में बिलावल भुट्टो संकेत दे गये

राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** जारी आंतरिक हमले के बीच, पाकिस्तानी सेना भारत के साथ नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ कई लॉन्चपैड्स में बड़ी संख्या में आतंकवादियों को बनाए हुए है। पाकिस्तान में आतंकवादियों के प्रशिक्षण शिविर से एकत्रित कर इन आतंकवादियो के बड़े समूह को उन स्थानों पर एकत्रित किया गया है, जिन्हें आतंकवादियों का लॉच पैड कहा जाता है। सेना के सूत्रों ने इस मौके पर कहा कि ऐसा लगता है कि चल रही आंतरिक हड़ताल ने भी आतंकवाद के प्रायोजन को प्रभावित नहीं किया है क्योंकि यह भारत के साथ नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ कई लॉन्चपैड्स में बड़ी संख्या में आतंकवादियों को बनाए हुए है। एजेंसियों को इनपुट मिल रहे हैं कि आतंकवादी आ गए हैं। उनके शिविरों से लॉन्चपैड और भारतीय पक्ष की ओर धकेले जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, नीलम वैली, लीपा वैली और झेलम वैली के लॉन्चपैड्स पर 10 से 20 की संख्या में आतंकियों के अलग-अलग ग्रुप इंतजार कर रहे हैं। इन सभी को अलग अलग प्रशिक्षण शिविरों से लाकर यहां एकत्रित किया गया है। इसी वजह से भारतीय सुरक्षा बल पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों और भारतीय क्षेत्र में उसके द्वारा प्रायोजित आतंकवादी समूह पर कड़ी नजर रख रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना और उनकी सरकार ने कश्मीर घाटी में 23-24 मई को होने वाली जी-20 बैठक को बाधित करने के लिए पाकिस्तानी आतंकी समूहों को सक्रिय

›› पेज 2 भी देखें

दिल्ली विवाद के बीच राज्य सरकार का नया फैसला

# हरियाणा के कॉरपोरेट कार्यालयों में बिकेगी शराब



- दिल्ली की पूर्व नीति की नकल होगी
- राजस्व बढ़ाने का सरकार का नया तरीका
- जगह के लिए भी निर्धारित मानदंड बनाये

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** हरियाणा सरकार की आबकारी संबंधी नई नीति 12 जून, 2023 से 11 जून, 2024 तक प्रभावी रहेगी। जहां हरियाणा मंत्रिपरिषद ने नई आबकारी नीति को अपनी स्वीकृति प्रदान की, वहीं शराब की तस्करी को रोकने के लिए कड़े कदम भी उठाए गए। पुलिस के अनुसार, एक शराब लाइसेंसधारी को शहरी क्षेत्र के एक पॉश बाजार या शॉपिंग मॉल में अपने एक या एक से अधिक कम्पोजिट वेंचर को अवंत-गार्डे आउटलेट में बदलने का विकल्प दिया गया है, जहां लाइसेंसधारी आईएमएफएल बेचने का इरादा रखता है। शहरी क्षेत्रों के पॉश बाजारों या शॉपिंग मॉल में कुछ खुदरा दुकानों को अवंत-गार्डे आउटलेट के रूप में आवंटित करने के लिए चिन्हित किया जाएगा। इसके अलावा, शहरी क्षेत्रों में किसी भी खुदरा लाइसेंसधारी के पास अपने क्षेत्र का लाइसेंस शुल्क है। जिसका वर्गीकरण किया गया है। आबकारी विभाग को एक आवेदन करके, दुकानों के आवंटन के बाद अपनी दुकान को इस बिक्री के लिए आउटलेट में परिवर्तित करने का विकल्प होगा। नीति में आगे उल्लेख किया गया है, ह्वविभाग, क्षेत्र के ग्राहकों और क्षमता को ध्यान में रखते हुए, अवंत-गार्डे

›› पेज 2 भी देखें

# यूक्रेनी सेना ने पहली बार रूस पर बड़ा जवाबी हमला किया



**मॉस्को:** रूस का कहना है कि यूक्रेनी सेना ने एक साथ कई मोर्चे पर हमला किया है। यूक्रेन का दावा है कि वह बखमुत शहर में रूसी सक्षा पंक्ति को भेदने में सफल रही है। वैसे इस दावा को रूस ने गलत करार दिया है। रूस ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेनी सेना ने पूर्वी यूक्रेन में बखमुत के पास एक छोटे से खनन शहर सोलेदार के पास लगभग 100 किमी (60 मील) की सीमा रेखा के साथ रूसी पदों पर हमला किया था, जिसे मास्को की सेना ने जनवरी में जब्त कर लिया था। पिछले 15 महीनों में मॉस्को की सेना को जब्त की गई भूमि से बाहर निकालने के उद्देश्य से एक यूक्रेनी जवाबी कार्रवाई की प्रत्याशा बढ़ने के साथ, उप रक्षा मंत्री हन्ना मलियार ने पहले की रिपोर्टों की पुष्टि की कि यूक्रेन ने बखमुत के पास कुछ लाभ कमाया था, लेकिन रूसी सेना अब भी वहां मौजूद है। इसके अलावा वहां रूस की निजी सेना वैगनर समूह के लड़ाके भी यूक्रेन की सेना के खिलाफ लड़ रहे हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसके बलों ने पूर्वी यूक्रेन में अपने पदों के खिलाफ यूक्रेनी हमलों के प्रयास में वृद्धि को रद्द कर दिया था और संकेत दिया था कि सामरिक कारणों से उसके सैनिक एक क्षेत्र में पीछे हट गए थे। यूक्रेनी सेना इस सप्ताह पूर्वी शहर बखमुत के आसपास लगभग 2 किमी आगे बढ़ी है और उस समय में वहां कोई स्थिति नहीं छोड़ी है।

दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर पर समुद्री तूफान का खतरा

# करीब पांच लाख लोगों को पहले ही हटाया जा रहा

- कॉक्स बाजार में है रोहिंग्या शरणार्थी शिविर
- यहां के अधिकांश घर कच्चे मकान ही है
- तूफान के साथ भूस्खलन की आशंका

राष्ट्रीय खबर



**ढाका:** बंगाल की खाड़ी मे उठा तूफान और शक्तिशाली होता जा रहा है। इस तूफान के रविवार को बांग्लादेश और म्यांमार की सीमा से तट पर आने की पूर्व सूचना है। दरअसल अभी इस तूफान के बारे में मौसम वैज्ञानिकों ने बताया है कि उसमें 170 किलोमीटर प्रति घंट की रफ्तार से हवा चल रही है और समुद्र में करीब बारह फीट तक ऊंची लहरें उठ रही है। इस वजह से इस तूफान के आने के इलाके कॉक्स बाजार के करीब स्थापित रोहिंग्या शरणार्थी शिविर को लेकर चिंता है। यहां के अधिकांश आवास अस्थायी जैसे हैं जो तूफान की इस रफ्तार को झेल भी नहीं पायेंगे। दूसरी तरफ यह चेतावनी भी दी गयी है कि तूफान के जमीन पर टकराने के बाद इसकी गति में और बढ़ोत्तरी होने से स्थिति और भी विकट हो सकती है। दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर कॉक्स बाजार से टकरा सकता है, जहां करीब दस लाख लोग अस्थायी घरों में रहते हैं। इस इलाके में पहले से ही बारिश हो रही है और लाल चेतावनी वाले झंडे लगाये गये हैं। चक्रवात मोचा लगभग दो दशकों में बांग्लादेश में देखा गया सबसे शक्तिशाली तूफान हो सकता है। जैसा कि मौसम प्रणाली बांग्लादेश-म्यांमार तट की ओर बढ़ रही है, आस-पास के हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है, मछुआरों को समुद्र से लौट आने को कहा गया है। बांग्लादेश सरकार की तरफ से

›› पेज 2 भी देखें

**सफलता** › वैज्ञानिकों ने और छोटा पर शक्तिशाली चिप तैयार किया

# कंप्यूटर तकनीक की दुनिया में होगा बड़ा बदलाव

- अधिक तापमान की चुनौती को पार किया
- अब अलग अलग कक्ष में होता है काम
- अधिक शक्तिशाली चिप से काम तेज

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** दुनिया में तेजी से बढ़ते कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग से वैसे ही कंप्यूटर की दुनिया बदल रही है। इसके बीच ही लोगों को और अधिक शक्तिशाली प्रोसेसरों की आवश्यकता महसूस हो रही है। दरअसल ऐसे चिप जितने अधिक शक्तिशाली होंगे, कंप्यूटर के विश्लेषण का काम उतना ही तेज और आसान हो जाएगा। इस दिशा में आकार में छोटी पर शक्तिशाली चिप की मांग होती रही है। इस दिशा में बहुत ही बारीक पर्तों वाली नई चिप बनाने की दिशा में वैज्ञानिकों को सफलता मिली है। यूं तो अत्यंत पतले 2डी सामग्री से बने अर्धचालक ट्रांजिस्टर, प्रत्येक मोटाई में केवल तीन परमाणुओं को अधिक शक्तिशाली चिप्स बनाने के लिए तैयार किया जा सकता है। इसके लिए, एमआईटी के शोधकर्ताओं ने अब एक नई तकनीक का प्रदर्शन किया है जो सघन एकीकरण को सक्षम करने के लिए पूरी तरह से निर्मित सिलिकॉन चिप के शीर्ष पर सीधे 2डी संक्रमण धातु डाइक्लोजेनाइड (टीएमडी) सामग्री की परतों को प्रभावी ढंग से और कुशलता बढ़ा सकती है। मोलिब्डेनम डाइसल्फाइड पर शोधकर्ताओं ने जिस 2डी सामग्री पर ध्यान केंद्रित किया,

›› पेज 2 भी देखें

### सिलिकॉन सीमॉस वेफर पर सीधे 2 डी सामग्री उगाना एक बड़ी चुनौती

इसके लिए एक सिलिकॉन सीमॉस वेफर पर सीधे 2 डी सामग्री उगाना एक बड़ी चुनौती है क्योंकि इस प्रक्रिया में आमतौर पर लगभग 600 डिग्री सेल्सियस के तापमान की आवश्यकता होती है, जबकि सिलिकॉन ट्रांजिस्टर और सर्किट 400 डिग्री से ऊपर गर्म होने पर टूट सकते हैं। अब, एमआईटी शोधकर्ताओं की अंत:विषय टीम ने कम तापमान वाली विकास प्रक्रिया विकसित की है जो चिप को नुकसान नहीं पहुंचाती है। प्रौद्योगिकी 2डी अर्धचालक ट्रांजिस्टर को मानक सिलिकॉन सर्किट के शीर्ष पर सीधे एकीकृत करने की अनुमति देती है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान स्नातक छात्र और इस नई तकनीक पर एक पेपर के सह-प्रमुख लेखक जिआदी झू कहते हैं, 'एक एकीकृत सर्किट के घनत्व को बढ़ाने के लिए 2डी सामग्री का उपयोग करना एक शक्तिशाली तरीका है। हम जो कर रहे हैं वह एक बहुमंजिला इमारत बनाने जैसा है। यदि आपके पास केवल एक मंजिल है, जो पारंपरिक मामला है, तो इसमें कई लोग नहीं होंगे। लेकिन अधिक मंजिलों के साथ, इमारत में अधिक लोग होंगे जो अद्भुत नई चीजों को सक्षम कर सकते हैं। यह शोध पेपर आज नेचर नैनोटेक्नोलॉजी में प्रकाशित किया गया है।

# म्यांमार में तीन दिनों में सेना के 30 सैनिक मारे गए



राष्ट्रीय खबर

**हॉगकॉग:** म्यांमार में पिछले तीन दिनों में कम से कम 30 जुंटा सैनिक मारे गए हैं। सागैंग और मांडले क्षेत्रों में लोकतंत्र समर्थक प्रतिरोध बल पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (पीडीएफ) के लड़ाकों के हमलों में यह सारे सैनिक मारे गए। इससे पहले सैनिक शासन के अधीन कार्यरत जुंटा बलों ने हाल ही में सगैंग और मांडले क्षेत्रों में हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इन हमलों में सैकड़ों लोगों की जान जा रही है. गांव गांव प्रभावित है। हालाँकि, विद्रोही समूह कभी-कभी जवाबी गुरिल्ला हमले कर रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, म्यांमार की छाया सरकार के नेतृत्व वाली पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज या पीडीएफ ने इस सप्ताह सागैंग और मांडले क्षेत्रों

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

### भाजपा की उल्टी गिनती शुरू: भाकपा

रांची :भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कर्नाटक की जनता को बधाई देते हुए कहा कि देश के सबसे बड़ी फासिस्ट पार्टी के कारवां को कर्नाटक की जनता ने रोक दिया ,झूठ, फरेब, धर्मांधता, धार्मिक उन्माद फैलाकर देश की सत्ता पर आई भारतीय जनता पार्टी लगातार देश में फासीवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्माद फैलाकर नफरत के माहौल बनाने की कोशिश भारतीय जनता पार्टी ने की जिसे कर्नाटक की जनता ने नकार दिया, नेताओं ने कहा कि कर्नाटक में 40,40 हेलीकॉप्टर अदानी अंबानी की पुंजी के बल पर कर्नाटक पर सत्ता कब्जा करने की कोशिश को जनता ने नकार दिया ।

गोरखधंधा > रात के अंधेरे में पुलिस करा रही जमीन कब्जा, बाबूलाल ने कहा

# पुलिस वालों को भी ईडी चिन्हित कर मनी लॉड्रिंग के तहत करे कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य में जमीन के फजीर्वाड़े और निरंतर बढ़ रहे अपराध पर भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने साफ तौर पर कहा है कि जमीन घोटाले के गोरखधंधे में पुलिस के कुछ लोग भी शामिल हैं। उन्होंनें पुलिस वालों को बराबर का हिस्सेदार और गुनहगार बताया है। उन्होंने ईडी से आग्रह किया है कि वे जमीन की जालसाजी और कब्जा दिलाने के मामलों की शिकायत पर और गहराई से छानबीन करें। लाभ लेकर सहयोग देने वाले पुलिस वालों को भी चिन्हित करें। उन पर भी मनी लॉड्रिंग की समान रूप से कारवाई करें। बाबूलाल मरांडी ने अपने फेसबुक पर लिखा है कि मैं शुरू से कह रहा हूं कि जमीन घोटाले में जालसाजी कर नाजायज कब्जा कराने, गरीब आदिवासियों की जमीन भू माफयाओं के हवाले कराने का खेल सिर्फ दलालों, जालसाजों, सत्ताधारियों, लुटेरों के बस की बात नहीं है। इस गोरखधंधे में कुछ पुलिस के लोग भी बराबर का हिस्सेदार और गुनहगार हैं। उन्होंने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि एक तरफ गरीब-आदिवासी भू माफियाओं से अपनी जमीन छुड़ाने के लिये न्यायालय का आदेश लेकर पुलिस की मदद के लिये दर-दर भटकते रहे हैं। दूसरी तरफ यही पुलिस माफियाओं से लाभ लेकर रात के अंधेरे में भी जमीन कब्जा करवाती रही है। बजरा, सेना और मेडिका के बगल की जमीन तो नमूना मात्र है। ऐसे सैंकड़ों जमीन पर सत्ता के सहयोग से प्रशासन और पुलिस ने माफियाओं का कब्जा करवाया है। इस वजह से गरीबआदिवासियों को शासन से भरोसा उठ गया है और इन लोगों में भारी आक्रोश है। लोग कानून हाथ में लेकर खुद से माफियों के कब्जे से जमीन छुड़ाने के लिये बाउंड्री तोड़ दे रहे हैं और पुलिस को माफियाओं का लठैत मान खदेड़ कर भगाने लगे हैं।

झारखंड कांग्रेस ने

## राहुल गांधी,प्रियंका गांधी सहित कर्नाटक के नेताओं को बधाई दिया

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कर्नाटक की शानदार जीत पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में नई क्रांति का संचार करने वाले महानायक राहुल गांधी, कांग्रेस की तेज तर्रार महासचिव प्रियंका गांधी सहित कर्नाटक के सभी नेता कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं, तो कर्नाटक की जनता को बेरोजगारी, महंगाई, नफरत, भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कांग्रेस पर भरोसा करने के लिए आभार है नमन है। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा कि कर्नाटक की हार सीधे तौर पर प्रधानमंत्री की हार है। भ्रष्टाचारियों को परास्त करने के लिए बजरंग बली ने कांग्रेस को आशीर्वाद दिया है और कांग्रेस की सरकार बनते ही राज्य की जनता से किये गये 5 वायदे पहली कैबिनेट में ही पूरे किए जाऐंगे। दक्षिण भारत में भाजपा के फूट डालो राज करो की नीति को पूरी तरह से नकार दिया गया है ।भाजापा के पूंजीपति मित्रों की ताकत को हराया गया है और यह निर्णय कर्नाटक की प्रगति के विचारों को प्राथमिकता देने की जीत है, देश को जोड़ने वाली राजनीति की जीत है।

### उलटी गिनती शुरू:हेमंत



रांची: कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए खुशखबरी आ रही है अभी तक के परिणाम के मुताबिक वह सरकार बनाने की स्थिति में पहुंचने वाली है। सीएम हेमंत ने इस चुनाव के लिए कांग्रेस और वहां की जनता को बधाई दी है। सोशल मीडिया के जरिये शुभकामनाएं देते कहा है कि देश में फूट डालो-राज करो की राजनीति अब खत्म होने वाली है। इसकी उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है ।स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि कर्नाटक की जनता ने अहंकारी और जुमलेबाजी सरकार को आईना दिखा दिया है। यह समय परिवर्तन का हैं। अब केंद्र सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। देश की जनता और बजरंगबली का आशीर्वाद हम पर है, ये स्पष्ट हो गया हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस की बड़ी जीत पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा

## जनता ने दिया संदेश वह देश जोड़ने के अभियान में राहुल के साथ : सुबोधकांत

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कर्नाटक में कांग्रेस की बड़ी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। कर्नाटक की जनता ने अपने मतों से भाजपा को बताया दिया कि अब नफरत, घृणा और धर्म के नाम पर समाज को तोड़ने का उनका कोई प्रयास सफल नहीं होगा। श्री सहाय ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस को भारी बहुमत से जीता कर यह प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को संदेश दिया कि देश की जनता राहुल की भारत जोड़ने के अभियान में उनके साथ है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कर्नाटक की शानदार जीत पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भारत जोड़ों यात्रा के माध्यम से देश में नई क्रांति का संचार करने वाले राहुल गांधी, कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी सहित कर्नाटक के सभी नेता कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। तो कर्नाटक की जनता को बेरोजगारी, महंगाई, नफरत, भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कांग्रेस पर भरोसा करने के लिए आभार है नमन है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कर्नाटक की हार सीधे तौर पर प्रधानमंत्री की हार है। भ्रष्टाचारियों को परास्त करने के लिए बजरंग बली ने कांग्रेस को आशीर्वाद दिया है और कांग्रेस की सरकार बनते ही राज्य की जनता से किये गये 5 वायदे पहली कैबिनेट में ही पूरे किए जाऐंगे। युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने कहा कि कर्नाटक का संदेश ये है कि भाजपा की नकारात्मक, सांप्रदायिक, भ्रष्टाचारी, अमीरोन्मुखी, महिला-युवा विरोधी, सामाजिक- बंटवारे, व्यक्तिवादी राजनीति का अंतकाल शुरू हो गया है।

## कर्नाटक तो शुरूआत है, साल 2024 में भी बीजेपी को मिलेगा जवाब:धीरज साहू

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं का उत्साह चरम पर नजर आ रहा है। जिस तरीके से चुनाव परिणाम अब तक सामने आया है। उसके बाद कांग्रेस पार्टी के नेता साल 2024 के चुनाव परिणाम को लेकर अभी से ही भविष्यवाणी करने लगे हैं। लोहरदगा पहुंचे राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कर्नाटक चुनाव परिणाम को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि कर्नाटक का चुनाव परिणाम तो अभी शुरूआत है बहुत कुछ अभी बाकी है ।लोहरदगा में सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कर्नाटक चुनाव परिणाम को लेकर कहा है कि यह तो अभी शुरूआत है। साल 2024 के चुनाव में भी जनता भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मतदान करते हुए विपक्ष का साथ जरूर देगी। उन्होंने कहा है कि कर्नाटक में जिस तरह का चुनाव परिणाम सामने आया है, वह पहले से ही अपेक्षा की जा रही थी।

झूठ के सहारे चुनाव मैदान में उतरी भारतीय जनता पार्टी ने जनता को बरगलाने का काम किया, परंतु जनता ने भाजपा के झूठ को एक सिरे से नकार दिया ।सांसद ने कहा कि जनता भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से तंग आ चुकी है। पीएम नरेंद्र मोदी भले ही गली-गली घूमते रहे, पर इससे चुनाव परिणाम पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। उन्होंने कहा है कि कर्नाटक चुनाव परिणाम ने यह बता दिया है कि अब लोग भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी के झूठ से तंग आ चुके हैं। कर्नाटक का चुनाव परिणाम निश्चित रूप से कांग्रेस के पक्ष में है। आने वाले समय की यह तस्वीर भी दिखा रहा है। राज्यसभा सांसद ने चुनाव परिणाम को लेकर भारतीय जनता पार्टी को कटघरे में खड़ा करने का काम किया है। आने वाले समय में राज्यसभा सांसद का यह बयान राजनीतिक गलियारे में भूचाल ला सकता है ।कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी को हुए नुकसान और कांग्रेस को मिल रही जीत पर कांग्रेस पार्टी जबरदस्त उत्साहित है। कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने चुनाव परिणाम पर महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने इस चुनाव परिणाम के आधार पर साल 2024 के चुनाव परिणाम की भविष्यवाणी भी कर दी है।

## कर्नाटक की जीत कांग्रेस की जीत नहीं कर्नाटक की जनता की :शंकर नायक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**कर्नाटक की जीत कांग्रेस की जीत नहीं कर्नाटक की जनता की जीत है और कर्नाटक की जनता ने संपूर्ण भारत को एक संदेश दिया है कि अब देश में आस्था और धर्म के नाम पर मुद्दा विहीन राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी को 20 24 में उखाड़ फेंकने का समय आ गया है 'उपरोक्त बातें आ आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कर्नाटक में कॉन्ग्रेस पार्टी की विजय होने पर उक्त बातें कहीं उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता बधाई के पात्र हैं जिन्होंने ऐसे विषम परिस्थिति में संपूर्ण भारत को एक संदेश देने का काम किया कि मुद्दा बिन राजनीति करने वाले लोग धर्म की राजनीति करने वाले पार्टियों को अब सबक सिखाने का समय आ गया है अब वह दिन दूर नहीं जब 2024 के चुनाव में धर्म की राजनीति मुद्दा विहीन राजनीति करने वाले भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से दूर रखने के लिए भारत की जनता संकल्प ले चुकी है ' श्री नायक ने आगे कहा कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने के लिए अब खिड़की तो खिड़की दरवाजा भी बंद करने का काम भारत की जनता करेगी । हीरो ने साफ शब्दों में कहा कि जब देश में मुद्दा विहीन राजनीति धर्म और आस्था की राजनीति अब नहीं चलने वाली है जनता जाग चुकी है और इसकी राजनीति करने वाले लोगों को भारत की जनता 2024 में सबक सिखाने का काम करेगी ।

जश्न > कर्नाटक विधानसभा चुनाव का रिजल्ट के बाद झारखंड कांग्रेस ने मनाया जश्न

## कार्यालय में गूंजा 'जय बजरंगबली, तोड़ दे नफरत की नली' का नारा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कर्नाटक विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आना शुरू हो गया है। मतों की गिनती में दोपहर एक बजे के बाद कांग्रेस की जीत लगभग पक्की हो गयी है। इस पक्की होती जीत के साथ ही झारखंड कांग्रेस का प्रदेश कार्यालय 'जय बजरंगबली, तोड़ दे नफरत की नली' के नारों से गूंज उठा। बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को मतदान हुआ था। जिसके बाद आज 13 मई को मतगणना हो रही है। इस जीत की खुशी में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पार्टी के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी हर्षोल्लास के साथ पार्टी कार्यकताओं को जीत का लड्डू खिलाते और कर्नाटक विजय की शुभकामनाएं देते दिखे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के लिए वहां की जनता बधाई की पात्र है, जिन्होंने भाजपा द्वारा लगाई गई नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान लगाई है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक में जब भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में जनता 40% कमीशनखोरी से परेशान थी तो भाजपा और उसके लोग उसे हनुमान चालीसा से दबाने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए बजरंगबली की गदा भाजपाइयों पर पड़ी है ।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी लगातार कहते रहे हैं कि वह नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान लगाने निकले हैं। हिमाचल प्रदेश के बाद मोहब्बत की दुकान कर्नाटक में लगी है और आनेवाले दिनों में देशभर में मोहब्बत की दुकान लगेगी और नफरत का सफाया होगा ।आज कांग्रेस पार्टी के जश्न में राजेश ठाकुर के साथ प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, अमूल नीरज खलको, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, रांची की पूर्व मेयर रमा खलखो सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मिठाई खिलाने से शुरू हुआ कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं का जश्न देर तक चलेगा। रांची में मौजूद मंत्रियों को प्रदेश कार्यालय बुलाया गया है। वहीं महानगर कांग्रेस और ग्रामीण कांग्रेस की ओर से आतिशबाजी की गई है। पार्टी के नेता और कार्यकताओं ने फाइनल रिजल्ट घोषित होते ही जश्न में डूब जाने की पूरी तैयारी कर रखी है। यह जीत कांग्रेस के लिए खास इस मायने में भी है क्योंकि भाजपा लगातार कांग्रेस मुक्त भारत की बात कहती रही है।

## न्यूज फटाफट

### वायरल वीडियो प्रकरण में सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल, रघुवर और दीपक प्रकाश से मांगा जवाब



रांची: झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड प्रदेश के भाजपा नेताओं से नाराजगी जतायी है। साथ ही कर्नाटक चुनाव परिणाम के लिए कांग्रेस को बधाई देने के साथ-साथ भाजपा पर हमला बोला है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कुछ दिनों पहले कमर दर्द से राहत के लिए नामकुम के एक वैद्य से उन्होंने मदद ली थी। इलाज कराने के दौरान वैद्य ने प्रमोशन के लिए वीडियो बनाया था। पर, इसे भाजपा वालों ने इसे अभद्र तरीके से एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। उन्होंने इस मामले में जब लालपुर थाने में केस दर्ज कराया तो इसे डिलिट कर दिया गया। इस प्रकरण से भाजपा नेताओं के नफरत फैलाने को कैरेक्टर जाहिर होता है। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास व दीपक प्रकाश इस मामले पर जवाब दें। पुलिस जांच में इस पूरे मामले की सत्यता सामने आ ही जायेगी।

## पेज एक का शेष

### नफरत का बाजार बंद .. ..

संवाददाताओं से कर्नाटक विधानसभा चुनावों के नतीजों पर अपनी प्रारंभिक संक्षिप्त टिप्पणी में कहा, कर्नाटक में नफरत का बाजार बंद हुआ और मोहब्बत की दुकान खुली है। भाजपा की तरफ से बासवराज बोम्मई ने हार स्वीकार की और कहा कि वह अगले साल लोकसभा चुनाव के दौरान वापसी करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी और चुनाव परिणाम को जनता की जीत और कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकताओं के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है।

### जी 20 बैठक के पहले .. ..

किया है। एलओसी पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों के बारे में पूछे जाने पर और क्या उन्होंने शहरों में विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए भारत के करीब के इलाकों में संख्या कम की है, सूत्रों ने कहा, पाकिस्तानी सेना द्वारा सैनिकों की संख्या में कोई कमी नहीं की गई है क्योंकि वे एक बड़ी संख्या बनाए रखते हैं। नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियां धीमी हो गई हैं, लेकिन न तो वहां तैनात सैनिकों की संख्या में कमी आई है और न ही वृद्धि हुई है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने जी-20 की बैठक के लिए एक स्पष्ट धमकी जारी करते हुए कहा कि वक़्त आने पर ऐसा जवाब देंगे।

### हरियाणा के कॉरपोरेट . . ..

आउटलेट की पहचान करेगा। इन अवांट-गार्डे आउटलेट्स को वातानुकूलित होना चाहिए। इसमें ऐसा स्थान कैसा हो, उसका बारे में भी बारिकी जानकारी दी गयी है। नीति में कहा गया है, लाइसेंसधारी ब्रांड के हिसाब से दरें प्रदर्शित करेगा। लाइसेंसधारी मशीन जनित चालान (पीओएस) जारी करेगा। ग्राहकों को दुकानों में चलने और अलमारियों से अपनी पसंद के ब्रांड का चयन करने की सुविधा होगी। कार्यालय के अपने परिसर में अपने कर्मचारियों द्वारा अल्कोहल की कम मात्रा वाले पेय (यानी आरटीबी, बीयर, वाइन) रखना और उनका सेवन करना वैध होगा।

### करीब पांच लाख लोगों .. ..

करीब डेढ़ हजार अस्थायी शिविर स्थापित किये गये हैं, जहां शरणार्थी शिविर से हटाये गये लोगों को टिकाया गया है। कॉक्स बाजार के अधिकारियों ने कहा कि एक क्षेत्र से 1,000 लोगों को पहले ही निकाला जा चुका है, स्थिति बिगड़ने पर समुद्र तट के पास एक वार्ड से और 8,000 लोगों को स्थानांतरित करने की योजना है। कॉक्स बाजार के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर विभूषण कांति दास ने बताया कि हम किसी भी खतरे का सामना करने के लिए तैयार हैं, हम एक भी जान नहीं गंवाना चाहते। मौसम वैज्ञानिकों को आशंका है कि यह चक्रवात बारिश का जलप्रलय लाएगा, जो भूस्खलन को प्रारंभ कर सकता है - उन लोगों के लिए एक गंभीर खतरा जो पहाड़ी शिविरों में रहते हैं, जहां भूस्खलन एक नियमित घटना है।

### कंप्यूटर तकनीक की .. ..

शेधकर्त्ताओं ने ध्यान केंद्रीत किया। वह लचीला, पारदर्शी है, और शक्तिशाली इलेक्ट्रॉनिक और फोटोनिक गुणों को प्रदर्शित करता है जो इसे अर्धचालक ट्रांजिस्टर के लिए आदर्श बनाता है। यह सल्फाइड के दो परमाणुओं के बीच मोलिब्डेनम की एक-परमाणु परत से बना है। अच्छी एकरूपता वाली सतह पर मोलिब्डेनम डाइसल्फाइड की बढ़ती पतली फिल्मों को अक्सर धातु-कार्बनिक रासायनिक वाष्प जमाव के रूप में जानी जाने वाली प्रक्रिया के माध्यम से पूरा किया जाता है। मोलिब्डेनम हेक्साकार्बोनिल और डायथिलीन सल्फर, दो कार्बनिक रासायनिक यौगिक जिनमें मोलिब्डेनम और सल्फर परमाणु होते हैं, वाष्पीकृत होते हैं और प्रतिक्रिया कक्ष के अंदर गर्म होते हैं, जहां वे छोटे अणुओं में विघटित होते हैं। फिर वे एक सतह पर मोलिब्डेनम डाइसल्फाइड की श्रृंखला बनाने के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाओं से जुड़ते हैं। तापमान संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए धातु-कार्बनिक रासायनिक वाष्प जमाव प्रक्रिया के लिए एक पूरी तरह से नई भट्टी का डिजाइन और निर्माण किया। इसकी धमन भट्ठी में दो कक्ष होते हैं, सामने एक कम तापमान वाला क्षेत्र, जहां सिलिकॉन वेफर रखा जाता है, और पीछे एक उच्च तापमान वाला क्षेत्र होता है। इस प्रक्रिया के बारे में झू बताते हैं कि आप काली मिर्च बनाने जैसे अपघटन के बारे में सोच सकते हैं - आपके पास एक पूरी काली मिर्च है और आप इसे पाउडर के रूप में पीसते हैं। इसलिए, हम काली मिर्च को उच्च तापमान वाले क्षेत्र में तोड़ते और पीसते हैं, फिर पाउडर वापस निम्न में बह जाता है।

### म्यांमार में तीन दिनों में .. ..

में सरकारी बलों के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले तेज कर दिए हैं। पिछले तीन दिनों में हुए इन हमलों में सेना के कम से कम 30 सैनिक मारे गए हैं। ऐसी ही एक घटना में, सात प्रतिरोध सेनानियों के एक समूह ने सागैंग में एक सैन्य अड्डे पर छापा मारा। उस ऑपरेशन में कम से कम 20 सरकारी सैनिक मारे गए थे। इसके अलावा पीडीएफ ने इस सप्ताह कई अन्य महत्वपूर्ण ऑपरेशन किए हैं। लगभग दो साल पहले तख्तापलट में सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद से म्यांमार संघर्ष में है। जो अब पूर्ण रूप से गृहयुद्ध में बदल गया है। लोकतंत्र समर्थक नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट के प्रति निष्ठावान ताकतें मिन आंग हलिंग पीडीएफ के नेतृत्व वाली सेना के खिलाफ लड़ रही हैं।

इस बीच, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के नेताओं ने म्यांमार में जारी हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने देश को मानवीय सहायता प्रदान करने में शामिल गठबंधन के अधिकारियों के काफिले पर हमले की निंदा की। 2021 में, सैन्य शासकों ने तख्तापलट के जरिए म्यांमार में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंका। तब से देश में हिंसा हो रही है। आसियान इस संकट से उबरने और शांति बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी रखे हुए है। हालाँकि, इन गतिविधियों ने अभी तक सफलता का चेहरा नहीं देखा है। म्यांमार के हालात को लेकर बुधवार (10 मई) को इंडोनेशिया के लाबुआन बाजो में आसियान नेताओं की बैठक हुई। बैठक के बाद एक बयान में आसियान नेताओं ने कहा, म्यांमार में जारी हिंसा को लेकर हम बेहद चिंतित हैं।

# हनुमत भक्ति रस में सराबोर हुआ पटना सहित पुरा बिहार

## सियासी बवाल के बीच बागेश्वर धाम वाले बाबा का आगमन, चप्पे-चप्पे पर दिखी सुरक्षा व्यवस्था

- भाजपा सांसद, विधायकों की रही भीड़, खोखले साबित हुए बाबा को रोकने के दावे
- लाखों श्रद्धालुओं की जुटी भीड़, खूब लगे जयकारे
- कम पड़ गई 3 लाख वर्गफिट की पंडाल



राष्ट्रीय खबर

**नौबतपुर/पटना रा.टी. :** निर्धारित समयानुसार बागेश्वर धाम वाले बाबा पंडित धीरेंद्र शास्त्री नौबतपुर के तरेत पाली मठ पहुंचे। जहां, हनुमंत कथा स्थल पहुंचने से पहले उन्होंने राघवेंद्र सरकार मठ पहुंच कर राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना की तथा, महंत सुदर्शनाचार्य से आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात, बाबा हनुमंत कथा स्थल पर बने मंच पर पहुंचे तो जय बजरंगबली, जय श्रीराम के जयकारे लगे। बाबा के पहुंचते ही करीब 10 मिनट तक महिलाओं और पुरुषों ने जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारे लगाए। बाबा ने दोनों हाथ को जोड़कर समर्थकों को प्रणाम किया। उन्होंने हाथ उठाकर सभी का अभिनंदन किया।

हरि चरणों का ध्यान करो, तर जाने के लिए : कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भजन हरि चरणों का ध्यान करो, तर जाने के लिए से किया। बाबा ने बिहार के पागलों की जय कहने की भी बात कही। कथा में आने वालों की जय, कथा में नहीं आने वालों की जय, कथा का विरोध करने वालों की जय का नारा लगाने के लिए लोगों लोगों से कहा। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग धन्य हैं। बिहार की धरती पर मां जानकी ने जन्म लिया। यह मां जानकी की धरती है। इसी धरती से ही शून्य का आविष्कार हुआ था। उन्होंने कहा कि आर्यभट्ट ने ही शून्य का आविष्कार किया था। बता दें कि शाम 7:00 बजे तक बाबा का दिव्य दरबार चलेगा। यह दरबार 17 मई तक रोजाना शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे तक चलेगा।

कथा वाचन के दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि जब अच्छे काम करोगे तो कई सारे व्यवधान उत्पन्न होंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक गांव में जब एक हाथी पहुंचता है तो कई लोग उसे केला, पूरी कई तरह के पकवान खिलाते हैं। बच्चे लोग हाथी को गणेश जी बोल कर उन्हें प्रणाम करते हैं। वहीं कुछ कुत्ते भी हाथी के पीछे पड़कर भोंकना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हाथी कुत्तों के भौंकने से कुत्तों के पीछे पड़ेगा तो फिर लोग उसे पागल हाथी करार देंगे। इसलिए हाथी अपनी चाल में मस्त होकर आगे की तरफ बढ़ता जाता है। उन्होंने कहा कि जब हनुमान जी लंका में मां सीता से मिलने जा रहे थे, तो कई तरह के व्यवधान उनके रास्ते में आने लगी। सुरसा सहित कई व्यवधानों को पार कर वह लंका पहुंचते हैं। लोगों ने इस पर जमकर तालियां बजाई।

प्रवचन शुरू होने से पहले मंच पर आरती की गई। इसमें भाजपा के कई सांसद, विधायक शामिल हुए। सभी ने बाबा से आशीष लिया। इनमें केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, अश्विनी चौबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, भाजपा सांसद रामकृपाल यादव और मनोज तिवारी मंच पर आरती करते नजर आए। उनके साथ बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा समेत कई भाजपा नेता भी थे भाजपा नेताओं ने भी मंच पर से जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारे लगाए। मंच पर उपस्थित पंडित ने मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने मंच पर उपस्थित सभी मंत्री, विधायक, सांसदों को अंग वस्त्र एवं फूल देकर उन्हें सम्मानित किया।

इधर, शनिवार दोपहर करीब 4:00 बजे पटना के पास होटल से पंडित धीरेंद्र शास्त्री का काफिला नौबतपुर के लिए निकला बनारस होटल के बाहर भी उनके समर्थकों की भीड़ देखी गई यह वह भीड़ थी जो कि बाबा के दर्शन पाने के लिए सुबह सुबह से होटल के बाहर खड़े थे। कुछ भक्तों ने कहा कि बाबा का दर्शन पाकर मन शांत हो गया। लोगों और महिलाओं का हुजूम ऐसा की 3 लाख स्क्वायर फीट में बने पंडाल भी छोटे नजर आने लगे। श्रद्धालुओं ने कहा कि हमलोग सभी बाबा को भगवान हनुमान का रूप मानते हैं। लखनऊ के रामनगर से बाबा के दर्शन को पहुंची तीन बहनों में दिव्या पांडे ने बताया कि वह बराबर बागेश्वर धाम वाले बाबा वीरेंद्र शास्त्री को यूट्यूब और फेसबुक पर देखा करते थे। उनके दिल में यह तमन्ना थी कि वह एक बार बाबा का साक्षात दर्शन करें। जब उन्होंने सुना कि पटना के नौबतपुर में धीरेंद्र शास्त्री बाबा प्रवचन को पहुंच रहे हैं, उन्होंने बिना समय गवाएं ट्रेन पकड़कर पहुंच पटना पहुंच गए।

इधर, पुलिस मुख्यालय ने पटना पुलिस को बाबा की सुरक्षा को लेकर कई निर्देश दिए हैं। बाबा बागेश्वर की सुरक्षा की तैयारी में बिहार पुलिस की 3 कंपनी तैनात कर है। इसमें 15 मजिस्ट्रेट तैनात हैं। कार्यक्रम स्थल पर 10 जगह पर बैरिकैडिंग की गई है।

## तंदुरुस्त रहने के लिए पोषक तत्वों से युक्त आहार लेना जरूरी : रितु

- एएनएम स्कूल की छात्राओं ने लगाई पोषण प्रदर्शनी



राष्ट्रीय खबर

**गया :** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर स्थानीय प्रभावती अस्पताल स्थित एएनएम स्कूल की छात्राओं के द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रभावती अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ सत्येंद्र चौधरी ने पोषण प्रदर्शनी का निरीक्षण कर छात्राओं के अंदर छिपी हुई प्रतिभा की प्रशंसा की, जिसमें छात्राओं के द्वारा पोस्टर लगाकर पोषण प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं ने कुपोषण, आयरन, पोषण युक्त खाद्य पदार्थ, आयोडीन युक्त नमक, प्रोटीन के स्रोत आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। पोषण आहार ,फल, दाल एवं अन्य तरह के व्यंजन प्रदर्शनी में लगाए थे। मौके पर एएनएम स्कूल के प्राचार्या रितु कुमारी सिन्हा ने कहा कि शरीर के विकास और बीमारियों से बचने के लिए सभी तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। हर पोषक तत्व की अपनी अलग खासियत होती है। इसलिए तंदुरुस्त रहने के लिए अक्सर पोषक आहार लेने की आवश्यकता है। पोषण आहार में अहम हिस्सा प्रोटीन का है। पोस्टर प्रतियोगिता में एएनएम की फर्स्ट सेमेस्टर की छात्राओं की हिस्सेदारी रही। दो ग्रुप में विभक्त कर छात्राओं ने न्यूट्रिशनल वर्कशॉप में बेहतर प्रदर्शन किया। मौके पर एएनएम स्कूल के सुमन कुमारी, संगीता कुमारी, आराधना कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## नगर निगम क्षेत्र में सुव्यवस्थित प्राथमिकता के तौर पर जल निकासी व्यवस्था

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित नगर निगम में सुव्यवस्थित जल निकासी की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया इस बात को ध्यान में रख कर वर्ष 2023-24 के वार्षिक बजट में नगर निगम के सभी 46 वार्डों की जल निकासी व्यवस्था एवं अवागमन सुनिश्चित करने के लिए 80 करोड़ से भी अधिक राशि का प्रावधान कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इसके प्रथम चरण में नगर निगम की कुल 142 विकास योजनाओं की निविदा बीते दो दिनों में जारी कर दी गई है। जिसका प्रकाशन अखबारों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने कराया है। जिस पर 15 करोड़, 96 लाख 57,164 रुपए खर्च किए जाने की स्वीकृति है। इस निविदा से संबंधित कुल 142 विकास योजनाओं की निविदा में करीब 95 फीसदी योजनाएं नाला निर्माण की हैं। पहली बार नगर निगम में पहली बार शामिल क्षेत्र में बुनियादी और सुविधाओं का ढांचागत विकास हमारी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है।

## इनर व्हील क्लब ने डोनेट किया व्हील चेयर



**पटना :** इनर व्हील क्लब ऑफ पटना ने स्काडा भवन के समीप अपने पैरो से चलने में असहाय लोगो को व्हील चेयर डोनेट किया। क्लब का उद्देश्य उनके जीवन में कुछ खुशियां लाना है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा श्वेता झा के साथ पीपी विभा चरणपहारी, पीपी उषा सिन्हा, सचिव संध्या सिन्हा, वीना मित्तल, उर्मिला अग्रवाल, निकिता, कंचन, निवा प्रसाद, कुमकुम वैश्यकार तथा कई अन्य सदस्याओं ने अपना योगदान दिया। इनर व्हील संस्था विश्व की दूसरी सबसे बड़ी महिलाओं की संस्था है जो समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर अपने सराहनीय कार्यो को पूरा करतीं रही है और एक पहचान बनाई है। उक्त जानकारी क्लब की एडिटर संजुला वर्मा के द्वारा दी गई।

## सुविधा : अब आरटीपीएस काउंटर पर ही बनेंगे प्रमाण पत्र

**सुगौली, पू. च :** नगर पंचायत कार्यालय में आरटीपीएस सेवा केंद्र खुल गया। जिससे लोगो को क्रिमिलेयर, आवासीय, जाति प्रमाण पत्र बनवाने में सुविधा होगी। नगर पंचायत के लोगो को अब भाग दौड़ का अब सामना नही करना पड़ेगा। नगरवासियों को नप कार्यालय में आकर अपना प्रमाण पत्र आसानी से बनवा सकेंगे। नप प्रशासन के द्वारा सेवा केंद्र की शुभारंभ कर दी गई है। केंद्र खुलते ही कई लोग शनिवार को सेवा केंद्र में अपनी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहुंचे। उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा ने बताया कि नगर के सभी लोगो को अलग अलग कार्यो के लिए प्रमाण पत्र बनवाना पड़ता है। इसको लेकर नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा इसकी शुरूआत कर दी गई है। अब लोगो को किसी तरह की परेशानी नही होगी। नगर पंचायत के चौमुखी विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

## बाल किलकारी पत्रिका टीम को मिला सम्मान, मिल रही बधाइयां

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** किलकारी बिहार बाल भवन में बाल किलकारी पत्रिका को ज्ञान सिंह आर्य, श्रेष्ठ बाल पत्रिका सम्मान मिलने के उपलक्ष्य में बाल किलकारी पत्रिका टीम का सम्मान और पत्रिका प्रकाशन पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। बाल किलकारी मासिक पत्रिका के नियमित प्रकाशन, बच्चों को साहित्य के प्रति रूझान बढ़ाने में मदद करने और इस बाल पत्रिका को बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र, भोपाल द्वारा सम्मान प्राप्त हुआ। किलकारी की निदेशक ज्योति परिहार ने सभी का सम्मान किया। कार्यक्रम में बच्चों ने पत्रिका पर अपनी प्रतिक्रियाएं दी और पत्रिका में क्या बदलाव चाहते हैं, इस पर सभी ने अपना मत दिया। किलकारी प्रकाशन टीम ने अन्य प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं, पत्रों के संदर्भ में आपसी परिचर्चा भी की, जिसमें पत्रिका के नियमित प्रकाशन पर भी चर्चा हुई।

पत्रिका के संपादक शिवदयाल ने कहा कि यह सम्मान बाल किलकारी पत्रिका का ही नहीं, बल्कि उन सभी का सम्मान है, जिन्होंने पत्रिका को इस स्तर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं पद्मश्री डॉ उषाकिरण खान ने कहा कि यह बाल पत्रिका बच्चों पर केंद्रित और समर्पित है। पत्रिका का उद्देश्य बच्चों में सृजनात्मक विकास के साथ उन्हें किताबों से जोड़ना भी है।

कार्यक्रम में बाल साहित्यकार डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी किलकारी से प्रतिनिधि के रूप में जितेन्द्र कुमार, रिसोर्स पर्सन एवं बाल लेखक सम्राट समीर ने अपने अनुभव को साझा किया। वहीं सम्मान पाने वालों में उमेश शर्मा, सीताराम शरण एवं राजीव रंजन श्रीवास्तव के साथ रवि भूषण गुप्ता, संगीता दत्ता एवं जितेंद्र कुमार शामिल थे।

## कैंप लगाकर लोगों के बीच दवाई का हुआ वितरण

राष्ट्रीय खबर



**टेटिया बंबर :** भूना पंचायत के कन्या प्राथमिक विद्यालय कल ई गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में महादलित टोला कैंप लगाया गया।आशा कार्यकर्ता चदना पाठक के नेतृत्व में महादलित टोला कैंप में सभी महा दलितों को एवं अन्य सभी ग्रामीणों को बुलाकर उन्हें गर्मी में होने वाली बीमारी एवं उससे बचाव के लिए दवाई का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अपूर्व ने बताया कि इस समय गर्मी मेलु के चपेट में आने से बहुत तरह की बीमारियां हो रही है। इसलिए हमारे स्वास्थ्य कर्मी हर एक केंद्र पर जाकर दवाई का वितरण कर रहे हैं और लोगों को बीमारी से बचाव के तौर-तरीके भी बता रहे हैं। इस कैंप में सी एच ओ अंगराज एवं एएनएम प्रियम प्रभा के द्वारा सभी लोगों को दवाई दी जा रही है। इस क्रम में आशा कार्यकर्ता श्रीमती चंदना पाठक ने बताया की मैं खुद सभी लोगों को उनके घरों पर जाकर इस कैंप की जानकारी दी। उन्हें दवाई के लिए आंगनवाड़ी केंद्र में भी बुलाया।

## निर्गत राशन कार्ड के विरुद्ध शत प्रतिशत आधार सीडिंग एवं सत्यापन की अंतिम तिथि 30 जून



**मुंगेर :** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में आपूर्ति विषयक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक सदर अनुमंडल क्षेत्र उपस्थित थे। बैठक में निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निर्गत राशन कार्ड के विरुद्ध शत प्रतिशत आधार सीडिंग किया जाना है, शत प्रतिशत आधार सत्यापन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित हैं। राशन कार्ड में वैसे लाभुक जिनका आधार सीडिंग नहीं हुआ है ,उनका आधार सीडिंग कराने हेतु विशेष जन जागरूकता अभियान चलाकर एवं ई पॉस मशीन को आधार से छूटे हुए लोगों के घर घर जाकर आधार सीडिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करने का निर्देश प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया । सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता को लाभुकों को मोटे अनाज की उपलब्धता के बारे में व्यापक सर्वे करने का निर्देश दिया गया। जन वितरण प्रणाली विक्रेता का मार्जिन मनी के शत प्रतिशत भुगतान भुगतान हेतु राज्य खाद निगम मे मुंगेर से संपर्क करने हेतु सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**चकिया, पू चं :** थाना क्षेत्र के गवंद्रा गांव स्थित सड़क पर बीते शाम सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। पीएसआई प्रीति कुमारी के नेतृत्व में सशस्त्र बल के जवानों ने सड़क से गुजरने वाली बाइक को रोक बाईक से संबंधित कागजात कि जांच की। इस क्रम में कागजात प्रयाप्त नहीं रहने व ट्रैफिक नियमों के उलंघन पर उस बाईक को जब्त कर थाना ले आई। जब्त बाइक की पेपर का सुक्षमता से जांच कर त्रुटि पाये जाने पर फाइन काटा। इस बाबत थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने बताया कि अभी तक फाईन के रूप में तीन हजार रुपया का चालान काटा गया है।

## खेती-वाड़ी के साथ किसान दुग्ध उत्पादन करें : सहकारिता मंत्री

### दुग्ध उत्पादको के बीच 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि वितरित

राष्ट्रीय खबर



**गया :** कटारी हिल रोड स्थित सुधा डेयरी प्रांगण में मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की ओर से सामाजिक सुरक्षा दिवस सह सचिव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि गुरुआ विधायक विनय कुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। संघ द्वारा दुग्ध उत्पादकों के हित में दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार, पशुआहार, चाराबीज एवं पशु स्वास्थ्य रक्षा के लिए आरंभ से ही कार्य किया जा रहा है।दुग्ध उत्पादकों एवं सचिवों को लक्ष्य के अनुसार दूध आपूर्ति करने पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया।सहकारिता मंत्री डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने गया जिला जंगली बिगहा समिति (मुढेश) के सदस्या पम्मी कुमारी को दुर्घटना बीमा की राशि 1,50,000 रुपए प्रदान किया। साथ ही सामाजिक सुरक्षा हित निधि से प्रत्येक दूध उत्पादकों को 25-25 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान किया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक क्षत्रपाल सिंह यादव ने मगध प्रमंडल के दुग्ध उत्पादों के हित में किए जा रहे विभिन्न कार्यकलापों बारे में विस्तार से बताया।उन्होनें दुग्ध उत्पादकों को 1,00,000 ली दूध आपूर्ति करने का आवाह्न किया। ताकि वजीरगंज के भिंडस के पास बन रहे नये डेयरी प्लांट की समुचित उपयोगिता हो सके। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने गया डेयरी द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए यह पहल सहकारिता आन्दोलन को सशक्त करेगा। साथ ही दूध उत्पादकों की आस्था सहकारी संस्था के प्रति बढ़ेगा। जिसके फलस्वरूप भूमिहीन, सीमांत एवं लघु कृषकों की रोजी-रोटी की समस्या का हल होने के साथ-साथ वे आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। इससे रोजगार के अवसर पैदा होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेती-बाड़ी के साथ किसानों के आय को बढ़ाने के लिए दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दुग्ध उत्पादन में पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से हरसंभव सहायता मिल रही है। उन्होंने अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादन करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि विनय कुमार यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि सहकारी दुग्ध समिति किसानों के लिए, किसानों के द्वारा तथा किसानों की सहकारी संस्था है जिसके तहत उनके द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में दुग्ध समिति का संचालन सचिव करते हैं सचिवों का यह कर्तव्य है कि ग्रामीण दुग्ध उत्पदकों के हितों को ध्यान में रखते हुए निस्वार्थ भाव से ग्रामीण समाज की सेवा करें तथा अधिक से अधिक दूध अपने दूध संघ में आपूर्ति करें ताकि मगध प्रक्षेत्र दुग्ध सहकारिता आंदोलन का मिसाल बन सके। समारोह में गया, जहानाबाद, औरंगाबाद नवादा एवं अरवल के दुग्ध उत्पादक समितियां और संघ के सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## गवाह को गवाही बदलने और समझौता करने को जान मारने की धमकी

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत बैरिया थाना क्षेत्र के भटवालिया निवासी व कांड संख्या 02/2023 के गवाह फरमान गद्दी को कतिपय तत्वों ने जान से मारने की धमकी दी है। सूत्रों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि शनिवार को फरमान ने एसडीपीओ सदर महताब आलम से मिलकर व्यथा से अवगत कराया और कहा कि आरोपी शमशाद आलम जेल से छूट कर आया है। उसके बाद वह लगातार दबाव बना रहा है कि बैरिया थाना कांड संख्या02/ 2023 के केस में तुम अपनी गवाही बदल दो और समझौता कर लो। अन्यथा तुम्हें जान से मार दिया जाएगा। फरमान ने अपने आवेदन के माध्यम से एसडीपीओ को बताया है कि समय रहते यदि गवाही नहीं बदलता है तो तुम्हें गोली मार दी जाएगी। मामले की गंभीरता देख एसडीपीओ ने सम्बंधित थानाध्यक्ष बैरिया प्रणय कुमार को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। पूछे जाने पर बैरिया थानाध्यक्ष प्रणय कुमार ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इसकी जानकारी उन्हें दी गई है। मामले की जांच की जा रही है किसी हाल में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## शहर >> अपडेट

### 13 लीटर शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**बगहा :** पटखौली ओपी पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पटखौली मोहल्ला से 13 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पटखौली ओपी प्रभारी नितेश कुमार ने बताया कि पुलिस गश्ती में निकली हुई थी की गुप्त सूचना मिली की पटखौली मोहल्ला में शराब तस्करी का कारोबार किया जा रहा है। पुलिस ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की टीम गठित कर उक्त मोहल्ला में छापेमारी की गई। जिस दौरान 13 लीटर देसी शराब के साथ शराब तस्कर व पटखौली मोहल्ला निवासी प्रेम नारायण चौधरी को पुलिस ने धर दबोचा और थाना लाया। इस मामले में पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत थाना में कांड अंकित कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार तस्कर को शनिवार को न्यायिक हिरासत बगहा भेज दिया गया।

# बच्चों के बीच धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

## शिक्षकों ने बच्चों को बताया जीवन में मां का महत्व

राष्ट्रीय खबर

**गया :** सर्वे ऑफिस के निकट आरंभिक प्ले हाउस में धूमधाम से मदर्स डे मनाया गया। इस बार के मदर्स डे का थीम पिंक रखा गया था, जिसमें सभी अभिभावक और शिक्षक एक जैसे परिधानो में बहुत अच्छे लग रहे थे, जिसके द्वारा सभी को एक मैसेज भी किया गया की मां बच्चों की बेस्ट टीचर और छोटे बच्चों की टीचर बच्चों की मां जैसी होती है। वह उसी तरह से उनका ख्याल रखती हैं।

इस मौके पर बच्चों ने लाडो मेरी मां के बराबर लुकाछिपी जैसे-गानों पर नृत्य कर अपनी माताओं को भाव विभोर कर दिया। बच्चों के दिल में मां के लिए सबसे खास जगह होती है। क्योंकि मां है तो



कोई गम नहीं हर मुश्किल आसान हो जाती है। मां से अच्छी कोई दोस्त नहीं, कोई टीचर नहीं, कोई मार्गदर्शक नहीं, कोई कुक नहीं। वह हर एक चीज का ध्यान रखती है। जिसकी हमें जरूरत होती है। स्कूल के निर्देशक विनीत कुमार एवं सचिव रजनीश कुमार ने मदर्स डे के बारे में बताया इस दिन दुनिया भर के लोग अपनी माताओं का सम्मान करते हैं। उनके प्रति अपना प्यार प्रकट करते हैं। उन्हें तोहफे देते हैं और उनके लिए इस दिन को खास बनाने की हर कोशिश करते हैं। ताकि साल में एक दिन ही सही लेकिन महिलाएं खुद पर गर्व महसूस कर सकें। प्राचार्य अलका सिंह एवं व्यवस्थापक मृगांक नारायण सिंह ने बच्चों को बताया कि मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई नहीं है। जिसमें म्यूजिकल चेयर बैलून गेम, ग्लास गेम,बिस्किट गेम जिसमें सब ने खूब मस्ती की। डांस टीचर गौतम ने सभी बच्चों को डांस करवाया,जिसे देखकर सभी लोग बहुत ही भावुक हो गई। सभी शिक्षिकाओं अनुपम सिन्हा, ज्योति,जेबा, स्नेहलता ,मीतू, आरती ,वैष्णवी ने मम्मी को क्राउन, कार्ड और बैच देकर सम्मानित किया। प्राचार्य अलका सिंह ने गेम की विजेताओं को उपहार देकर पुरस्कृत किया।

### पंचायतो में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का हुआ शुभारंभ



**पिपरासी/मधुबनी :** पिपरासी प्रखंड के डुमरी भगड़वा पंचायत व मधुबनी प्रखंड के मधुबनी पंचायत में शनिवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत विधायक व बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर ई रिक्सा और पैडल रिक्सा को रवाना किया। डुमरी भगड़वा पंचायत के मुखिया गुलाब चौहान ने बताया कि सभी वार्डों में कर्मियों की नियुक्ति हो गई है। उधर मधुबनी पंचायत के मुखिया राकेश चौधरी ने बताया कि 12 वार्डो के लिए 17 कर्मियों की नियुक्ति किया गया है। दो डस्टबिन का वितरण प्रति परिवार में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि सह वाल्मीकिनगर विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह और बीडीओ कुमुद कुमार ने संयुक्त रुप से उपस्थित लोगों को बताया कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है। गांव भी शहर की तरह साफ दिखाई देगा । इस लिए बिहार सरकार यह योजना पंचायतों में संचालित कर रही है। बेरोजगारी भी दूर होगी। कचरा से खाद बनाने की भी योजना है। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नल-जल ठप्प, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**भितहा :** प्रखंड के हथुअहवा पंचायत के वार्ड नंबर 14 जमुनिया में लगातार तीन महीना से नल जल का पानी नहीं मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यहां तीन महीना से हम लोगों को शुद्ध पानी नसीब नहीं हुआ है। वही धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण मुन्ना मूसहर, पारस मुसहर, चंद्रिका मुसहर मोतीलाल मुसहर, रमेश मुसहर, रामानंद मुसहर, प्रभु मुसहरर ,गुड्डू मुसहर ,परमा मुशहर आदि लोगों ने यह आरोप लगाया कि उक्त नल जल को चालू कराने के लिए स्थानीय वार्ड सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से लगातार कई दिनों से गुहार लगाई जा रही है कि इस तपती हुई गर्मी में नल जल को चालू करा दिया जाए जिससे हम लोगों को इस गर्मी के महीने में शुद्ध जल नसीब हो लेकिन हम लोगों का सुनने वाला कोई नहीं है। जिसको लेकर हम लोग आज धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर इसके बावजूद भी सुधार नहीं हुआ तो हम लोग इसकी शिकायत जिलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी से भी करेंगे। वही संबंध में पूछे जाने पर पंचायत तकनीकी सहायक प्रतिभा त्रिपाठी ने बताया कि उक्त नलजल मे बिजली का लो बोल्टेज होने के कारण सप्लाई नही हो पा रही है जिसे बिजली विभाग से सम्पर्क करके अबिलम्ब दुरूस्त कराया जायेगा।

# मुख्य पार्षद पद पर संजय कुमार का नामांकन



राष्ट्रीय खबर

**नरकटियागंज :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज नगर परिषद के सभापति (मुख्य पार्षद) पद का चुनाव प्रत्याशी की हत्या के बाद स्थगित कर दिया गया। जिसकी चुनावी प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ हो गई है। उसी क्रम में नगर परिषद क्षेत्र के बहुचर्चित हार्डवेयर व्यवसाई संजय कुमार ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। इस बाबत निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को एक मात्र प्रत्याशी ने मुख्य पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया, 18 मई 2023 को स्क्रूटनी की जाएगी।

# प्रमंडल के आयुक्त ने अनुमंडल कार्यालय का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**पकड़ीदयाल पू चं :** तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा ने अनुमंडल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में श्री मीणा ने निष्पादित किए गए सारे कार्यों को गहराई से निरीक्षण किया। सभी संचिकाओ जैसे न्यालय, आपूर्ति, नीलाम पत्र वाद, समपरिवर्तन इत्यादि को अनुमंडलाधिकारी द्वारा पारित आदेशों का अवलोकन किया साथ ही कतिपय आदेशों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।रोकड सही का निरीक्षण करते हुए कहा कि अव्यवहृत राशि को चालान के माध्यम से शीर्ष में जमा करने का निर्देश



दिया। मुख्यमंत्री जनता दरबार, जिलाधिकारी से आए परिवाद पत्रो को अच्छे से निष्पादित करने पर संतोष किया। साथ ही अनुमंडलाधिकारी कुमार रविन्द्र को प्रखंड कार्यालय,अंचल कार्यालय, सहित सभी विभागों को नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया तथा उपस्थित कर्मचारियों से भविष्य में पूरी ईमानदारी एवं तन्मयता से कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, अनुमंडलाधिकारी कुमार रविन्द्र, पीजी आर ओ विन्दा प्रसाद, कार्यपालक दंडाधिकारी नीरा वर्मा, अपर अनुमंडलाधिकारी रविरंजन कुमार, अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी आदित्य राज, निबंधन पदाधिकारी कुमार दीनबंधु, कार्यालय कर्मी आशुतोष कुमार, आशीष आनंद, कृष्णा राम, मणीभूषण, नन्हे कुमार वर्मा सहित सभी अनुमंडल के सभी आपूर्ति पदाधिकारी मौजूद थे। इसके पूर्व आयुक्त श्री मीणा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पदाधिकारियों के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### गंडक नदी के किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

**बगहा :** पुलिस जिला के ठकराहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक अज्ञात शव को बरामद किया है। शुक्रवार की देर शाम एक व्यक्ति के शव को स्थानीय लोगों ने गंडक नदी के किनारे देखा जिसके शरीर पर बनियान के सिवाय कुछ भी नहीं था। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। स्थानीय लोगों ने अनुमान लगाया कि शव कही अन्यत्र से गंडक नदी द्वारा बहते हुए यहां पहुंचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा। ठकराहा थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि शव को जगीराहा तटबंध के पास से गंडक नदी के किनारे से बरामद किया गया है। शव की पहचान के लिए आसपास के थाना को सूचित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक शव में की पहचान के लिए रखा जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक को देखने से तकरीबन 58 वर्ष की उम्र प्रतीत होती। फिलहाल उसकी मौत कैसे हुई है यह आकलन नहीं किया जा सकता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ महज 2 माह में ही टूटा नाले का स्लैब, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

**मधुबनी :** प्रखंड के कठार पंचायत के खलवा पट्टी वार्ड नंबर 12 में पंचायत निधि द्वारा महज 2 माह पहले बनाए गए नाले के ऊपर का स्लैब जगह-जगह से टूट चुका है। जबकि इस नाला निर्माण का कार्य 2 माह पहले 10,90,300 की लागत से मुखिया निधि से कराया गया है। लेकिन नाला निर्माण एवं स्लैब निर्माण के समय विभाग के जेई व मुखिया प्रतिनिधि के मौजूदगी में घटिया किस्म के सामग्री का प्रयोग किया गया। जिसके कारण 2 महीना के अंदर ही जगह-जगह से स्लैब टूट गया है। जिससे नाराज खलवा पट्टी गांव के 12 नंबर वार्ड के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण वीरेंद्र मद्धेशिया, पूर्व वार्ड सदस्य गोरख शर्मा, राम बड़ा यादव, हीरा कुशवाहा, विपिन गद्दी, छोटक गद्दी, किशुन गोड,



रामू गोड, मोहन खटीक, जवाहर बैठा सहित अन्य ने बताया कि लगभग 500 मीटर की दूरी में नाला का निर्माण हुआ है। लेकिन नाला निर्माण एवं उसके ऊपर रखे जाने वाले स्लैब निर्माण में लोकल बालू सहित घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। जिसके कारण 2 महीना में ही दर्जनों जगह स्लैब टूट गया है। ग्रामीणों ने घटिया स्लैब को हटाते हुए अच्छे किस्म के सामग्री से स्लैब का निर्माण कराकर नाला के ऊपर रखने की मांग की है। वही संबंध में पूछने पर मुखिया प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने बताया कि ट्रैक्टर की आवाजाही के कारण एक दो जगह थोड़ा बहुत स्लैब क्षतिग्रस्त हुआ है। उसे जल्द ही मरम्मत करा दिया जाएगा। वही बीडीओ राजेश भूषण ने बताया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं मिली है। लेकिन नाला निर्माण व गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी।

# वैदिक मंत्रोचार के साथ अखंड अष्टयाम का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** प्रखंड बगहा दो के नयागांव रामपुर पंचायत के रामपुर पोखरा टोला गांव स्थित दुर्गा देवी में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम वैदिक मंत्र तथा श्रीराम-कृष्ण की जयघोष के साथ शुरू हुआ। शनिवार के दिन 151 कुंवारी कन्याओ ने अखंड अष्टयाम को लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकालते हुए नदी पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारो के साथ जल भरी गई और सभी वापस अष्टयाम स्थल पहुंचे । जहां पंडित विद्याभूषण दिक्षित के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना हुई। पूजा यज्ञ स्थल पर जजमान जितेंद्र चौहान, देवी शकुन्तला देवी विराजमान होकर पूजा अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरा ब्रह्मांड गूंज रहा था। पूरा



माहौल भक्तिमय बना हुआ है। यज्ञ स्थल पर उपस्थित सभी राम भक्त भगवान के भक्ति में लीन दिखाई दिए। सुप्रसिद्ध श्री राम भक्त कलाकारों द्वारा हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे भक्तिमय राग से चारों तरफ भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। जगकर्ता अंखड अष्टयाम पूजा समिति रामपुर के द्वारा पंचायत द्वारा गांव महल्ला पुजा का अनुष्ठान किया गया। जिसमे अध्यक्ष जितेंद्र चौहान, उपाध्यक्ष सौरभ पांडेय, सचिव अरूण कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा, मुन्नी लाल, सत्यनारायण साह, सुनिल साह, रोहित चौहान, तुफानी चौधरी, विनोद राम रघुनंदन राय, लालबाबु राय, निप्पु पांडेय, हिरालाल चौधरी, अजय कुशवाहा, गुड्डू चौधरी, अशोक चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### जनता दरबार में दो मामलो का हुआ निष्पादन



**सुगौली, पू.च :** नियमित कार्यक्रम के तहत स्थानीय थाना में लगे जनता दरबार में आधा दर्जन मामलो की सुनवाई की गई।थाना में विभिन्न क्षेत्रो से आएं लोगो ने अपने जमीन से जुड़ीं मामलो को लेकर आए थे।जिसकी सुनवाई अंचलाधिकारी धमेंद्र प्रसाद गुप्ता व एसआई दिलीप कुमार सिंह ने की। सुनवाई के बाद अंचलाधिकारी धमेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि पचभिड़वा के चंदेश्वर पासवान और अमरिंदर सिंह के बीच के जमीनी विवाद की सुनवाई की गई।सुगौली गांव के सबीरा खातुन और से सैनुल्लाह के बीच भूमि विवाद की सुनवाई की गई। वही बंगरा सुगौली के जमालुद्दीन अंसारी और बहाव अंसारी के बीच के जमीनी विवाद सहित आधा दर्जन से अधिक मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि सुनवाई के दौरान दो मामलो का निष्पादन सुनवाई के दौरान कर दिया गया। साथ ही छगराहां के राजेश्वर यादव और राजेन्द्र यादव के बीच चल रहे जमीनी मामले की सुनवाई के दौरान दुसरे पक्ष के लोगो के हाजिर नही होने के कारण उनलोगो को अगली तारीख पर उपस्थित होने के लिए नोटिस भेजा गया। साथ ही धर्मपुर के जमीनी विवाद में दुसरे पक्ष के हाजिर नही होने पर अगले तारीख पर हाजिर होने के लिए नोटिस भेजा गया।

# भागलपुर को हराकर ड्रीम 11 कहलगांव बना विजेता

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** प्रखंड क्षेत्र के मौजमपुर में स्थित संजीव सिंह क्रीड़ा मैदान पर आयोजित प्रेसिडेंट कलाम मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में ड्रीम 11 कहलगांव की टीम ने सानू 11 भागलपुर की टीम को एकतरफा मुकाबले में 6 विकेट से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा कर लिया। निर्धारित 15 ओवर के मैच में सानू एकादश भागलपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कहलगांव की टीम के गेंदबाजों ने शुरूआत से ही भागलपुर के बल्लेबाजों पर अपना सिकंजा कसना शुरू कर दिया। नियमित अंतराल पर भागलपुर टीम विकेट के गिरने का सिलसिला जारी रहा और टीम के बल्लेबाज कभी खुल कर बल्लेबाजी नहीं कर पाया।



टीम की तरफ से कृष्णा ने सबसे अधिक 30 रन बनाये।कहलगांव ने रविश राणा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अपने 3 ओवर के स्पेल में मात्र 6 रन देकर 3 बल्लेबाजों को पवेलियन वापस भेजा। भागलपुर टीम 14.2 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 125 रन ही बना पायी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कहलगांव ने ताबड़ तोड़ शुरूआत की। खासकर सलामी बल्लेबाज रविश राणा ने ताबड़तोड़ 9 गेंद पर 33 रन तथा सचिन के 21 बॉल पर 53 रन की पारी के बदौलत 9.2 ओवर में 4 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार सानू मिर्जा को, टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार छोटू को तथा टूनामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार कहलगांव टीम के हरफनमौला खिलाड़ी रविश राणा को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा दोनों टीमों को विजेता एवं उप विजेता की ट्रॉफी प्रदान की गई।

### समाजिक सहयोग से 6 जोड़ें वर वधू का सामूहिक विवाह सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के नौतन प्रखंड स्थित हरदिया गांव में शुक्रवार की रात 6 जोड़े वर वधू का विवाह समाज तथा सामाजिक चिंतन करने वाले लोगों के सामूहिक प्रयास से सम्पन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह को देखने के लिए दूर-दूर के गांव से महिलाओं की भीड़ उमड़ी। इस सामूहिक विवाह को देखने एवं वर वधू को आशीर्वाद देने के लिए बेतिया नगर से भी गणमान्य लोगों का आना जाना लगा रहा। उपमहापौर गायत्री देवी, समाजिक कार्यकर्ता शंभू गुप्ता भी वहां पहुंच कर वर वधू को आशीर्वाद दिया तथा इस पुनीत कार्य के आयोजन में महीनों से लगकर इस सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए प्रशंसा भी किया। अगल-बगल के क्षेत्रों में मेला जैसा नजारा देखने को मिला। जिसका भरपुर आनंद लोगों ने खूब उठाया। समाज के सहयोग से संचालित सामूहिक विवाह का आयोजन प्रत्येक जगह देखने को मिल रहा है। जिसमें जरूरतमंदों की शादी होती है और गवाह पूरे जिला नगर और गांव के लोग बनते हैं। समाज द्वारा संचालित एक साहसिक और सराहनीय पहल है।

### अपहरण आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**सुगौली, पू.च :** स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड 18 के नाबालिक लड़की के भगाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।इसको लेकर प्रभारी थानाध्यक्ष मोहम्मद अनस ने बताया कि मामले को लेकर वार्ड नंबर 18 के निवासी एक व्यक्ति ने अपने नाबालिक पुत्री के अपहरण का मामला दर्ज कराया था।जिसमें धोबिया टोला केथवलिया के लालुमियां के पुत्र अफरोज मियां को आरोपित करते हुए अपनी नाबालिक पुत्री को शादी की नियत से भगाने का आरोप लगाया है। उक्त व्यक्ति के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए अफरोज को गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत प्रभारी थानाध्यक्ष मोहम्मद अनस ने बताया कि गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



रजत कुमार गुप्ता

फिर भी कउनो कनफ्यूजन में मत रहिए। आज भी देश के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी ही हैं। जो लोग कर्नाटक के बाद दिल्ली की गद्दी पर कब्जा जमाने की बात कर रहे हैं, वे खुद कमजोर जमीन पर खड़े हैं और व्यक्तिगत तौर पर नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ दूसरे नेताओं के बहुत ऊपर है। अब दिल की बात में अपने नीतीश भइया को भी देख लीजिए। दरवाजे दरवाजे घूम कर भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिशों में जुटे हैं। कितनी सफलता मिलेगी, यह तय नहीं है।

# दिल की बातें दिल ही जानें.. .. ..

दिल में बहुत सारे लोग जानते थे कि क्या होने वाला है। इसके बाद भी मन की बात को काटने की हिम्मत किसे थी। बेचारे छात्रों ने बात नहीं सुनी तो शो कॉज हो गया। अब मन की बात पर लोगों के यानी देश के मैंगो मैन के दिल की बात भारी पड़ने लगी है क्या, यह लाख नहीं करोड़ टके का सवाल है। इस बार गाड़ी कुछ ऐसी पटरी से उतरी कि मोदी जी का बजरंग बली का नारा भी माहौल बदल नहीं पाया। जी हां मैं कर्नाटक के विधानसभा चुनाव की बात कर रहा हूं। माहौल बनाने की पूरी कोशिश के बाद भी जनता ने अपने दिल की बात सुनी यानी जिन मुद्दों पर अपने मोदी जी बात करने से अब कतराते हैं, वही सारे मुद्दे भाजपा के खिलाफ चले गये। मानना पड़ेगा राहुल गांधी को जिसने एक सवाल संसद के अंदर उठाने के बाद पूरा माहौल ही गर्दा गर्दा कर दिया है। लाख कोशिशों के बाद भी इन मुद्दों पर से जनता का ध्यान वे बंटा नहीं पा रहे हैं, जो अच्छे दिनों का वादा करके दिल्ली की गद्दी पर आये थे।

लोग अगर भूल गये हों तो याद दिला देता हूं कि श्री मोदी के जबर्दस्त चुनाव प्रचार की शुरूआत में भाजपा की तरफ से एक गीत बजाया गया था। गीत था अच्छे दिन आने वाले हैं। इसके जरिए उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति में सुधार करके और विकास के माध्यम से देश के लोगों को बेहतर दिनों की उम्मीद दी थी। इसके अलावा सबका साथ, सबका विकास मंत्र को अपने नेतृत्व में सरकार चलाने का मूल मंत्र बनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे सभी वर्गों, समुदायों और धर्मों के लोगों के साथ मिलकर देश के विकास में लगेंगे। वैसे मोदी जी ने यह भी कहा था कि दिल्ली को झाड़ू लगाने वाला चाहिए। यह अलग बात है कि अब दिल्ली में दूसरी पार्टी झाड़ू लेकर हाजिर हो चुकी है।



इसी बात पर एक पुरानी फिल्म की गीत याद आने लगा है। वर्ष 1972 में बनी थी फिल्म, नाम था रुप तेरा मस्ताना। इस फिल्म में जीतेंद्र और मुमताज मुख्य भूमिका में थे। जिस गीत की याद आ रही है, उसे लिखा था असद भोपाली ने और संगीत में ढाला था लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी ने। इसे लता मंगेशकर और किशोर कुमार ने अपना स्वर दिया था। गीत के बोल कुछ इस तरह हैं।

*दिल की बातें दिल ही जाने*
*नाजुक नाजुक प्यारे प्यारे वाडे हैं इरादे हैं*
*आ आ मिलके दामन दामन से बाँध ले*
*आ आमिलके दामन दामन से बाँध ले*
*दिल की बातें दिल ही जाने*
*दिल की बातें दिल ही जाने*
*नाजुक नाजुक प्यारे प्यारे वाडे हैं इरादे हैं*
*आ आमिलके दामन दामन से बाँध ले*
*आ आमिलके दामन दामन से बाँध ले*
*दिल की बातें दिल ही जाने*
*तू हंस पडी या फुलझडी छुटी कहीं*
*धड़कन बढ़ी इक शोला सा लहरा गया*
*हा हा यह नूर होगा तेरी आँखों में प्यार का*
*या नगमा गूंजा होगा बहार का*
*दिल की बातें दिल ही जाने*
*नाजुक नाजुक प्यारे प्यारे वाडे हैं इरादे हैं*
*आ आमिलके दामन दामन से बाँध ले*
*आ आमिलके दामन दामन से बाँध ले*
*दिल की बातें दिल ही जाने*
*तू जो कहे मै वह कहु साया बनु संग संग राहु*
*तू और मै अब्ब एक हैं*
*आ आ मै गीत बन तेरे होंठ चूम लू*
*आ सपना बनके इन आँखों में झूम लूँ*
*दिल की बातें दिल ही जाने*
*नाजुक नाजुक प्यारे प्यारे वाडे हैं इरादे हैं*
*आ आ मिलके दामन दामन से बाँध ले*
*आ आ मिलके दामन दामन से बाँध ले*
*दिल की बातें दिल ही जाने*
*दिल की बातें दिल ही जाने*
*दिल की बातें दिल ही जाने*

फिर भी कउनो कनफ्यूजन में मत रहिए। आज भी देश के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी ही हैं। जो लोग कर्नाटक के बाद दिल्ली की गद्दी पर कब्जा जमाने की बात कर रहे हैं, वे खुद कमजोर जमीन पर खड़े हैं और व्यक्तिगत तौर पर नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ दूसरे नेताओं के बहुत ऊपर है। अब दिल की बात में अपने नीतीश भइया को भी देख लीजिए। दरवाजे दरवाजे घूम कर भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिशों में जुटे हैं। कितनी सफलता मिलेगी, यह तय नहीं है। इसके बीच लोग इस बात को भूल रहे हैं कि उनके करीबी हरिवंश आज भी राज्यसभा के उप सभापति हैं जबकि कभी बहुत करीबी रहे आरसीपी सिंह ने खेमा बदल कर लिया है। इसलिए वह आगे क्या करेंगे, इस पर जो ऑपोजिशन के लोगों को भी संदेह होना लाजिमी है।

वैसे यह बात समझ में नहीं आयी कि गुजरात में झाड़ू लेकर कांग्रेस का वोट काटने वाले केजरीवाल ने इस बार कर्नाटक में अभियान क्यों नहीं चलाया। दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद वे आक्रामक बैटिंग करने की मुद्रा में हैं। महिला पहलवानों का समर्थन कर वह हरियाणा में जमीन बना रहे हैं, यह स्पष्ट है। इसलिए किसके दिल की बात क्या है, यह बाद की बात है।

# मेरे महबूब मेरे सनम में नजर आयेगी विक्की कौशल

मुंबईः विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की जोड़ी फिल्म मेरे महबूब मेरे सनम में नजर आयेगी। करण जौहर निर्मित फिल्म मेरे महबूब मेरे सनम में विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की मुख्य भूमिका है। विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एनी विर्क ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस रोमांटिक-कॉमेडी को 25 अगस्त 2023 को रिलीज किया जाएगा। जब फिल्म की शूटिंग हो रही थी तब फिल्म का नाम रौला था लेकिन अब का टाइटल बदल कर 'मेरे महबूब मेरे सनम' कर दिया गया है।

कौशल के पिता श्याम कौशल, एक बॉलीवुड एक्शन निर्देशक और स्टंट समन्वयक हैं। वह स्लमडॉग मिलेनियर, 3 इडियट्स और बजरंगी भाईजान जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। विक्की के भाई सनी कौशल भी फिल्म उद्योग से सम्बंधित हैं, वह सहायक निदेशक के रूप में गुन्डे और माई फ्रेंड पिंटो में काम कर चुके हैं।

कौशल ने स्नातक की उपाधि एक इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियर के रूप में 2009 में प्राप्त की। उनके पास नौकरी करने का मौक था, लेकिन वह एक अभिनेता बनने की आकांक्षा रखते थे और रंगमंच के साथ जुड़ गये। कौशल, किशोर नामित कपूर की एक अभिनय कार्यशाला में शामिल हो गए। विक्की ने एक लघु फिल्म गीक आउट के अलावा लव शव ते चिकन खुराना और बॉम्बे वेलवेट जैसी फिल्मों में छोटी भूमिका निभाई।

2010 में, विक्की ने अनुराग कश्यप को फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर में सहायक का काम किया। नीरज घयावन फिल्म में सहायक निदेशक थे। जब नीरज ने अपनी फिल्म मसान पर काम करना शुरू किया तो कौशल को भी एक ऑडिशन के लिए बुलाया गया था। नीरज के अनुसार शुरू



में वह आशंका में थे क्योंकि कौशल को बनारस जैसे एक छोटे से शहर के लड़के की भूमिका निभानी थी जबकि वह एक ठेठ पंजाबी पृष्ठभूमि से आया है। लेकिन ऑडिशन देखने के बाद वह उनकी क्षमता के बारे में आश्वस्त हो गये।

कौशल की दूसरी फिल्म जुबान, मार्च 2016 में जारी हुई। यह फिल्म एक युवा लड़के (विक्की कौशल) की कहानी है जो बड़बड़ाने की बीमारी से ग्रस्त है। उनकी अगली फिल्म रमन राघव 2.0, अनुराग कश्यप की मनोवैज्ञानिक थ्रिलर थी, जिसमें उन्होंने नशे की लत वाले किरदार को निभाया है। विकी ने बाद में लव पर स्क्वेयर फुट और लस्ट स्टोरीज में भी काम किया।

# खुशी का ठिकाना

>>व्यंग्य>>अविनाश वाचस्पति

दिल्ली के दरवाजे पर महंगाई का ट्रिपल अटैक प्रत्यक्ष में तो तिहरा ही दिखता है पर परोक्ष में इसकी अनगिनत तहें हैं। जिनकी गिनती करना आकाश के तारों को गिनने के समान है। इधर महंगाई नित नये शिखर बना रही है उधर अपने मुकेश अंबानी अंबर से बातें करने में मशगूल हैं। सिर्फ. वो ही नहीं उनका आशियाना भी अंबर से बातें करने में सफल होने वाला है।

मैं कोई अर्थशास्त्री तो नहीं हूँ पर इतना तो जानता समझता हूँ कि जब महंगाई का प्रहार होता है तो उससे लोग सिर्फ. दुखी ही नहीं होते, सुखी भी होते हैं। जिनका सस्ते में खरीदा गया माल महंगा बिकता है, तब तो वे हैप्पी होते हैं और जब अपनी खरीदारी के लिए ज्यादा कीमत चुकाते हैं तो सैड (दुखी) होते हैं।

हैपिनेस इंडेक्स से खुशियों को नापने की तलाशी जोरों पर है। पर इसमें कामयाबी जीरो ही रहेगी। पहले तो इस बात का पता लगाना होगा कि खुशी दिल में रहती है या दिमाग में। या इन दोनों से ही नदारद होती है। आधे तो इस बात से दुखी होते हैं कि दूसरा सुखी क्यों है? बाकी आधों को दूसरों के दुख में सुख की प्राप्ति होती है। और जो बाकी बचे वे सुखी के सुख में सुखी और दुखी के दुख में दुखी होते हैं। अब आप कहेंगे कि बाकी बचे ही कहाँ तो मेरा कहना है कि आप मान लीजिए कि ऐसे लोग इस पृथ्वी पर तो उपलब्ध नहीं हैं, बाकी सृष्टि के बारे में मैं कोई गारंटी-वारंटी नहीं ले सकता।

इंसान ने खुशी का पैमाना निर्धारित करने का अभियान आरंभ किया है। जबकि जरूरत खुशी का ठिकाना ढूँढने की है। आजाद इंसान खुश होता है, या बंदी का जीवन जी रहा शैतान। शैतान इसलिए खुश होता है क्यों कि उसने सुखी इंसान को अपनी खुशियों की नाकेबंदी के लिए तैनात कर लिया है। इंसान जो शैतान की रखवाली के लिए लग गया उसकी खुशी तो काफूर हुई समझो। चर्चा करके सब कुछ तो पाया जा सकता है पर खुशी यानी हैपिनेस कैसे मिल पाएगी, यह बात गले नहीं उतरती है। एक तो फुटपाथ पर सोकर, दिन भर मजदूरी करके भी संतोष का दामन थाम लेता है और चैन की नींद सोता है। दूसरा सब भौतिक सुख सुविधायें, रुपया-पैसा पाकर भी नरम मुलायम गद्दों पर भी करवटें बदलता रहता है, उसकी गिनती किसमें करेंगे।

अब खुश होने वालों के लिए तो इतना ही बहुत है कि लंदन में चल रहे इस सम्मेलन में भारतीय मूल के नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन जैसे स्वनामधन्य अर्थशास्त्री शिरकत कर रहे हैं। खुश होने वाले तो इस बात पर भी खुश हो लेते हैं कि हैपिनेस इंडेक्स की खुशियों को तौलने वाले इस सम्मेलन का आरंभ बुध को हो रहा है और उनका तर्क है कि बुध काम शुद्ध।

इस सम्मेलन में शामिल होने वाले इसलिए भी खुश हो रहे होंगे कि चलो यह तीन दिन का तो है, तीन दिन तो खूब मौज रहेगी। दुखी होने वाले सोच रहे होंगे कि यह पांच अधिक दिनों का क्यों नहीं हुआ?

अब एक ही कारण एक के लिए खुशियां लाता है और दूसरे के लिए अपार दुख की संभावनाएं भी अपने में रखता है। मुझे तो संभव नहीं लगता है कि ऐसा कोई हैपिनेस इंडेक्स बन पाएगा जिससे वास्तव में खुशियों का वजन किया जा सके। पल में तोला पल में माशा होने वाली खुशियों को नापने के लिए कोई इंडेक्स या तराजू बनाने में सफलता मिल गई तो फिर खुशियों को



खरीदा या बेचा भी जा सकेगा और मुझे तो उसी दिन का बेसब्री से इंतजार है। जिस दिन खुशियों की सौदेबाजी शुरू हो सकेगी और इसमें लाभ की अपार संभावनाएं जन्म लेंगी।

इसी आशा और विश्वास के साथ मैं हैपिनेस इंडेक्स की सफलता की कामना करता हूं। अब अगर मेरा यह लेख नहीं छपा तो मैं सैड परंतु इसके न छपने से जिसका लेख छप गया वो हैप्पी। इंडेक्स बनाने वाले अपनी थ्योरी में इसकी व्याख्या कैसे करेंगे?

# सोता हूं मां चैन से, जब होती हो पास !!



डॉ. सत्यवान सौरभ

मां शब्द का विश्लेषण शायद कोई कभी नहीं कर पाऐगा, यह दो शब्द इतना विशालाता अपने अंदर समेटे हुए है जिसका व्याख्या करना संभव नहीं है। बच्चा पैदा लेने के बाद सबसे पहले जो शब्द बोलता है वह है मां। मां वो है जो हमें जीना सिखाती है, दुनिया में वो पहला इन्सान जिसे हम मात्र स्पर्श से जान जाते है वो होती है मां। 9 महीने तक अपने पेट में रखने के बाद, इतनी परेशानियों के बाद वो हमें जन्म देती है। वो होती है मां छोटे हो या बड़े मां को हर वक्त अपने बच्चे की चिंता होती है।

मां का प्यार अंधा होता है जिसे केवल अनुभव किया जा सकता है। भारत की संस्कृति में माता को पूजनीय माना जाता है। मां को खुशिया और मान सम्मान देने के लिए पूरी जिंदगी भी कम होती है। फिर भी विश्व में मां के सम्मान में मातृ दिवस मनाया जाता है। स्नेह, त्याग, उदारता और सहनशीलता के कितने प्रतिमान गढ़ती है मां, इसे कौन देखता है। उसका वात्सल्य अपने बच्चों के लिए कितनी बार आंसू बहता है। यह वह दिन है जब हम अपनी मां के आभारी होते है जिसने हमें इतना कुछ दिया है और अभी भी हमारे लिये बहुत कुछ कर रही है।

मां को परिभाषित करने के लिए शब्द कम पड़ जायेंगें लेकिन उसे हम कुछ शब्दों में परिभाषित नहीं कर पायेंगें।

मां ममता की खान है, धरती पर भगवान !
मां की महिमा मानिए, सबसे श्रेष्ठ-महान !!
मां कविता के बोल-सी,कहानी की जुबान !
दोहो के रस में घुली, लगे छंद की जान !!
मां वीणा की तार है, मां है फूल बहार !
मां ही लय, मां ताल है,जीवन की झंकार !!
मां ही गीता, वेद है, मां ही सच्ची प्रीत !
बिन मां के झूठी लगे, जग की सारी रीत !!
मां हरियाली दूब है, शीतल गंग अनूप !
मुझमे तुझमे बस रहा, मां का ही तो रूप !!

कोई भी चोट पहले मां को लगती है फिर बच्चे को। मां के प्यार का कर्ज चुकाया नहीं जा सकता। बच्चा चाहें कितना भी बड़ा हो जाऐ मां का आँचल उसे सबसे सुरक्षित महसूस होता है। तो उस मांके लिए भी एक दिन उसका अपना होना आवश्यक हो जाता है। इसे लोकप्रिय बनाई अमेरिका की ऐना ने। जी हां,लाखों लोग इस दिन को मर्दस डेएक सुअवसर के रूप में मनाते है और अपनी मां को उनकेबलिदान, समर्थन, प्रयास के लिए दिल से धन्यवाद करते है। यही वजह है कि हर साल मई के



14 मई मदर्स डे पर विशेष

दूसरे रविवार को दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जाता है। साल का एक दिन सिर्फ मां के नाम होता है, जिसे मदर्स डे के नाम से हम जानते है। मां को सम्मान देने वाले इस दिन को कई देशों में अलग-अलग तारीख पर सेलिब्रेट किया जाता है। लेकिन भारत समेत ज्यादातर देशों में मई के दूसरे रविवार को ही मदर्स डे के रूप में मनाया जाता है।

अगर आप अपनी मां के साथ रहते है तो उन्हें गले लगा कर विश करें, आप अपनी मां के साथ

साथ दुनिया की हर मां का सम्मान करें, आदर करें, तो इससे बड़ा तोहफा दुनिया में कुछ और हो हीनहीं सकता और मां का आर्शिवाद सदा कवच बनकर आपको हर कष्ट से मुक्ति दिलाती है।

हम मदर्स डे की औपचारिकता अवश्य निभाते है मगर वास्तविकता इससे बहुत दूर है। जब तक

मां के हाथ पैरों में जान है और गांठ में पैसे है हम मां को प्यार करते है मगर जैसे ही ये दोनों चीजे मां से दूर चली जाती है हमारे प्यार का पैमाना भी बदल जाता है विशेषकर मां के वृद्धावस्था के दिनों में। उस समय हम अपने बीबी बच्चों में घुलमिल जाते है और मां को बेसहारा छोड़ देते है। बुढ़ापा बहुत बुरा होता है। यह वही समय है जब मां को सबसे ज्यादा प्यार की जरुरत होती है और हम मां को दुत्कार देतेहै। यह समय किसी भी मां के लिए बहुत दुखभरा है। वह अपने बच्चों को अपना सब कुछ लुटा कर बड़ा करती है और यही बच्चा बड़ा होकर सबसे पहले अपनी मां को ही अलग थलग कर देता है। भारत के अधिकांश घरों की यही कहानी है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। आश्चर्य की बात है की आज की पढ़ी लिखी युवा पीढ़ी अपने वृद्ध मातापिता का सम्मान नही करती है। वृद्ध हो जाने पर संताने अपनी संतानों को तो बहुत प्यार दुलार करती है, पर वृद्ध माता-पिता अपेक्षित महसूस करते है।

मांको देवी सम्मान दिलाना वर्तमान युग की सबसे बड़ी आवश्यकता में से एक है। मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां केवल जन्मदात्री ही नहीं जीवन निर्मात्री भी है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। उस आदिमयुग में भी मां, मां ही थी। तब भी वह अपने बच्चों को जन्म देकर उनका पालन-पोषण करती थीं। उन्हें अपने अस्तित्व की रक्षा करना सिखाती थी। आज के इस आधुनिक युग में भी मां वैसी ही है। मां नहीं बदली। विक्टर ूगो ने मां की महिमा इन शब्दों में व्यक्त की है कि एक मां की गोद कोमलता से बनी रहती है और बच्चे उसमें आराम से सोते हैं।

तेरे आंचल में छुपा, कैसा ये अहसास !
सोता हूँ मां चैन से, जब होती हो पास !!
मां तेरे इस प्यार को, दूँ क्या कैसा नाम !
पाये तेरी गोद में, मैंने चारों धाम !!

मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### वोल्वो का जलकर राख होने से करोड़ों का नुकसान

**बड़कागांव :** बड़कागांव एनटीपीसी के चिरूडीह बरवाडीह कोल माइंस के क्रेशर के सामने पांच नंबर का वोल्वो में अचानक आग लगने से वोल्वो जलकर राख हो गया। इस कारण एक करोड़ से अधिक रुपए का नुकसान हुआ। वही वोल्वो चालक बाल-बाल बच गए। त्रिवेणी सैनिक लिमिटेड में काम करने वाले वर्करों ने 12 मई की 9 :50 पर वोल्वो में धुआं निकलने लगा। यह देखकर चालक वोल्वो से उतर गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### अभिभावक-शिक्षक मीट का आयोजन

**हजारीबाग :**हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में शनिवार को अभिभावक शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक और अभिभावक के बीच की कड़ी के रूप में विद्यार्थियों की भूमिका रहती है। इसलिए जरूरी है कि यह बच्चों के माता-पिता या अभिभावक यहां आकर अपने सुझाव या अनुभव देंगे ताकि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर किया जा सके। विद्यार्थियों के कई माता-पिता और अभिभावकों ने अपने सुझाव देते हुए विभाग की प्रशंसा की। उदय कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से एक पारिवारिक माहौल बनता है। अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि समारोह में शामिल होकर वह काफी खुशी महसूस कर रहे हैं। कुमारी नीतू यादव ने कहा कि उन्हें अफसोस है कि वह स्नातकोत्तर नहीं पढ़ सकीं, लेकिन उनकी बहन यहां पढ़ रही है, इससे काफी खुशी है। शंकर यादव तथा नसीम अहमद ने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को यहां सही दिशा मिल रही है, उन्हें काफी संतोष हो रहा है। कार्यक्रम को रंजीत कुमार, आदि ने संबोधित करते हुए समारोह की सार्थकता पर प्रकाश डाला ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ई एस जेड पंचायत स्तरीय कमेटी गठित करने हेतु बैठक संपन्न

**इचाक :** इचाक इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति की पंचायत स्तरीय कमेटी गठित करने हेतु ग्राम पंचायत बोंगा के पंचायत भवन में बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता मुखिया उमेश प्रसाद मेहता ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से चंद्रदेव प्रसाद मेहता एवं इंद्रदेव प्रसाद मेहता शामिल हुए। मुखिया उमेश मेहता ने इको सेंसेटिव जोन से होने वाले नुकसान के बारे में पंचायत के लोगों को विस्तार रूप से बताते हुए कहा कि ईएसजेड के दायरे में पड़ने वाले गांव में बिना वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बगैर ना तो पक्का मकान बना सकते हैं ना बोरिंग कर सकते हैं ना ही किसी तरह का विकास कार्य सड़क नाली का निर्माण किया जा सकता है सबो को एक होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है तभी हमारा जीत हो पाएगा। चंद्रदेव मेहता मेहता ने कहा कि पूर्व के सरकार द्वारा जबरन 218 गांव के लोगों पर यह काला कानून थोपा गया है। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष पंचायत के मुरली प्रसाद मेहता को अध्यक्ष बनाया गया उपाध्यक्ष के लिए रविंद्र प्रसाद मेहता और उमेश प्रसाद मेहता को बनाया गया सचिव के लिए संतोष कुमार सह सचिव के लिए सन्तोष कुमार कोषाध्यक्ष के लिए महेंद्र कुमार राजेंद्र प्रसाद बंसी महेंद्र प्रसाद श्रीकांत कुमार इम्तियाज अंसारी सुभाष प्रसाद को चयन किया गया।

### प्रवचन संध्या का पूर्व विधायक ने किया उदघाटन

**चौपारण :** चौपारण झापा पंचायत के बेन्दुवारा में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ देवी सह भास्कर प्राण प्रतिष्ठा व दादपुर पंचायत के नेवरीकरमा में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी नवदिवसीय महायज्ञ एवं भागवत कथा के संध्या में आयोजित प्रवचन मंच का उदघाटन पूर्व विधायक ने मनोज कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

**ट्रेलर** कर्नाटक की जीत को 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव के ट्रेलर बताते हुए

# कांग्रेस के नेतृत्व में बनने वाली सरकार जिला अध्यक्ष : शैलेंद्र यादव



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में कांग्रेसियों ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत के लिए कर्नाटक की जनता एवं पार्टी के सभी स्तर के नेता और कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कर्नाटक की जीत को 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव के ट्रेलर बताते हुए कांग्रेस के नेतृत्व में बनने वाली सरकार का पिक्चर नेपथ्य में झलकने की बात कही । उन्होंने भाजपा एवं प्रधानमंत्री मोदी को वास्तविकता का सही आकलन कर मतदान करने वाले कर्नाटक की जनता की प्रशंसा की एवं भाजपा की केन्द्र सरकार के तानाशाही पूर्ण गलत नीतियों के कारण कमरतोड़ मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के जरिए अडानी, अम्बानी को लाभ पहुंचाने अग्नवीर योजना लाकर, पुलवामा कांड की जांच नही करवाने देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर नौवजवानों को गुमराह करने, मध्यवर्ग के व्यापारियों को जीएसटी लगाकर बर्बाद करने, धर्म सम्प्रदाय के आधार पर नफरत फैला कर देश को तोड़ने जैसा घृणित प्रयास करने तीन काले कृषि कानून जबरन थोपने के प्रयास में कई सौ किसानों की बली चढ़ाने की बात करते हुए प्रधानमंत्री से नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र देने की मांग की ।

कर्नाटक चुनाव मे भाजपा के द्वारा हनुमान जी के नाम का दुरूपयोग किया गया इसी कारण हनुमान जी का आशिर्वाद कांग्रेस को मिला । इस अवसर पर कांग्रेसियों द्वारा हनुमान मंदिर जाकर प्रसाद एवं लंगोट भी हनुमान जी को समर्पित किया गया तथा देश की प्रगति की प्रार्थना किया गया ।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, शशिकांत ओझा, संजय गुप्ता अजीम खान, सुनिल अग्रवाल उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, साजीद हुसैन, राजेन्द्र सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रजी अहमद महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रकाश यादव, बेबी देवी, बिनोद सिंह, दिलीप कुमार रवि, गोविंद राम, राजू चौरसिया, लखराज सिंह, सुनिल सिंह राठौर, मिथिलेश दुबे, ओमप्रकाश झा, जावेद मल्लिक, चन्द्र शेखर मिश्रा, डॉ. मिथिलेश कुमार, विजय कुमार सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, कैलाश पति देव, बाबर अंसारी, डॉ. दीपक बंधू, कजरू साव, अजय गुप्ता, गुड्डू सिंह, मकसूद आलम, राजीव मेहता, मो. सलाउद्दीन, राशिद खान, सदरूल होदा, गुड्डू बाबा, अर्जुन सिंह, रोहन ठाकुर, मो. रब्बानी, तसलीम अंसारी, डॉ. प्रणय सिन्हा, महेश प्रसाद साव, गुलाम सरवर के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय इंगुनिया में नव निर्मित शौचालय का छात्राओं ने फीता काटकर किया उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**चौपारण :** चौपारण के इंगुनिया में उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय में 15वीं वित्त आयोग से निर्मित बालिकाओं के लिये शौचालय का शुक्रवार को विद्यालय की ही बच्चियों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने उन्हें चाभी सौप कर उन्हें इसकी सही उपयोग व जरूरत के बारे में बताया। वहीं मुखिया पप्पू कुमार व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामफल सिंह सहित उप मुखिया प्रतिनिधि मृत्युंजय सिंह, वार्ड सदस्य राम केश्वर सिंह, दिलीप सिंह व अमल किशोर सिंह सहित उपस्थित लोगों ने खुशी जताते हुवे कहा कि बच्चियों के लिये शौचालय की अति आवश्यकता थी जो आप पूरी हो गयी है। अब विद्यालय में अध्ययन कर रही छात्राओं को शौचालय नही होने से जो मुश्किलों का सामना करना पड़ता था उससे निजात मिल जाएगी। मौके पर उपस्थित छात्राओं ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति व पंचायत के जनप्रतिनिधियों के प्रति हम आभार व्यक्त करते है कि उन्होंने हमारी समस्याओं को समझा और उसे दूर किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक प्रवीण कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, आनंद पाल, मनोज रवि, विजय कुमार साव व प्रेमचंद तिर्की सहित सभी शिक्षक व कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांडतरी में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड़ के कांडतरी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांडतरी में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों को विभिन्न प्रकार के योगासनों के बारे में विस्तृत जानकारियाँ दी गई साथ ही विधिवत योगाभ्यास भी करवाया गया। प्रशिक्षक अभिषेक कुमार द्वारा विद्यालय स्तर पर निरंतर योग कराने पर चर्चा किया और इस योग के द्वारा शारीरिक वह मानसिक रूप से अनेक प्रकार के रोगों से बचने के उपायों के बारे में बताया। मौके पर उपस्थित बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्या सुनीता देवी ने कहा कि योग करने से शारीरिक व मानसिक तंदुरुस्ती बनी रहती है। और जटिल से जटिल बीमारियों से छुटकारा मिलती है। बड़कागांव उप-प्रमुख बचनदेव कुमार ने कहा कि योग आसन शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करता है। हमारे दैनिक जीवन में योग बहुत महत्वपूर्ण है। योग करने से बच्चों की चौमुखी विकास होती है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने कहा कि हमारा अथक प्रयास रहेगा की हम निरंतर विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रम हमेशा करता रहूँ। वरीय शिक्षक मो0 असलम ने कहा कि हमें योग हमेशा करते रहना चाहिए। इससे हमारा शरीर हमेशा फिटनेस रहता है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के सहायक शिक्षक अंतेश साव, विनोद कुमार प्रकाश कुमार अशोक कुमार रविंद्र कुमार राम कुमार प्रसाद बाबूलाल कुमार उपस्थित होकर इस योग शिविर को सफलतापूर्वक सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एमआर एवं रक्तदान शिविर को लेकर पीरटांड प्रखंड मुख्यालय में बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में एमआर टीकाकरण एवं रक्तदान शिविर को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई।बैठक में बताया गया कि प्रखंड के सभी गांवों से 9 माह से 15 वर्ष तक आयु के बच्चों की सूची बना के सहिया एवं सेविका प्रखंड कार्यालय में जमा करे लेकिन अब तक जमा नहीं किया गया है जिसे जल्द से जल्द जमा करने का बीडीओ ने निर्देश दिया।जिसके बाद बीपीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि 80 प्रतिशत बच्चों की सूची बना ली गई है बाकी जल्द बना कर जमा कर दिया जाए गा। बीडीओ दिनेश कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि बाकी बचे सूची को जल्द जमा करें एवं जो भी बच्चे एमआर का टीका नही ले पाए है उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाए।आगे बीडीओ ने कहा कि कोई भी बच्चा छूटे नहीं इसे सभी अधिकारियों को ध्यान रखना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 16जून को प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीरटांड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।जिसका प्रचार प्रसार किया जाने का सहिया एवं सेविका एवं सम्बंधित कर्मी को निर्देश दिया गया है।ओर कहा गया कि अधिक से अधिक लोग को रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए कहना है।बैठक में बीडीओ के अलावे अंचल अधिकारी विनय प्रकाश तिग्गा,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार,बीपीएम सरिता कुमारी,बीपीओ,बीईओ,के अलावे सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षु आईएएस पहुंची मॉडल स्कूल,उन्नयन कार्य का लिया जायजा

राष्ट्रीय खबर

**इचाक:** इचाक प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार ने शनिवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव डाढा में स्थित मॉडल स्कूल का दौरा किया। वहां के विद्यार्थियों से रूबरू हुई और विद्यालय में दिए जा रहें शिक्षा की जानकारी ली। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित प्रश्न पूछे। साथ ही सुदूरवर्ती पंचायत में बने मॉडल विद्यालय मेंआवागमन अथवा अन्य समस्याओं को जाना। बच्चों को सफलता के कई टिप्स दिए। सिविल सर्विसेज से जुड़ी तैयारियां एवं शिक्षा को लेकर भी विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। इस दौरान उत्सुक विद्यार्थियों ने भी प्रशिक्षु आईएएस से सफलता के राज उगलवाए। इससे पहले विद्यालय पहुंचने डाढा पंचायत की मुखिया सुनिता देवी ने पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। विद्यालय और गांव की समस्याओं से रूबरू कराया। साथ ही डाढा गांव को मॉडल गांव बनाने की मांग की। जिसे प्रशिक्षु आईएएस ने स्वीकार किया। इसके उन्होने मॉडल विद्यालय के भवन तथा जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लिया। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए डेस्क टेबल, पानी पीने की सुविधा, बिजली पंखे के अलावे कई महत्वपूर्ण सुविधाओं पर उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए हैं। साथ ही साथ जल्द ही इन सभी महत्वपूर्ण जरूरतों पर पूरा करने की बात कही। इसके बाद उन्होंने बहुचर्चित मिडिल स्कूल डाढा का भी जायजा लिया और विद्यालय परिसर की सुंदरता से अभिभूत विद्यालय प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की। जहां। कैंपस के अलावे शौचालय और कमरा एवं पठन-पाठन विधि व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

# जिला विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर के तहत 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :**हजारीबाग जिला विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के सबसे निचले तबके के व्यक्ति तक कानूनी अधिकार,सरकारी लाभ के साथ साथ सभी सुलहनीय मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं उनका लाभ पहुंचाना है। इस कड़ी की सबके महत्त्वपूर्ण जिम्मेवारी जिला प्रशासन है। इसी जागरूकता को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का विधिवत शुभारंभ हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ने लोगों से कानून का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस शिविर का एक मात्र उद्देश्य लोगों को कानूनी जानकारी से लैस करते हुए अपने अधिकारों को जानना है। तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का समुचित लाभ लेना है। उन्होंने कहा की जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन न्यायालय के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य कर रहा है जो निश्चय ही सकारात्मक पहल है। उन्होंने सभी प्रखंडों में आयोजित शिविर में शामिल होकर लाभ लेने की बात कही ।उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर जिला प्रशासन के साथ मिलकर हजारीबाग के सभी प्रखंडों में आयोजित किए जा रहें है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जरूरतमंदो के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं चला रही है। प्रशासन हरसंभव योजनाओं से लोगो को अच्छादित करने के लिए कई जागरुकता अभियान चलाती है ताकि लोकहित से जुड़ी योजनाएं जरूरतमंदो को मिल सके। इस शिविर के माध्यम से लोगो को जानकारी से सशक्त किया जा सके यही उद्देश्य है। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व में भी सशक्तिकरण शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया है। इस शिविर से लोगों को कानूनी जानकारी सहित योजनाओं की भी जानकारी दी जाती है। पुलिस प्रशासन हरसंभव जिले की जनता के लिए तत्पर है।

## न्यूज फटाफट

### 96% अंक के साथ बलजीत कौर बनी कैंपियन बेसिक एकेडमी, इचाक की टॉपर

**ईचाक :** इचाक सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में कैंपियन बेसिक अकैडमी, इचाक के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रौशन किया है। बलजीत कौर 96% अंक के साथ पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि परीक्षा के कुछ दिन पहले ही इनके पिता पप्पू सरदार की असामयिक मृत्यु होने के बावजूद ये अपनी पढ़ाई पूरी लगन और मेहनत से की। बेहद साधारण परिवार से आने वाली बलजीत कौर अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों को दी है। विद्यालय में प्रथम 20 स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में बलजीत कौर 96%, सुमित कुमार 95%, आकृति रानी 93%, आरुषि रानी 92%, पवन कुमार अग्रवाल 90%, श्रेया चंद्रा 89 .4%, अंशु कुमारी 88.6 %, लक्ष्मी रानी 88%, दिनेश कुमार वर्मा 87 .4%, निखिल राज 87%,अन्नू श्री 85 .6■, बिट्टू कुमार 84 .6%, नंदनी राणा 82%, सलामत अंसारी 81.6%, अविनाश कुमार 81%, आकाश कुमार 80 .2%, सुजल गुप्ता 80%, धीरज कुमार राणा 80%,सना सिंह 80%, सौम्या पाठक 80% के साथ सफल रहे। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद ,प्रबंधक गणेश शंकर मदन तथा प्रचार्या सुरभि वर्मा ने छात्रों के शानदार सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रचार्या श्री वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्र होने के बावजूद भी शिक्षकों के दिशा निर्देश में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी गई एवं छात्रों के परिश्रम और कड़ी मेहनत से परीक्षा में छात्रों का शानदार प्रदर्शन दिखा। बेहतर परिणाम होने से अभिभावकों ,विद्यालय साथ ही

### जले ट्रांसफार्मर को 24 घंटा के अंदर बदला गया जिला अध्यक्ष : उमेश मेहता

**इचाक :** इचाक प्रखंड के बरवां गांव के फुलवा टोला में लगा ट्रांसफर 22 दिन पहले जल गया था। तब से गांव के दर्जनों घर अंधेरे में था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी जिला परिषद चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता को गुरुवार को दी। चेयरमैन श्री मेहता ने विद्युत विभाग के जीएम से बात कर 24 घंटे के अंदर 100 केबिए ट्रांसफार्मर दिलाने का काम किया। शनिवार को ग्रामीणों के अनुरोध पर चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता बरवां गांव के फुलवा टोला पहुंचे और फीता काट कर और नारियल फोड़ कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस दौरान गांव की महिला व पुरुषो ने जीप चेयरमैन से फुलवा तालाब में गार्डवाल निर्माण कराने की मांग रखी, जिस पर चेयरमैन उमेश मेहता ने जल्द प्रक्रिया में लाकर निर्माण का आश्वासन दिया। मौके आजाद सिपाही पत्रकार दीपक सिंह, पर भागीरथ साहू, प्रो ब्रज किशोर मेहता, पूर्व पंसस अजय कुमार मेहता, अशोक सिंह, दिनकर मेहता, पंचायत समिति सदस्य प्रियंका देवी, उपेंद्र मेहता, बबूनी महतो, अखिलेश्वर मेहता, गुर्जर महतो, प्रभु महतो, गोबिंद मेहता, बिट्टू साव, रेगन महतो, सुबोध कुमार, मुकेश कुमार, तोखन महतो, वार्ड सदस्य देवंती देवी समेत कई महिला पुरुष मौजूद थे।

### लू लग जाने के कारण हुई शिक्षक की मौत



**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड के गम्हरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनसिमरी में पदस्थ शिक्षक संतोष कुमार की आकस्मिक मृत्यु लू लग जाने के कारण हो गई ।बताया जाता है कि विद्यालय में गर्मी के कारण उन्हें डिहाइड्रेशन एवम उल्टी शुरू हुई थी जिसके बाद लगभग 1 बजे छुट्टी के समय लौटने पर स्थिति काफी गम्भीर हो गई। आनन फानन में उन्हें अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया जहाँ उनकी मृत्यु हो गई ।साथी शिक्षक ने बताया कि मृतक सन्तोष कुमार काफी मृदुभाषी एवम कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक थे समयबद्धता के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते थे । एकेडेमिक रिकॉर्ड भी इनका कॉलेज स्तर में टॉपर रहा है। ऐसे युवा प्रतिभावान शिक्षक का इस तरह आकस्मिक रूप से चला जाना अत्यंत दु :खद एवम सोचनीय है ।इस दुखद घटना से पीरटांड़ के सभी शिक्षक एवम शिक्षक संघो में रोष व्याप्त है। सभी संघो ने एकस्वर में कहा की दोपहर 1 बजे तक विद्यालय की समय सारणी वाले तुगलगी फरमान का खामियाजा शिक्षक अपने प्राण गवा कर भुगत रहे है। मृतक शिक्षक का घर नरकोपी , तोपचांची धनबाद में है । इनके परिवार में दो छोटे बच्चे, पत्नी एवम बूढ़े माता पिता है । जिनके जीवन निर्वाह का दायित्व इनपर था ।

### विभाग की मनमानी से अभिभावकों में रोष,शिक्षक परेशान



**चौपारण :** चौपारण विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिये जूता व पोषक भेजा गया है। जिसके बाद से शिक्षकों व अभिभावकों के बीच बराबर कहासुनी हो रही है। यह हाल कमोबेश सभी विद्यालयों का है। मसमल यह है कि भेजे गए जूते जहां बच्चों को बन रहा है वहीं पोशाक भी साइज और गुणवत्ता में दोयम दर्जे का है। इसी को लेकर पडरिया पंचायत के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय इंगुनिया में मुखिया पप्पू कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामफल सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में कई अभिभावकों ने विभाग की मनमानी पर रोष व्यक्त करते हुवे सरकार से विभाग को इस लापरवाही हेतु कानूनसंगत कार्यवाई की मांग की। लोगों ने कहा कि विभाग अपना जेब भरने और मोटी कमीशन हेतु ड्रेस और जूता बांटने का दिखावा कर रहा है। इन सभी बातों से शिक्षक भी परेशान दिखे क्योंकि अधिकांश अभिभावकों के द्वारा बच्चों का ड्रेस लेने से इनकार कर दिया जा रहा है। अब समस्या ये है कि अपना ट्रांसपोर्टिंग खर्च करके विद्यालय पोशाक व जूता जिला से मंगवा रहे हैं और अभिभावकों के रोष के बाद इसे लौटना भी मुश्किल हो रहा है। बैठक में उप मुखिया प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार सिंह, वार्ड सदस्य राम केश्वर सिंह, दिलीप सिंह, अमल किशोर सिंह, मदन चंद्रवंशी, सुजीत सिंह, आदित्य सिंह, विवेक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कर्नाटक चुनाव में जूमलेबाजो कि पतन,मंहगाई पिडित किसान मजदूर बेरोजगारों की जीतः डॉ.आरसी मेहता

**इचाक :** इचाक कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम 24 में हिंदुस्तान के सत्ता परिवर्तन की ओर इशारा कर रहा है कर्नाटक चुनाव का मुद्दा महंगाई करप्शन मंगाई पीड़ित किसान मजदूर और बेरोजगारी रहा। जुमला सुनते सुनते लोग अकुत्ता चुके हैं अब किसान मजदूर रोटी मांग रहे हैं बेरोजगार नौजवानो को नौकरी चाहिए। मंदिर मस्जिद राम रहीम हिंदुस्तान-पाकिस्तान का मुद्दा गौन हो चुका है यह बातें हजारीबाग विधानसभा के कांग्रेश उपविजेता डॉ आर सी मेहता ने कहा। उन्होंने कहा जब देश का प्रधानमंत्री सिख और राष्ट्रपति मुसलमान था तब देश के किसान मजदूर खुशहाल थे बेरोजगारों को नौकरी मिल रही थी निजी संस्थानों को सरकारी करण किया गया, बेरोजगारों को नौकरी मिलती थी। जब वैश्विक स्तर पर मंदी थी हमारे देश के अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का विश्व में परचम था जीडीपी अस्तर विश्व में अच्छा था गरीब मजदूरों के हाथों में पैसा खनकता था।

## प्रदेश >> अपडेट

### ट्रक और स्विफ्ट की टक्कर

**जामा :** जामा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर मुसुआ चौक गांव के समीप शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे तेज रफ्तार ट्रक और स्विफ्ट डिजायर के आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहायता से घायल कार चालक को फूलो झानो मेडिकल कालेज भेज दिया गया है। जहां इलाज चल रहा है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### अतिक्रमण करने वाले को सीओ ने भेजा नोटिश,आदेश

**जामा :** जामा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सरसाबाद भूखंड संख्या 1065 की सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने वाले चिन्हित लोगों को आज शुक्रवार को नोटिस जारी कर अंचलाधिकारी जामा ने 30 मई को अंचल कार्यालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार इसके लिए सरसाबाद महारो में मापी के पश्चात सड़क किनारे जमीन अतिक्रमण हटाने को लेकर सूची जारी की गई थी। जिसमें चिन्हित 15 लोगों को पुन: सूचना भेजी गई है। इसके पूर्व 10 लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया जा चुका है। अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने बताया कि मोजा सरसाबाद थाना संख्या 29 में प्रभारी अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक और ग्रामीणों के समक्ष दुमका से देवघर पथ का सीमांकन के दौरान अतिक्रमण कारियों का नाम चिन्हित किया गया है। जिसमें उज्जवल सेन,हीरालाल मंडल,जगदीश मंडल, प्रदीप मंडल, जीतन सेन, हाबू सेन, रंजीत सेन, राजू सेन, चंदन सेन, अजय दत्ता, अमित सेन, अशोक सेन, राजकुमार पटवारी, गोपाल बजाज और कृष्ण कुमार डोमेनियर को सूचना भेजी गयी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कार्यपालक दंडाधिकारी ने कोर्ट परिसर में नोटिफाइड स्टांप भेंडर की जांच

**पाकुड़ :** उपायुक्त श्री वरुण रंजन के निर्देशानुसार कार्यपालक दंडाधिकारी श्री प्रमोद कुमार दास ने कोर्ट परिसर में नोटिफाइड स्टांप भेंडर की जांच की कार्यपालक दंडाधिकारी के द्वारा अधिक दाम पर स्टांप टिकट बेचे जाने से संबंधित शिकायत की जांच की। कोर्ट परिसर में स्टांप बेचे जाने वाले वेंडर के स्टॉल पर पहुंचकर स्टॉक वेरिफिकेशन की। जांच के दौरान अधिक दाम पर स्टांप बेचने की जानकारी आमलोगों से ली। कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा बताया गया कि जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी।

### अपराधिक मामलों की एसपी ने की समीक्षा

**दुमका :** समाहरणालय परिसर स्थित एसपी कार्यालय सभागार भवन में शुक्रवार को अपराध समीक्षा की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसपी अंबर लकड़ा ने किया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय समेत पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को डायन प्रतिषेध अधिनियम के प्रचार प्रसार के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए। आये दिन सड़क दुर्घटना में हो रही मौत पर लगाम लगाने के लिए सड़क सुरक्षा के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए वाहन की जांच करने एवं जागरूकता अभियान चलाते रहने का निर्देश दिया। मोब लिंचिंग नहीं हो इसके लिए सभी जगहों पर प्रचार प्रसार कर जागरूकता फैलाने के लिए निर्देशित किया। पिछले माह की तुलना में इस माह में अपराध दर में कमी आई है। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को पुरस्कृत भी किया गया।

---

**झालसा**

### झालसा रांची के निर्देशानुसार आज 13 मई को

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कई मामलों का हुआ निष्पादन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झालसा रांची के निर्देशानुसार आज 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के अध्यक्षता में सफल आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राधा कृष्ण, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोईज, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रफुल्ल कुमार, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री अजय कुमार गुड़िया, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री निर्मल भारती, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कमल प्रकाश ज़िला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिल्पा मुर्मू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत ऐसा मंच है जिसमें दोनों पक्षों कि आपसी सुलह समझौता कर त्वरित न्याय प्रदान करना है जिसमे दोनों पक्षों की जीत होती है ।



लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झूठे केस करने से ज्यादा सजा का अपराधी वह होता है जो झूठी गवाही देता है लोक अदालत का उद्देश्य का जिक्र करते हुए कहा गया कि जो वाद दस दस साल तक चलता है या लंबित है उसे लोक अदालत के माध्यम से त्वरित निष्पादन करना है लोक अदालत के माध्यम से वादी को ईमानदारी स्वच्छ मन से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर अपने वाद को समाप्त करने की अपील की गई।

प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय राधा कृष्ण ने कहा की राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से न्यायालय एवम् वादी का समय की बचत होती हैं इसमें लोक अदालत के माध्यम से निः शुल्क अधिवक्ता द्वारा सुलहनिये वाद, मोटर दुघर्टना क्षतिपूर्ति वाद, बैंक व राजस्व, पानी,बिजली बिल श्रम वाद समेत ऐसे मामले सिविल वाद जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है अधिक से अधिक संख्या में निष्पादन करना प्राथिमिकता है मंच का संचालन सचिव शिल्पा मुर्मू ने की। वही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं के तहत परिसंपति का वितरण किया गया।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का हुआ असेसमेंट




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु पाकुड़ जिले के विभिन्न हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर द्वारा कोलखीपाड़ा, फतेहपुर, शहरग्राम, अमलादाही एवं धरमपुर में नेशनल क्वालिटी एसुरेंस स्टेंडर्ड सर्टिफिकेशन हेतु आवेदन किया गया था। जिसकी जांच एनएचएसआरसी के निर्देश पर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड का एसेसर टीम डॉ उमा शंकर सिंह, पटना और रिजवान अली, तेलंगाना द्वारा किया गया। जिले में कुल 09 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेशन किया जाना है। जिसकी तैयारी सिविल सर्जन डॉ मंटु कुमार टेकरीवाल और जिला गुणवत्ता परामर्शी एमडी मैनुद्दीन शेख के निर्देशन और निगरानी में की जा रही है। अभी तक कुल 5 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का नेशनल एसेसर टीम के द्वारा असेसमेंट किया जा चुका है। आगे की विधिवत जांच जारी है यदि सबकुछ सही रहा इसकी संख्या में वृद्धि की जा सकती है।

## मोटिया मजदूर कामगार यूनियन ने किया नुक्कड़ सभा




राष्ट्रीय खबर

**दुमकाः** संथाल परगना मोटिया मजदूर कामगार यूनियन की वीर कुंवर सिंह चौक पर मजदूरी भुगतान को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन शुक्रवार को हुआ। नुक्कड़ सभा का नेतृत्व यूनियन अध्यक्ष मोहन बाउरी ने किया। बैठक में यूनियन संरक्षक मुखिया रविंद्र कुमार बास्की, महासचिव विजय कुमार दास एवं सचिव संजय यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में राज्य सरकार के श्रम नियोजन विभाग का 22 मार्च 2022 को जारी अधिसूचना संख्या 1440 का निर्धारित दर के अनुसार मोटिया मजदूरों को मजदूरी भुगतान को लेकर नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ। नुक्कड़ सभा कर जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंपा गया। चरबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए मांगों को लेकर 16 मई को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना कर उपायुक्त को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया।आगामी 18 मई को मोटिया मजदूर अपना कार्य बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इस अवसर पर यूनियन संरक्षक मुखिया रविंद्र कुमार बास्की ने कहा कि मोटिया मजदूरों के साथ शोषण हो रहा है। यह शोषण के खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर चरणबद्ध आंदोलन करना है। महासचिव विजय कुमार दास ने कहा अपना लड़ाई लड़ने और अपना अधिकार को लेने के लिए चरणबद्ध आंदोलन यूनियन करेगी।

## स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड का वार्षिक आम सभा का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन, सोसाइटी के बैनर तले शनिवार को हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत केंदुआ संकुल स्तरीय महिला प्राथमिक स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड के सखी मंडल की दीदियों के द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन केंदुआ पंचायत भवन में किया गया। इस वार्षिक आमसभा में केंदुआ, बाबूपुर, तोराई, पंचायत के सभी ग्राम संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संकुल संघ के अध्यक्ष - रेहाना बीबी, सचिव - रानी बेसरा के द्वारा संकुल संघ का विस्तृत जानकारी, वार्षिक आय-व्यय व मुनाफे का लेखाजोखा का पूरा ब्योरा प्रस्तुत किया गया। वहीं अगले वित्तिय वर्ष में किये जाने वाले कार्यो के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही साथ संकुल संघ के सक्रिय महिलाओं के द्वारा अपने जीवन के सफलता की कहानी भी सभी के समक्ष बताई। वहीं मौके पर बीपीएम उज्जवल रविदास ने जेएसएलपीएस के द्वारा चल रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया गया तथा महिलाओ को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने पर विस्तारपूर्वक अहम जानकारी दी गई एवं छूटे हुए ग्रामीण महिलाओ को सखी मंडल से जुड़ने, दीनदयाल उपाध्याय, ग्रामीण कौशल विकास योजना, बीमा का महत्व एवं रिन्यूअल के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किए।पीसीआई से आरएमसी-मो.अनीस के द्वारा कालाजार, फाइलेरिया एवं एमआर (मिजल्स रुबेला) से बचाव से संबंधित जानकारी दी गई।कार्यक्रम में प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस) उज्ज्वल रविदास, पीआरपी कमलिनी हेंब्रम, संकुल संघ के विभिन्न कैडर सहित सखी मंडल की महिलाये उपस्थित थे।

## 07 आवेदकों का अनुकम्पा पर नियुक्ति हेतु की गई अनुशंसा



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** उपायुक्त श्री वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न, 07 आवेदकों का अनुकम्पा पर नियुक्ति हेतु की गई अनुशंसा समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 14 आवेदकों का अनुकम्पा पर नियुक्ति करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में शिक्षा विभाग 3 लिपिक, स्वास्थ्य विभाग से 01 लिपिक, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल 01 लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग 01 लिपिक, समाहरणालय 01 लिपिक में अनुकम्पा आधारित नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई। शेष सात के संबंध में कागजात/प्रतिवेदन के अभाव में जिला अनुकंपा समिति की अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित, स्थापना उप समाहर्ता श्री विकास कुमार त्रिवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती रजनी देवी, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री विजन उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री मुकुल राज व अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### सर्वजनिक स्थलों पर शराब व गांजा पीने वालों पर कार्रवाई की मांग

**पलामू :** शहर और आस पास के कई सार्वजनिक स्थानों में खुलेआम नशेड़ियों को शराब और गांजा का सेवन करते देखा जा रहा है। जिसका सबसे ज्यादा बुरा असर बच्चों पर पड़ता दिख रहा है।बावजूद इसके प्रशासन की नजर इन नशेड़ियों पर नहीं है। यह चिंता का विषय है। बता दें कि सार्वजनिक स्थलों पर नशापान करना कानूनन अपराध तो है ही सामाजिक बुराई भी है। इस संबन्ध में कई प्रबुद्ध नागरिकों ने कहा कि ऐसे स्थानों में शराब या गांजा पीने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई होनी ही चाहिए। नाम न जाहिर करने के शर्त पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम नशा करने वालों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की है। विदित हो कि काफी दिनों से शाम ढलने के साथ ही शहर से सटे कॉलेज रोड स्थित देवी मंदिर के आस पास , मोतीराज कॉलेज गेट के आस पास सुबह से देर रात तक अवैध शराब की बिक्री की धड़ल्ले से जारी है। जबकि अररुआ खुर्द पहाड़ी मन्दिर और भगत तेंदुआ काली मंदिर , वैध बिगहा स्थित कपर छोलवा टोला उप्रावि प्रांगण , सीता हाई स्कूल के ग्राउंड में , ब्लॉक परिसर के कई पुराने भवनों के आस पास , न्यू बस स्टैंड प्रतीक्षालय सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर शाम ढलते ही शराब और गांजा पीने की लगातार सूचनाएं मिल रही है। पुलिस और आबकारी विभाग की अनदेखी के कारण शराब का सेवन करने वाले लोगों का हौसला बढ़ गया है । जहां भी उन्हें खुला स्थान दिखाई देता है । जहां ज्यादा लोगों का आना जाना ना होता हो । वैसे जगहों पर नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। शराब पीने के बाद इन युवकों के द्वारा शोर गुल और अभद्र भाषा का प्रयोग करने से उस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। शराब पीने वाले लोग शहर के कई अन्य जगहों को भी अपना स्थान बना लिया है और रात घिरते ही ऐसे लोगों की महफिल जमने लगती है।इसके अलावा ये युवक शराब का सेवन करने के बाद बोतलों को जहां तहां छोड़ दिया करते हैं। जिस वजह से कई बार खेलने के दौरान बच्चों के पैरों में गड़ जाता है जिससे वे जख्मी हो जाते हैं। बाद में नशे की हालत में नशेड़ी अपनी हरकत करने से भी बाज नहीं आते। सार्वजनिक क्षेत्रों में खुलेआम शराब-गांजा का सेवन करने और जुआ खेलने वालों के खिलाफ कई लोगों ने कार्रवाई करने की मांग की है।

### जन्म दिन पर भाजपा नेता ने किया रक्तदान



**पलामू :** भाजपा नेता चंदन प्रजापति ने अपने 29वें जन्मदिन पर भी मेदिनीनगर सदर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान कर समाज सेवा करने का संकल्प दोहराया। इसकी जानकारी देते हुए चंदन प्रजापति ने बताया कि हर साल अपने जन्म दिन पर स्वेच्छा से रक्तदान करते हुए खुशी का एहसास होता है। इस दौरान कई लोगों ने रक्तदान कार्य की सराहना करते हुए इनके जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। शुभकामना देने वालों में डॉ अरविंद कुमार दास , बीजेपी नेता युवा समाजसेवी वीर सूर्यांशु सिंह के अलावा विक्की सिंह ,राहुल रंजन प्रजापति, गौतम सिंह सहित कई लोगों का नाम शामिल है। इसके लिए बीजेपी नेता चंदन प्रजापति ने सभी का दिल से आभार जताया। मौके पर युवा समाजसेवी वीर सूर्यांशु सिंह ने कहा की चंदन प्रजापति हमेशा ही सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। साथ ही समय समय पर किसी जरूरतमंद की मदद करने में भी पीछे नहीं रहते।

### डिजिटल ए टू जेड विद्यालय में लगाया गया एमआर का टीका



**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के रामचन्द्र पुर एवं जमशेर पुर गांव के अंतर्गत डिजिटल ए टू जेड पब्लिक स्कूल में खसरा और रुबैला टीकाकरण का अभियान का आयोजन किया गया। ए एन एम सुधाशीला मड़ईया और मीरा कुमारी के द्वारा शिविर में आयोजित सभी बच्चों को एम आर का टीका दिया। शिविर में विद्यालय के निर्देशक वसिम आक्राम, प्राचार्य उत्तम कुमार के उपस्थित में तमाम बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खसरा एवं रूबैला टीकाकरण कराया गया ताकि सभी बच्चों को इसका फायदा मिल सके। विद्यालय के निर्देशक वसीम अकरम ने बताया कि टीकाकरण के दौरान विद्यालय में 85 प्रतिशत बच्चों का टीका लिया 10 प्रतिशत बच्चों बहार से टिका ले चुके थे। वहां मौजूद ए एन एम में कहा शेष 5 प्रतिशत अनुपस्थित बच्चों बाद में टीका लगाया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं मो० मुरसलीन,मो०लुतफुल हक, सलाम शेख, राजकुमार शर्मा, फारहीन अंजुम, नीरूपामा मंडल, दीपक कुमार साह का भरपूर योगदान रहा। डिजिटल ए टू जेड पब्लिक स्कूल के निर्देशक वसिम आक्राम ने उपस्थित अभिभावकों एवं बच्चों को बताया कि एम आर का बच्चों को लगाना बहुत जरूरी एवं आवश्यक है। इस टीके को बच्चों को लगाने से बच्चों में खसरा रूबैला जैसे वायरस पंनपना ने की संभावना कम रहती है।

---

**पाबंदी हटी**

### गुणवत्ता की कमी के कारण काईट्स एक्वा पैकेज्ड

# ड्रिंकिंग वाटर के बिक्री पर लगी रोक हटी

- काईट्स एक्वा का वाटर सभी मानकों पर खरा उतरा है
- मशीनी कमियां को भी दूर कर लिया गया है
- कंपनी द्वारा औद्योगिक लाईसेंस लिया गया है
- प्रतिदिन 700 से 800 बंद बोतले पानी की तैयार होती है




राष्ट्रीय खबर

**दुमकाः** गुणवत्ता की कमी के कारण काईट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की बिक्री पर लगा रोक जिला प्रशासन ने हटा उत्पाद का बिक्री को हरी झंडी दे दी है। इसकी जानकारी शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर मेसर्स ए आर एग्रो इंडस्ट्रीज के प्रोपराईटर आनंद गुटगुटिया ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में कोलकोता में वाटर की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट में कुछ मानकों पर कमी के कारण एसडीओ के आदेश पर एक अप्रैल से रोक लगा दी गई थी। बाद में मुंबई के जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीओ ने उत्पाद से बिक्री के आदेश को वापस ले लिया है।

मुंबई की जांच रिपोर्ट में मुंबई के कंपनी द्वारा व्यक्तिगत तौर पर जांच कराया गया था। जिसकी जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी गई थी। मशीनी कमियां को भी दूर कर लिया गया है।

कोलकोता जांच रिपोर्ट में काईट्स एक्वा वाटर तीन पारामैटर में कमी पायी गई थी। जो अब दूर कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 700 से 800 बंद बोतले पानी की तैयार होती है। शहर में मुख्य रूप से सरकार द्वारा लाईसेंस प्राप्त दो कंपनी है। इसके बावजूद कई जार बंद पानी कई जगहों पर धड़ल्ले से बिक रहे है। नगर पालिका के शहरी पेयजलापूर्ति से लिए गए कनेक्शन के सवाल के जबाब में वर्ष 2011 के आदेष का हवाला देते हुए कहा कि उनके कंपनी द्वारा औद्योगिक लाईसेंस लिया गया है।

## बीडी राम के नेतृत्व में पलामू क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर : कर्नल संजय



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** हैदरनगर प्रखंड के जनता द्वारा हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर सासाराम रांची इन्टरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की जा रही मांग पूरी हो गई है, 12 मई को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन के ठहराव की खबर से हैदरनगर प्रखंड वासियों में हर्ष है। भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर सांसद विष्णु दयाल राम सहित रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को साधुवाद देते हुए बधाई दिया। उन्होंने केंद्र सरकार तथा पलामू सांसद की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भाजपा के हाथों में आज हमारा राष्ट्र सुरक्षित एवं संरक्षित ही नहीं है, बल्कि विकास के पायदान पर भी अद्वितीय कार्य हुआ है। भाजपा की सरकार बनी तो आने वाले समय में दिल्ली तक तक जाने के लिए गरीब रथ ट्रेन भी रुकेगी साथ ही उन्होंने बंद बीडीएम ट्रेन को शुरू कराने तथा स्पेशल ट्रेन के नाम पर जो भाड़े में बढ़ोतरी किया गया है उसको कम कराने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सांसद महोदय के अथक प्रयास से पलामू संसदीय क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर है।

## शहर >> अपडेट

### आठवीं के छात्र- छात्राओं को दी गई बिदाई

**पेटरवार** : पेटरवार राजकीय मध्य विद्यालय पेटरवार में शनिवार को समारोह का आयोजन कर कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को बिदाई दी गयी। विद्यालय के शिक्षकों के प्रति अपना भाव स्पष्ट किया ओर सभी शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए छात्र- छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में कविता पाठ की ओर भाषण भी दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### भाकपा अंचल कमिटी जयनगर की बैठक

**कोडरमा:** भाकपा अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने जारी कर बताया कि 13 मई को दोपहर 2 बजे सांस्कृतिक भवन जयनगर में भाकपा अंचल कमिटी जयनगर की बैठक बुलाई गई है। इसमें नवीकरण एवं भर्ती पार्टी जन संगठन आगे आंदोलन दिल्ली में चल रहे महिला पहलवानों के द्वारा धरना पर विचार करने आदि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप से भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव,एटक की प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी मौजूद रहेंगी।

### पपलो पंचायत में साफ सफाई अभियान चला

**मरकच्चो:** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो के पपलो पंचायत स्थित स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पंचायत पपलो के उप स्वास्थ्य केंद्र अंबाडीह, आंगनबाड़ी केंद्र अंबाडीह में साफ सफाई अभियान कार्यक्रम शुक्रवार को किया गया। साथ ही साथ उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंबाडीह, उप स्वास्थ्य केंद्र अंबाडीह एवं आंगनबाड़ी केंद्र अंबाडीह में मुखिया चिंता कुमारी के द्वारा गीला कचरा एवं सूखा कचरा को जमा करने के लिए डस्टबिन का वितरण किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं के द्वारा गोबर से निपाई का भी कार्यक्रम किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हरलाडीह जंगल में तीन दिनों से लगी है आग

**मरकच्चो** : प्रखंड के जामू पंचायत स्थित हरलाडीह जंगल में दो तीन दिनों से आग लग गई है। आग की लपट धीरे-धीरे जंगल को अपनी चपेट में ले रहा है। आग हरलाडीह जंगल स्थित बराकर नदी के किनारे से लगी है। आग की लपटें निरंतर बढ़ती जा रही हैं और लगभग कई एकड़ से ऊपर जंगल में आग फैल चुकी है। इस समस्या से निपटने के लिए वन विभाग कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठा रहा है। जंगल धू-धू कर जल रहा है। जंगल में आग लगने के कारण का पता नहीं चल रहा है। वैसे बताया जाता है कि महुआ चुनने व लकड़ी जल जाने के बाद लकड़ी ले जाने के उद्देश्य से जंगल मे आग लगाते हैं। इसके पूर्व एक सप्ताह पूर्व बरियारडीह जंगल में भी आग लगी थी।

### डीवीसी के अभियंता के आश्वासन पर मजदूर की भूख हड़ताल समाप्त

**जयनगर:** प्रखंड के केटीपीएस बांझेडीह में डीवीसी के मुख्य अभियंता डीके सिंह के आश्वासन के पश्चात मजदूर संजय यादव का हड़ताल संपन्न हुआ। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने मजदूर संजय यादव को जूस पिलाकर हड़ताल समाप्त कराया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री यादव ने मुख्य अभियंता से बात की और उन्होंने कहा कि पहले जिस सिस्टम से सिन्हा इंटरप्राइजेज चल रहा था। उसी सिस्टम से मैसर्स गोपाल मिस्त्री इंटरप्राइजेज काम करेगा। कंपनी गोपाल मिस्त्री से बात कर संजय यादव का गेट पास निर्गत किया जाएगा। मुख्य अभियंता के निर्देश पर धरना स्थल पर पहुंचे एचआर के रवि कुमार व नरेश साहू से बातचीत के पश्चात भूख हड़ताल समाप्त हुआ। मौके पर युवा नेता उमेश यादव, झारखंड जनरल मजदूर यूनियन के सचिव विजय पासवान, मोहन यादव, दशरथ पासवान, जयचंद दास, सुजीत चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय

▶▶200-200 बार उठक बैठक करवाने के कारण छात्राओं का स्वास्थ्य बिगड़ गया था

▶▶ छात्राओं को अस्पताल लाया गया



राष्ट्रीय खबर

**हेरहंजः** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में वॉर्डन एलिजाबेथ कुमुद टोप्पो के द्वारा छात्राओं को 200-200 बार उठक बैठक करवाने के कारण छात्राओं का स्वास्थ्य बिगड़ गया था। जिसमें गुरुवार रात्रि से हीं इलाज चल रहा है। इसी मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार सुबह लगभग 9 बजे झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पहुँची। इस टीम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम, डॉ ध्रुव सत्य महतो,निरंजन कुमार टैक्नीशियन, संजय कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे। मेडिकल टीम ने बारी बारी से बीमार सभी छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया एवं दवाइयां भी दी। इस दौरान बी डी ओ प्रदीप कुमार दास भी कस्तूरबा विद्यालय पहुँचे। श्री दास ने कहा कि आज से विद्यालय गर्मी छुट्टी हो रही है। सभी बच्चियां अपने अपने घर जा रही हैं इसलिए स्वास्थ्य विभाग टीम सभी बच्चियों का अच्छी तरह जाँच कर दवा उपलब्ध करा दें। स्वास्थ्य विभाग के टीम ने बच्चियों से घटना की जानकारी ली व बच्चियों को होने वाले दिक्कतों की भी जानकारी ली। जिसमे अभी भी कई छात्राओं के पैर में सूजन आ गया है। गौरतलब हो कि यह मामला गुरुवार शाम का है।उसके बाद छात्राओं की स्थिति बिगड़ी। जिसके बाद से छात्राओं का इलाज कभी बालूमाथ तो कभी हेरहंज अस्पताल में किया जा रहा है।

दो छात्रा उषा कुमारी एवं प्रीति कुमारी की हालत ज्यादा गम्भीर थी जिसका इलाज शुक्रवार की रात्री में भी हेरहंज अस्पताल में कराया गया दोनों छात्रा को स्लाइन भी चढाया गया। इस द्वौरान बी डी ओ श्री दास दास भी शाम 7 बजे से लेकर 9 बजे तक अस्पताल में उपस्थित रहकर स्थिति का जायजा लेते रहें। रात्रि 10 बजे भी 5 छात्राओं को अस्पताल लाया गया जिसका इलाज रात में चलता रहा।

### इस तरह का शारीरिक दंड देना अमानवीय : कविता खलखो

**हेरहंज**: प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन एलिजाबेथ कुमुद टोप्पो के द्वारा छात्राओं को उठक बैठक की तुगलकी फरमान से छात्राओं की हालत बिगड़ गई थी। जिसके बाद राष्ट्रीय खबर में प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने के बाद शनिवार को जिले के जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कविता खलखो,एपीओ रोज मिंज व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रेमलता ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पहुंच कर मामले की जांच की।जांच के क्रम में मामले में सत्यता पाई गई। जिला के जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कविता खलखो ने कहा कि वार्डन के द्वारा छात्राओं को जिस तरह की कठोर शारीरिक दंड दिया गया है वह अमानवीय है।इस मामले में दोषी वार्डन के खिलाफ अवश्य कारवाई होगी।इसके लिए सभी छात्राओं व अविभावकों के साथ बैठक की गई।बैठक में सभी छात्राओं व अविभावकों के साथ चर्चा की गई।जिसमें छात्राओं ने कहा कि वार्डन के द्वारा हम लोगों को हमेशा प्रताड़ित किया जाता है।खाने में भी सही भोजन नहीं दिया जाता है।इसके साथ नहाने के लिए साबुन,पढ़ाई के लिए बुक कॉपी,कलम की भी कमी होते रहती है यहां तक कि इस कमी को विधायक वैद्यनाथ राम से भी कहे थे परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हमलोगो को इस भीषण गर्मी में भी आवास में न तो फंखा व्यवस्था है और न हीं कूलर की व्यवस्था है।अविभावकों ने कहा आज तक हमलोग अपनी बच्चियों को एक थपड भी नहीं मारे हैं और जिस भरोसे में इन वार्डन के ऊपर लगभग 200 बच्चियां का भविष्य बनाने के लिए जिम्मेवारी दिया गया है वही वार्डन के द्वारा बच्चियों को कठोर शारीरिक सजा दी जाने के बाद सभी बच्चियों की हालत गंभीर है।अभिभावकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से वार्डन को बर्खास्त करने की मांग की।

## विधायक ने किया आहर जीर्णोद्वार कार्य का शिलान्यास



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवीपुर पंचायत के ग्राम गुरहा के टोला पहरीडीह में 11 मई कि देर शाम जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग योजना अंतर्गत बदलू आहर का जीर्णोद्वार कार्य का शिलान्यास कोडरमा विधायक डा नीरा यादव व देवीपुर पंचायत मुखिया बेदू साव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर व नारियल फोड़कर किया। बदलू आहर का जीर्णोद्वार 31 लाख रुपए की लागत से किया जायेगा। मौके पर मरकच्चो भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, अशोक यादव, बलदेव यादव, लखन यादव, पवन सिंह, सकलदेव यादव, उम्रदेव यादव, संवेदक मनोज यादव, राजेश यादव, बिनोद यादव, विजय साव, विजय यादव, भोला यादव, अर्जुन यादव, महरू साव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में ग्रिजली विद्यालय के दीपक बने जिला टॉपर



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** सीबीएसई 10वीं में ग्रिजली विद्यालय के दीपक कुमार यादव 97.2 प्रतिशत अंक लाकर जिला एवं विद्यालय टॉपर बने, साक्षी सिंह 97 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे व विनायक 96.4 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा में कुल 232 छात्रों ने भाग लिया। जिनका परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में दीपक कुमार यादव 97.2 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वही साक्षी सिंह 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में दूसरे विनायक 96.4 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। जबकि कुंदन कुमार 96. 2 प्रतिशत अंक लाकर चौथे व हिमांशु सिंह 95.2 प्रतिशत अंक लाकर पांचवे स्थान पर रहे। वही प्रियांशु कुमार 95 प्रतिशत, ऐश्वर्या सुधांशु 94.8 प्रतिशत, अनन्या सिंह 94. 8 प्रतिशत, कृष कुमार एवं साइना सबरीन 94.6 प्रतिशत, पलक हिसरिया, करणदीप सिंह सलूजा एवं रिशु कुमार 94.4 प्रतिशत, आर्यन भदानी 94 प्रतिशत, अली अशरफ 93.8 प्रतिशत, अदिति बर्णवाल 93.6 प्रतिशत, सुभम कुमार राणा 92 .8 प्रतिशत, उदित किरण 92 प्रतिशत, अमन कुमार 91.8 , धनञ्जय कुमार, आदित्य राज, अलोक आजाद, कुशल कुमार एवं श्रेयांश दुग्गर 91.6 प्रतिशत, आर्यन, रिया रानी 91.2 प्रतिशत, ओम कुमार एवं मनीषा कुमारी 91 प्रतिशत, जिज्ञाषा 90.6 प्रतिशत, भास्कर 90.4 प्रतिशत, आशुतोष कुमार 90 प्रतिशत प्राप्त किया। विषयवार अंग्रेजी में कुंदन कुमार 100, हिंदी में अली अशरफ 97, गणित में साक्षी सिंह 100, विज्ञान में दीपक कुमार यादव, विनायक 100, सामाजिक विज्ञान में साक्षी सिंह 100, कंप्यूटर में दीपक कुमार यादव, साक्षी सिंह, आर्यन भदानी अली अशरफ 99 अंक हासिल किया। छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसिमे, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, प्रशासक अशरफ खान, शिक्षक सहित अन्य शिक्षको ने छात्रों व उनके परिजनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में श्रेष्ठ कुमार 96.6 प्रतिशत लाकर बने विद्यालय टॉपर



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैयाः** सीबीएससी बोर्ड के द्वारा 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस रिजल्ट में सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतेलैया के शत-प्रतिशत बच्चों ने सफलता पाई है। इस बारे में विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि परीक्षा में 151 छात्र शामिल हुए थे। इनमें 22 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। जबकि 27 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। अगर विषय वार जाने तो अंग्रेजी में श्रेष्ठ कुमार, रिया कुमारी, माही पांडेय को 95 अंक, श्रेष्ठ कुमार को संस्कृत में 98, गणित में 100, श्वेता सुमन को साइंस में 98, समृद्धि जायसवाल को एसएससी में 98, प्रिया श्रीवास्तव को आईटी में 98, रिया कुमारी, माही पांडेय, समृद्धि बड़गवे और श्रेया सिन्हा को हिंदी में 95 अंक हासिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि श्रेष्ठ कुमार 96.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना।

जबकि समृद्धि जायसवाल 95 प्रतिशत लाकर स्कूल की सेकंड टॉपर बनी। वहीं रिया कुमारी 94.8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर, श्वेता सुमन 94.4 अंक लेकर चौथे स्थान पर रही। पीयूष कुमार 93.6 प्रतिशत अंको के साथ पांचवे तथा प्रिया श्रीवास्तव ओर सचिन कुमार ने 93 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से छठा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार ने सभी सफल बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी सफल छात्रों को बधाई देने वाला में एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, संजय तिवारी, शंकर कुमार, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह, विक्रम कुमार, विक्की कुमार, सतीश कुमार, सुनील पाठक समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों ने बधाई दी है।

## कोडरमा : एडुमेटा द आई स्कूल ने मनाया मदर्स डे



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** जिला मुख्यालय में सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आई स्कूल में शुक्रवार को मदर्स डे मनाया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने खूब मस्ती की, वहीं बच्चों की माताओं के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान क्विज और म्यूजिकल चेयर में मॉम्स ने हिस्सा लिया। आयोजन में मदर्स डे सेलिब्रेशन हुआ और सभी ने मिलकर केक काटा। मॉम्स के लिए म्यूजिकल चेयर, क्विज जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सनाया की मम्मी प्रिया और सिद्धार्थ की मम्मी मोनिका ने खिताब जीता। इस अवसर पर स्कूल की निदेशक मधु कुमारी ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। निदेशक मधु ने कहा कि नन्हे मुन्हे बच्चों की मम्मी ने आकर कार्यक्रम में उत्साह और उमंग भर दिया। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह समर कैंप का आयोजन किया जाएगा और कुछ कार्यक्रमों में बच्चों की माताओं की भी भागीदारी होगी। स्कूल की एडमिन श्रुति राय ने बताया कि इस प्ले स्कूल में बच्चों को खेल के साथ शिक्षा दी जाती है।

**जलसंकट** पानी के लिए भटक रहे हैं लोग

# परसाबाद जल मीनार साबित हो रहा हाथी का दांत

राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड में करोड़ों की लागत से बना परसाबाद जल मीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। बताते चलें कि परसाबाद जल मीनार से पेयजल आपूर्ति योजना नहीं होने के कारण लोगों के बीच में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। मालूम हो कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. चितरंजन यादव के द्वारा परसाबाद में जल मीनार का निर्माण करवाया गया था। गौरतलब है कि पूर्व में यह जल मीनार गडगी पंचायत के निवर्तमान मुखिया लखपत यादव एवं कटिया पंचायत के निवर्तमान मुखिया हिंद किशोर राम के देखरेख में चल रहा था। लेकिन परसाबाद जल



मीनार से विगत कई वर्षों से पेयजल आपूर्ति योजना नहीं होने के कारण लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। महिलाओं को पानी लाने के लिए लगभग आधा किलोमीटर दूर जाना पड़ता है जिससे महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि इस जल मीनार से लगभग दो हजार से अधिक लोगों का कनेक्शन है। वहीं लोगों ने बताया कि परसाबाद जल मीनार को लेकर स्थानीय विधायक सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं पेयजल विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से कई बार ग्रामीणों ने अवगत करवाया।

परंतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण विगत कई वर्षों से परसाबाद जल मीनार पेयजल आपूर्ति योजना बंद पड़ा है। जैसे जैसे गर्मी का मौसम आते जा रहा है वैसे वैसे प्रखंड के विभिन्न इलाकों में तालाब, कुआं, डोबा का पानी सुखना शुरू हो गया है। परसाबाद जल मीनार से अति शीघ्र पेयजल आपूर्ति योजना प्रारंभ नहीं किया गया तो लोगों को पानी के कारण कई प्रकार का समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

लोगों ने बताया कि परसाबाद जल मीनार से कई वर्षों से पेयजल आपूर्ति योजना नहीं होने के कारण जयनगर मार्ले पार्टी के द्वारा परसाबाद जल मीनार के सामने अनिश्चित धरना प्रदर्शन किया गया था, उस समय विभाग के अधिकारियों के द्वारा लोगों को आश्वासन दिया था कि अब एक दो दिनों में परसाबाद जल मीनार से पेयजल आपूर्ति योजना चालू किया जाएगा। लेकिन दो-तीन दिन तक ही परसाबाद जल मीनार से पेयजल आपूर्ति किया गया।

## न्यूज फटाफट

### दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में अमेरिका,जर्मनी,नीदरलैंड से विद्वानों ने भाग लिया



**कुडू** :अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन ऑफ एजुकेशन टिको ,कुडू, लोहरदगा की आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चितता प्रकोष्ठ के द्वारा प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था की सातत्यता के संदर्भ में नई शिक्षा नीति पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हाइब्रिड मैथड द्वारा ग्लोबल संस्कृत फोरम के कोलेबोरेशन में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया शॉल,पारंपरिक पत्ते की टोपी,झारखंडी गमझा,हस्तनिर्मित पेंटिंग आदि भेंट कर स्वागत किया गया।इंद्रजीत कुमार सेमिनार के मुख्य संरक्षक,ग्लोबल संस्कृत फोरम के सचिव डॉ राजेश कुमार मिश्र सेमिनार के समन्वयक,सेमिनार के संरक्षक प्रो विष्णु पद महापात्र अध्यक्ष ग्लीबल संस्कृत फोरम एवम लाल बहादुर राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली,प्रो सेन पाठक अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ग्लोबल संस्कृत फोरम एवम डिपार्टमेंट ऑफ जेनेटिक्स द यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एम डी एंडरसन कैंसर इंस्टीट्यूट से मुख्य संरक्षक की भूमिका में रहे। विशिष्ट अतिथि और वक्ता के रूप में प्रो कपिल मेहता इंटरनेशनल वाइस प्रेसिडेंट ग्लोबल संस्कृत फोरम एवम यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास से,प्रो राम पी भट्ट यूनिवर्सिटी ऑफ हेमबर्ग जर्मनी से, प्रो पुष्पुता अवस्थी प्रेसिडेंट हिंदी यूनिवर्सिटी फाउंडेशन नीदरलैंड से, प्रो विवेक मणि त्रिपाठी क्वांगटोंग यूनिवर्सिटी चाइना से जुड़े और संबोधित किया।

### युवक ने होमगार्ड के जवान पर तानी पिस्टल

**कुडू** :कुडू ब्लॉक मोड़ के नजदीक सरकारी लीची बागान में शुक्रवार मो लीची तोड़ने से मना करने पर सिरफिरे युवक ने होमगार्ड के जवान पर पिस्टल तान दिया। इतना ही नहीं युवक पिस्टल लेकर प्रखंड सह अंचल मुख्यालय पहुचकर सीओ प्रवीण कुमार सिंह को भी जान से मारने की धमकी देने लगा। तत्काल सीओ ने इसकी सूचना थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह को दिया। पुलिस पहुचने से पहले युवक पिस्टल लेकर भागने में सफल रहा । कुडू ब्लॉक मोड़ के नजदीक कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुडू के चारदीवारी से सटे सरकारी लीची, आम अमरूद, कबरंगा तथा अन्य फलो का बगान है। जहा वर्तमान में लीची के पौधे में लीची का फल तैयार हो गया है । जिसका देखरेख के लिए सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने होमगार्ड के जवान तथा चौकीदार की प्रतिनियुक्ति किया है। शुक्रवार को होमगार्ड जवान बगान में पहुंचा चार-पांच युवक लीची तोड रहें थे । होमगार्ड जवान को देखते ही चार युवक भाग निकले तथा एक युवक को पकड़ कर होमगार्ड के जवान ने सीओ के पास ले गया। सीओ ने युवक को आगे से उक्त बागान से लीची नहीं तोड़ने को कहा। इसके बावजूद युवक बगान पहुंचा तथा लीची तोड़ने लगा। होमगार्ड का जवान दोबारा बगान में पहुंचा तो जवान को देखते ही युवक बगल में छिपाकर रखे गए दो देशी कट्टा निकाला तथा होमगार्ड के जवान पर तान दिया। और जान से मारने की धमकी देने लगा । जवान वहाँ से भागकर अंचल कार्यालय पहुंचा तथा सीओ को सुचना दी। इसी बीच सिरफिरा युवक भी अंचल कार्यालय पहुंच गया और सीओ को जान से मारने की धमकी देने लगा। सीओ ने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवक भाग निकला । सीओ ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मामले की प्राथमिकी दर्ज करायी है। युवक फरार बताया जा रहा है । दिन-दहाड़े पिस्टल लहराने की घटना से शहरी क्षेत्र के लोग सकते में है। पुलिस युवक की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रहीं हैं।

### लीला जानकी पब्लिक स्कूल की परीक्षा फल शत प्रतिशत लड़कियों ने मारी बाजी




**पेटरवार** : पेटरवार लीला जानकी पब्लिक स्कूल रघुनाथपुरा सीबीएसई बोर्ड की ओर से जारी 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में विद्यालय में छात्र के वनिस्पत छात्राओं ने बाजी मारी। इस विद्यालय से 232 छात्र- छात्राओं ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा परिणाम में सभी छात्र ओर छात्राएं सफल रहे। विद्यालय की छात्रा प्रज्ञा प्रिया ने 96 .2 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर होने का गौरव हासिल किया। इस विद्यालय में टॉप टेन में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं में सक्षम कुमार 93 .4, किशन महाराज 93 .2, मिथुन सिंह 92 .6, मिनाक कुमारी 92 .4, राज कुमार सोनी 92 .4, कृष्णा राम महथा 90 .4, जसवंत प्रसाद 89 .8, नयन कुमारी 89 .2, आदित्य किशोर 88 .8 ओर यश राज ने 88 .6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉप टेन में शामिल हुए। विद्यालय टॉपर प्रज्ञा प्रिया ने इस उपलब्धि का सारा श्रेय अपने गुरुजन ओर माता- पिता को दिया। कहा कि विद्यालय के अलावे चार घंटे तक अपने घर में पढ़ाई करती थी जिसमे मेरे माता- पिता ओर नीरज सर का भरपूर सहयोग मिलता रहा है और यही कारण है कि मैं अपने विद्यालय का टॉपर बन सकी। उन्होंने कहा कि आगे आई आई टी की शिक्षा प्राप्त करेंगे ओर माता पिता का नाम रौशन करेंगे। इस मौके पर नीरज कुमार सिन्हा ,अमर प्रसाद ,मुकेश कुमार अभिषेक खन्ना एवं शिक्षक शिक्षिकाएं ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कबाड़ी दुकान में आग लगने से हजारों का नुकसान



**जयनगर:** थाना अंतर्गत पावर हाउस के समीप शुक्रवार की सुबह एक कबाड़ी की दुकान में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग लगने की सूचना कबाड़ी दुकानदार अमरनाथ कसेरा के द्वारा जयनगर थाना को दिया गया। इसके बाद थाना से इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी। सूचना पर अग्निशमन विभाग कोडरमा की टीम दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अमरनाथ कसेरा ने बताया कि आग लगने की घटना में उनके कबाड़ी की दुकान में रखे रद्दी कागज, टायर, प्लास्टिक के कबाड़ के सामान जल गए। जिसमें उन्हें करीब 25 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि समय पर अग्निशमन विभाग के वाहन पहुंचने की वजह से आग पर काबू पाया जा सका और दुकान में लगी आग पर काबू पाते हुए करीब 60 फीसदी हिस्से को आग की चपेट में आने से बचाया गया और एक बड़ी क्षति को रोका गया। उन्होंने बताया कि आग लगने वाली घटना में बगल स्थित उनका घर आग की चपेट में आने से बच गया।

## न्यूज फटाफट

### रिदम ने निशानेबाज़ी विश्व कप में तोड़ा सर्वश्रेष्ठ स्कोर का रिकॉर्ड



**बाकू :** भारतीय निशानेबाज रिदम सांगवान ने शनिवार को यहां निशानेबाज़ी विश्व कप में क्वालिफिकेशन राउंड में 595 अंक का स्कोर बनाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ स्कोर का 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। सांगवान ने 1994 में बुल्गारिया की डायना इगोरोवा द्वारा बनाये गये 594 के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर को पीछे छोड़कर यह रिकॉर्ड बनाया। चीन की लूना ताओ ने 2002 में और जर्मनी की डोरेन वेनेकैंप ने 2023 में इस स्कोर की बराबरी की थी। सांगवान हालांकि फाइनल में 10 के समग्र स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पहली शृंखला में सांगवान के पांचों शॉट चूक गये थे, जिसके बाद वह बाकी के मैच में वापसी की कोशिश करती रहीं। इससे पहले सांगवान ने विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था।

### ब्रैडबर्न पाकिस्तान के नये कोच नियुक्त हुए



**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को ग्रांट ब्रैडबर्न को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। ब्रैडबर्न को दो साल का अनुबंध दिया गया है। इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की घरेलू शृंखला के लिये अप्रैल में अंतरिम कोच नियुक्त किया गया था। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय दोनों सीरीज जीती थीं। पिछले महीने, पीसीबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि वह सात मई को समाप्त हो चुकी न्यूजीलैंड सीरीज के अंत में कोच नियुक्त कर लेगा। बोर्ड ने एंड्रयू पुटिक को बल्लेबाजी कोच नामित किया, जबकि उमर गुल को गेंदबाजी कोच और अब्दुल रहमान को ब्रैडबर्न के सहायक कोच के रूप में नियुक्त किया गया। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ब्रैडबर्न इससे पहले 2018 में पाकिस्तान के फील्डिंग कोच रह चुके हैं। उन्होंने देश की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उच्च-प्रदर्शन प्रमुख के रूप में भी काम किया है। पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी ने एक बयान में कहा, ''ब्रैडबर्न कोचिंग अनुभव के खज़ाने के साथ टीम में आये हैं। हमारी राष्ट्रीय टीम और एनसीए में पहले काम कर चुके ब्रैडबर्न हमारी क्रिकेट संस्कृति और सिद्धांतों को समझते हैं और इस टीम को आगे ले जाने के लिये उपयुक्त व्यक्ति हैं।'' पाकिस्तान ने इस साल होने वाले 50 ओवर के एशिया कप और एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हाल ही में पूर्व कोच मिकी आर्थर को टीम का निदेशक नियुक्त किया था। ब्रैडबर्न ने कहा, ''पाकिस्तान जैसी प्रतिभावान और कुशल टीम के साथ हेड कोच के रूप में काम करना मेरे लिये सम्मान की बात है। हम अपने खेल को बेहतर बनाने और अपने बढ़ते कौशल का प्रदर्शन करने के लिये आतुर हैं। मिकी आर्थर और मैं हमारे खिलाड़ियों का समर्थन करने, उन्हें चुनौती देने और उनका विकास करने को लेकर उत्सुक हैं। न्यूजीलैंड शृंखला खेल का समय पाने और जीतने के लिए भूमिकाओं, संस्कृति और ब्रांड की स्पष्टता बनाने के लिये मूल्यवान रही है।''

**आईपीएल** क्लासेन और समद के बीच हुई 58 रन की आक्रामक साझेदारी की मदद से

# सनराइजर्स ने लखनऊ को दिया 183 रन का लक्ष्य

एजेंसियां

**हैदराबादः** सनराइजर्स हैदराबाद ने हेनरिक क्लासेन (29 गेंद, 47 रन) और अब्दुल समद (25 गेंद, 37 रन) के बीच हुई 58 रन की आक्रामक साझेदारी की मदद से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने 183 रन का लक्ष्य रखा। सनराइजर्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए तेज शुरुआत की और चित-परिचित अंदाज में विकेट भी गंवाये। अभिषेक शर्मा पांच गेंद पर सात रन बनाकर आउट हुए जबकि राहुल त्रिपाठी 13 गेंद पर चार चौकों की मदद से 20 रन ही बना सके। अनमोलप्रीत सिंह ने हालांकि आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और सनराइजर्स को पावरप्ले में 56 रन तक पहुंचाया।



उन्होंने नौंवे ओवर में अमित मिश्रा को एक छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह मिश्रा को कैच थमा बैठे। अनमोलप्रीत ने 27 गेंद पर सात चौकों की मदद से 36 रन बनाये। उनका विकेट गिरने के बाद कप्तान एडेन मार्करम और क्लासेन सनराइजर्स को 200 रन की ओर ले जा सकते थे, लेकिन लखनऊ के कप्तान क्रुणाल पांड्या ने कसी हुई गेंदबाजी कर-के विपक्षी टीम की आक्रामकता पर लगाम लगायी। क्रुणाल ने 13वें ओवर में लगातार गेंदों पर मार्करम (20 गेंद, दो चौके, एक छक्का, 28 रन) और ग्लेन फिलिप्स (शून्य) का विकेट चटकाया। उन्होंने चार ओवर में दो सफलताएं हासिल करते हुए मात्र 24 रन दिये।

मध्य ओवरों में रनगति थमने के बावजूद क्लासेन और समद ने टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। क्लासेन ने 16वें ओवर में मिश्रा को दो छक्के लगाये, जबकि समद ने अगले ओवर में पांड्या को एक छक्का जड़ा। क्लासेन अपने अर्द्धशतक से तीन रन की दूरी पर आउट हो गये, लेकिन समद ने 25 गेंद पर एक चौके और चार छक्कों के साथ नाबाद रहकर लखनऊ के सामने 182 रन का स्कोर खड़ा किया। पांड्या के अलावा युद्धवीर सिंह, आवेश खान, यश ठाकुर और मिश्रा ने भी एक-एक विकेट लिया। रवि बिश्नोई ने दो ओवर में 23 रन दिये जबकि उन्हें कोई सफलता हासिल नहीं हुई।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी

**हैदराबाद :** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम ने शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मार्करम ने टॉस के बाद कहा, ''हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। विकेट अच्छा दिख रहा है, थोड़ा रूखा रहने की उम्मीद है। आशा है कि हम अच्छा स्कोर खड़ा कर सकेंगे और उन पर दबाव बना सकेंगे। दोपहर के मैचों में पिच बहुत ज्यादा नहीं बदलती। हम रोमांचक स्थिति में हैं, उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकेंगे। एक बल्लेबाजी हरफनमौला (सनवीर सिंह) को टीम में शामिल किया गया है।'' सुपर जायंट्स के कप्तान क्रुणाल पांड्या ने कहा, ''हमने भी पहले बल्लेबाजी ही की होती, लेकिन मुझे गेंदबाजी करने से भी कोई ऐतराज़ नहीं है। यह सीज़न हमारे लिये उतार-चढ़ाव भरा रहा है। हमें अच्छी क्रिकेट खेलने की जरूरत है, सिर्फ यही मायने रखता है। विकेट अच्छा है और पूरे मैच में एक जैसा ही रहेगा। हमारी टीम में (दीपक) हुड्डा और मोहसिन (खान) की जगह प्रेरक (मांकड़) और युद्धवीर (सिंह) टीम में आये हैं।'' लखनऊ सुपर जायंट्स एकादश : क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), काइल मेयर्स, क्रुणाल पांड्या (कप्तान), प्रेरक मांकड़, मार्कस स्टॉइनिस, निकोलस पूरन, अमित मिश्रा, यश ठाकुर, रवि बिश्नोई, युद्धवीर सिंह चरक, आवेश खान। सनराइजर्स हैदराबाद एकादश : अभिषेक शर्मा, अनमोलप्रीत सिंह, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्करम (कप्तान), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, अब्दुल समद, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी।

## सूर्य का आत्मविश्वास अन्य खिलाड़ियों को प्रेरित करता है : रोहित

एजेंसियां



**मुंबईः** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि सूर्यकुमार यादव का आत्मविश्वास टीम के अन्य बल्लेबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रेरित करता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीज़न की खराब शुरुआत के बाद सूर्यकुमार अपने विस्फोटक अंदाज़ में वापस आ गये हैं। उन्होंने शुक्रवार को केवल 49 गेंद पर नाबाद 103 रन की पारी खेली, जिसके दम पर मुंबई ने गुजरात टाइटन्स को 27 रन से मात दी। रोहित ने सूर्यकुमार के आत्मविश्वास पर मैच के बाद कहा, ''उसमें आत्मविश्वास है। हम क्रीज़ पर दाएं हाथ और बाएं हाथ के बल्लेबाज़ों का संयोजन रखना चाहते थे लेकिन सूर्यकुमार ने कहा कि वह क्रीज़ पर बल्लेबाज़ी के लिये जाना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''उसमें इस तरह का आत्मविश्वास है जो दूसरों को भी प्रभावित करता है। वह हर खेल को नये सिरे से शुरू करना चाहता है और बीते हुए मैच को पीछे मुड़कर नहीं देखता। आप आराम से बैठ कर गर्व महसूस कर सकते हैं लेकिन उसकी ऐसी आदत नहीं है।'' सूर्यकुमार के शतक की मदद से मुंबई ने गुजरात के सामने 219 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 102 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे।

## कामकाज तदर्थ समिति के हवाले करे डब्ल्यूएफआई : आईओए

एजेंसियां



**नयी दिल्ली :** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के महासचिव को महासंघ के वित्तीय लेखे-जोखे सहित सभी आधिकारिक दस्तावेज तदर्थ पैनल के हवाले करने का आदेश दिया है। आईओए ने शुक्रवार को जारी एक पत्र में आदेश दिया कि डब्ल्यूएफआई की शासकीय समिति महासंघ के कामकाज में कोई भूमिका नहीं निभाएगी। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि उसे आईओए का आदेश मानने में कोई आपत्ति नहीं है। उल्लेखनीय है कि पहलवानों के अप्रैल में प्रदर्शन पर लौटने के बाद आईओए ने डब्ल्यूएफआई के संचालन और चुनाव आयोजित करने के लिये एक तदर्थ पैनल का गठन किया था। ये एथलीट महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। आईओए ने अपने पत्र में कहा कि सभी प्रशासनिक, वित्तीय और संचालन-संबंधी कार्य तदर्थ पैनल द्वारा किये जायेंगे। आईओए ने कहा, ''आईओए के 12 मई 2023 के आदेश के अनुसार, यह स्पष्ट किया जाता है कि कुश्ती के अनुशासन के लिये आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति खेल संहिता के तहत राष्ट्रीय खेल संघ के सभी कार्य और जिम्मेदारियां पूरी करेगी। तदर्थ समिति के होते हुए डब्ल्यूएफआई के पदाधिकारी महासंघ के किसी काम में कोई भूमिका नहीं निभाएंगे। वे किसी प्रशासनिक, वित्तीय, संचालन-संबंधी या किसी अन्य भूमिका में काम नहीं करेंगे।

## द कपिल शर्मा शो में नजर आयेंगी मंदाकिनी



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री मंदाकिनी ह्वद कपिल शर्मा शोह्व में नजर आयेंगी। द कपिल शर्मा शो में राम तेरी गंगा मैली फेम अभिनेत्री मंदाकिनी नजर आने वाली हैं। इस बात की जानकारी मंदाकिनी ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। मंदाकिनी ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि वह द कपिल शर्मा शो में हिस्सा लेने वाली हैं। वीडियो में उन्हें मेकअप करवाने से लेकर ब्लैक सूट में रेडी होकर पोज देते हुए देखा जा सकता है। वीडियो के कैप्शन में मंदाकिनी ने लिखा, मेरे साथ तैयार हो जाइए द कपिल शर्मा शो में जाने के लिए. जल्द एयर होगा।

## सलमान-शाहरुख ने शुरू की टाइगर 3 की शूटिंग



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और शाहरुख खान ने फिल्म 'टाइगर 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। यशराज बैनर तले बन रही फिल्म टाइगर 3 के लिये सलमान और शाहरूख ने मुंबई के मड आईलैंड में शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में शाहरुख का कैमियो है। सलमान और शाहरूख ने स्पेशल एक्शन सीक्वेंस शूट किया है।शूटिंग पूरे सात दिनों तक चलेगी।सेट पर निर्माता आदित्य चोपड़ा ने करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। सलमान और शाहरूख 'टाइगर 3' के लिए बहुत बड़ा एक्शन सीन करने वाले हैं, जिसमें हवा में कलाबाजियां होंगी। आदित्य चोपड़ा इस सीक्वेंस को बड़े लेवल तक ले जाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सेट बनाने के लिए 35 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। 'फिल्म 'टाइगर 3' को मनीष शर्मा निर्देशित कर रहे हैं। टाइगर 3 में सलमान खान,कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी फिल्म की अहम भूमिका होगी।यह फिल्म इसी साल दिवाली पर हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।

## विजय देवरकोंडा ने सामंथा प्रभु के साथ बनायी रील

एजेंसियां



**मुंबईः** दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अभिनेत्री सामंथा प्रभु के साथ रील बनायी है। विजय देवरकोंडा ने सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म कुशी के सेट से एक रील शेयर की है। विजय ने फिल्म के गाने ना रोजा नुव्वे पर रील बनाई है।

इस वीडियो में विजय देवरकोंडा अपनी को-स्टार सामंथा प्रभु के साथ मस्ती भरा मोमेंट शेयर करते दिख रहे हैं।'उसे नहीं पता है कि कुशी ये रील बना रहा है' - इस लाइन के साथ वीडियो की शुरुआत होती है। वीडियो में विजय ने सेट पर सामंथा के साथ शूटिंग के दौरान बिताए पलों की एक रील शेयर की है। विजय देवरकोंडा ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा,तुम उसे लिए क्या हो, कुशी ये बताने का कोई भी मौका नहीं छोड़ता। फिर चाहे तुम इस बात की कद्र न भी करो तो भी नहीं। विजय देवरकोंडा और सामंथा प्रभु की फिल्म कुशी इस साल 01 सितंबर को रिलीज होगी।

## 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' में काम करेंगे अल्लू अर्जुन !

एजेंसियां



**मुंबईः** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन फिल्म ह्वद इम्मोर्टल अश्वत्थामाह्व में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड निर्देशक आदित्य धर की ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म ह्वद इम्मोर्टल अश्वत्थामाह्व पिछले 5 सालों से रुकी पड़ी है। पहले इस फिल्म में विक्की कौशल को साइन किया गया था। लेकिन कुछ कारणों से बात नहीं बन पाई। चर्चा है कि अब इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन का चयन किया गया है। आदित्य धर की फिल्म ह्वद इम्मोर्टल अश्वत्थामा' मेगा बजट की फिल्म है। इस फिल्म में अश्वत्थामा को एक सुपरहीरो की तरह दिखाया जाएगा जिसके पास ऐसी अद्भुत शक्तियां होगी। वह कभी भी मर नहीं सकता है। यह फिल्म दो पार्ट्स में रिलीज होगी। द इम्मोर्टल अश्वत्थामा को जियो स्टूडियों प्रोड्यूस कर रहे हैं।मेकर्स और अल्लू अर्जुन के बीच में कई चीजों पर बात हो चुकी हैं। यदि सबकुछ सही रहा तो अल्लू अर्जुन 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' में काम करते नजर आ सकते हैं।

## सुपर नैचुरल थ्रिलर में काम करेंगे अजय देवगन

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन सुपर नैचुरल थ्रिलर में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि अजय देवगन निर्देशक विकास बहल की सुपर नैचुरल थ्रिलर में काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म को अजय देवगन प्रोड्यूस भी करने वाले हैं। अजय देवगन इस फिल्म को निर्माता कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के साथ मिलकर को-प्रोड्यूस भी करने वाले हैं। फिल्म के नाम का खुलासा अभी नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि अजय देवगन की इस फिल्म की शूटिंग अगले महीने से शुरू हो जाएगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### करंट लगने से किसान की मौत

**अजमेर** : राजस्थान में अजमेर के पुष्कर से सटे गांव किशनपुरा में आज सुबह खेत में काम करने के दौरान विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक किसान की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक सावरलाल (30) बताया जा रहा है। मृतक के तीन बच्चे भी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिये जाने की मांग की है। पुष्कर थानापुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### आज नेशनल लोक अदालत, हजारों प्रकरणों का होगा निराकरण

**भोपाल** : मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आज जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। जिला न्यायालय भोपाल और बैरसिया में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन हो रहा है। इसमें 72 हजार से अधिक प्रकरण रखे जाएंगे, जिनका आपसी सहमति और सुलाह से निराकरण होगा।

### नकाबपोश बदमाशों ने युवक का अपहरण कर की मारपीट

**भीलवाड़ा** : राजस्थान में भीलवाड़ा शहर के बगता बाबा क्षेत्र में आधा नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर हाथ-पैर बांधकर लोहे के पाइपों से करीब तीन घंटे तक मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बगता बाबा, तिलकनगर निवासी जयेश तेली ने अस्पताल में मीडिया को दिये बयान में बताया कि वह कॉलोनी में ही शिव मंदिर के पास बीती रात को बैठा था। इस दौरान ब्रेजा कार से 6 लोग आये। इनमें से दो नकाबपोश थे। नीचे उतरे दो लोगों ने उसके (जयेश) की गर्दन पर तलवार रख दी और उसे जबरन कार में डाल दिया। कार में उसका मुंह बांध दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मतगणना के प्रारंभिक परिणामों में कांग्रेस ने 10 सीटें जीती

**बेंगलुरू** : कर्नाटक विधानसभा चुनाव की मतगणना के प्रारंभिक परिणामों में कांग्रेस ने 10 सीटें जीत ली है जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खाते में चार सीटें आयी है वहीं जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) ने महज एक सीट जीती है। कांग्रेस ने मतगणना के प्रारंभिक दौर से ही अपनी बढ़त बनाये रही। चुनाव आयोग के मुताबिक दो बजे तक की मतगणना में कांग्रेस 126 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है वहीं भाजपा 60 तथा जद-एस 19 सीटों पर आगे चल रही है। इसके अलावा निर्दलीय समेत दो क्षेत्रीय दलों के उम्मीदवार चार सीटों पर आगे हैं।

### टीवी, अन्य मांगों को लेकर बठिंडा जेल के कैदी भूख हड़ताल पर

**चंडीगढ़/बठिंडा** : पंजाब की बठिंडा जेल के 52 कैदी, जिनमें अधिकांश गिरोहबाज हैं, टीवी और अन्य मांगों को लेकर पिछले चौबीस घंटे से भूख हड़ताल पर हैं। एक कैदी के वकील विक्रम आनंद ने आज यूनीवार्ता को बताया कि कैदी जेल में ''अमानवीय हालात'' का विरोध कर रहे थे। इनकी अन्य मांगों में कॉल संख्या बढ़ाने क्योंकि वर्तमान में केवल पांच कॉल करने की अनुमति होने के कारण कैदी अपने वकील तक से बात नहीं कर सकते, कैंटीन कार्ड एक हजार रुपये तक टॉप अप कराने की अनुमति देने और चौबीसों घंटे कोठरी में बंद रखने के बजाय अन्य कैदियों की तरह जेल में खुला घूमने की अनुमति देने की मांग शामिल है। आनंद ने कहा कि कुछ और मुद्दे भी हैं। जेल अधिकारियों का कहना है कि यह सभी कैदी ''ए श्रेणी के गिरोहबाज'' हैं। इस बीच, बठिंडा से एक रिपोर्ट के अनुसार कैदी एक पखवाड़ा पहले भी भूख हड़ताल पर गये थे, पर उन्होंने जेल अधिकारियों के आश्वासन पर हड़ताल तुरंत समाप्त कर दी।

रेवेन्यू > योगी राज में हर दिन 115 करोड़ की शराब बिक्री

# दिल्ली के दंगल से फायदा उठा रहा पड़ोस का राज्य उत्तरप्रदेश

राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश ने शराब की बिक्री में एक नई मिसाल कायम की। योग्याकार्ता में पिछले कुछ सालों में शराब की बिक्री रिकॉर्ड दर से बढ़ी है। राज्य के आबकारी विभाग के आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रोजाना 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की शराब की बिक्री हो रही है। लेकिन हालिया रिपोर्ट जो बताती है, उस पर तो आंखें उठ ही जाएंगी। इस राज्य में रोजाना करीब 115 करोड़ रुपए की शराब बिकती है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, राज्य के हर जिले में औसतन हर दिन 2.5 करोड़ रुपये से 3 करोड़ रुपये की शराब बिकती है। सर्वे के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में दो साल पहले रोजाना करीब 85 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री होती थी। इसके बाद से शराब की बिक्री में लगातार



इजाफा हो रहा है। माना जा रहा है कि इससे प्रभावित होकर ही हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी अपनी आबकारी नीति में बदलाव किया है। जिसका मकसद अधिक राजस्व कमाना है।

मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा, गाजियाबाद और आगरा- उत्तर प्रदेश के ये तीन जिले सबसे ज्यादा शराब बेचते हैं। सर्वे ऐसा कहता है। आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में प्रतिदिन 12 से 15 करोड़ रुपये की विभिन्न प्रकार की शराब की बिक्री होती है। प्रयागराज में एक दिन में औसतन 4.5 करोड़ रुपये की शराब और बीयर बिकती है। बताया जा रहा है कि आगरा में 12-13 करोड़, लखनऊ में 10-12 करोड़, कानपुर में 8-10 करोड़ और वाराणसी में 6-8 करोड़ रुपये में शराब बिक रही है। उत्तर प्रदेश में शराब की मांग इतनी तेजी से क्यों बढ़ रही है, इसे लेकर तरह-तरह की थ्योरी हैं। पिछले 3-4 सालों में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में शराब और बीयर खरीदने का चलन बढ़ा है। आबकारी विभाग द्वारा किए गए प्रारंभिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि इस राज्य के लोग पहले की तुलना में आर्थिक रूप से अधिक समृद्ध हुए हैं। नतीजतन जेब पर शराब खरीदने के लिए दबाव नहीं पड़ता है। साथ ही, शराब की सामाजिक स्वीकृति पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उनमें से ज्यादातर न सिर्फ त्योहारों बल्कि रोजाना की थकान दूर करने के लिए भी पीने की जिद करते हैं। वैसे लोग यह भी कहते हैं कि बिहार में शराबबंदी होने की वजह से अनेक लोग सीमावर्ती इलाकों से यूपी ने शराब पीने और ले जाने आते हैं। रोक के बाद भी इस तरीके से बिहार की सीमा से सटे इलाकों में शराब ले जाने पर पूरी तरह रोक नहीं लग पायी है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि दरअसल शराब की असली खपत दिल्ली की सीमा पर है, जहां दिल्ली की उस आबकारी नीति को लागू नहीं किया गया है, जो अब पंजाब में लागू होने के बाद राज्य सरकार को अच्छा खासा मुनाफा दे रहे है।

## जालंधर जीत सरकार के कार्यों पर मुहर : मान

एजेंसियां

**चंडीगढ़:** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को जालंधर उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार रिंकू की जीत को उनकी सरकार के पिछले लगभग 14 महीनों के कार्यों पर जनता की मुहर करार दिया। श्री मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित किया, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी धर्म, जातपात की राजनीति नहीं करती और उसके मुद्दे शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि होते हैं। उन्होंने पार्टी वालंटियरों को बधाई दी और कहा कि जीत ने उनकी जिम्मेवारी और बढ़ा दी है। विपक्ष की राजनीति पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उन्हें भी बधाई देना चाहेंगे, जिन्होंने उनको गालियां दीं, आपत्तिजनक, अनापशनाप बातें कीं और निजी हमले किये। उनका इशारा संभवतः एक मंत्री के खिलाफ कथित आपत्तिजनक वीडियो को लेकर मामले को उछालने पर था। उन्होंने कहा कि वह समय गया जब किसी पर इल्जाम लगा दो, वोट मिल जाते थे। मान ने कहा कि आज लोग सोचते हैं कि उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी कि नहीं। उन्होंने दावा किया कि 2024 में पार्टी पंजाब की सभी तेरह सीटें जीतने की कोशिश करेगी।

## अर्मेनिया और अजरबैजान की सेना के बीच फिर से गोलीबारी

राष्ट्रीय खबर

**नार्गोर्नो:** अर्मेनिया और अजरबैजान ने अपने 30 साल पुराने क्षेत्रीय विवाद को हल करने के उद्देश्य से यूरोपीय संघ द्वारा आयोजित वार्ता से पहले अपनी अशांत सीमा के दिनों में गोलाबारी के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया है। यह लड़ाई गुरुवार को हुई क्योंकि दोनों देश अजरबैजान के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त क्षेत्र नागोर्नो-काराबाख पर दशकों से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए एक शांति समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन मुख्य रूप से अर्मेनियाई लोगों द्वारा आबादी है। अर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान



में कहा, अजरबैजान की सेना सोटक क्षेत्र में अर्मेनियाई स्थिति में तोपखाने और मोर्टार की शूटिंग कर रही है, जिसमें उसके चार सैनिक घायल हो गए। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अर्मेनियाई पक्ष ने एक बार फिर युद्धविराम समझौते का उल्लंघन किया है। वे बड़े कैलिबर के हथियारों के साथ हमला कर चुके हैं। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अर्मेनियाई सेना के उकसावे के बाद अजरबैजान की सेना का एक सैनिक मारा गया। यह घटना यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल द्वारा शनिवार को ब्रसेल्स में बातचीत के लिए अर्मेनिया के निकोल पशिनयान और अजरबैजान के इल्हाम अलीयेव की मेजबानी करने के कुछ दिन पहले की है।

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से हार स्वीकारी




एजेंसियां

**बेंगलुरु :** कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य विधानसभा चुनाव में शनिवार को अपनी हार स्वीकार ली। अपराह्न एक बजे तक की मतगणना में कांग्रेस 127 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। इससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि कांग्रेस ने भाजपा से सत्ता करीब करीब छीन ली है। भाजपा का सीटों पर आगे चलने सिलसिला घटकर 69 तक पहुंच गया है, जबकि जनता दल - सेक्युलर 25 सीटों पर आगे चल रही है। किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल करने के लिए 113 सीटों दरकार होती है जिसमें कांग्रेस अपने लक्ष्य को आसानी से पूरा करती नजर आ रही है। यह फैसला त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी करने वाले एग्जिट पोल के उलट है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने हार स्वीकार करते हुए कहा, ''हम अपने प्रधानमंत्री से लेकर सभी बड़े नेताओं के बहुत सारे प्रयासों के बावजूद अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हैं। कांग्रेस अपनी छाप छोड़ने में सफल रही है।'' बोम्मई ने कहा कि सभी नतीजे आने के बाद पार्टी अपनी हार के बारे में विस्तृत विश्लेषण करेगी और अंतराल और कमियों को दूर करेगी और भविष्य में इसमें सुधार करेगी। उन्होंने कहा कि हम इस परिणाम से सबक लेंगे और हम आगे बढ़ेंगे और पार्टी को पुनर्गठित करेंगे और लोकसभा चुनाव में वापसी करेंगे। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि पार्टी कांग्रेस के पक्ष में आए फैसले का सम्मान करती है और उसे स्वीकार करती है। उन्होंने कहा, ''हम एक रचनात्मक विपक्ष के रूप में अपने राज्य और अपने लोगों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देंगे।'' कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक चुनाव में अपने पक्ष में फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा की हार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराया और उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ तीखा हमला किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कर्नाटक चुनाव परिणाम उनकी उम्मीदों के अनुरूप है और खुद को सामने रखकर वोट मांगने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया और कहा कि यह उनकी हार है।

## मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद सरपंचों की हड़ताल खत्म



एजेंसियां

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात के बाद सरपंचों की हड़ताल आज समाप्त हो गई। गहलोत से शनिवार सुबह मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान सरपंच संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। गहलोत ने प्रतिनिधियों की मांगों को नियमानुसार पूरा कराने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव और ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री से मिलने पर सरपंच संघ ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने आमजन को महंगाई से राहत दिलाने के लिए महंगाई राहत कैंपों में हर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित कराने की जिम्मेदारी भी ली। प्रतिनिधियों ने कहा कि वे कैंपों में अपनी भागीदारी निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि अपनी मांगों को लेकर सरपंच लगभग एक महीने से हड़ताल पर थे।

आस्था > उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित

# हेमकुंड साहिब यात्रा 20 मई से होगी आरंभ

एजेंसियां

**चमोली :** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब की यात्रा 20 मई से आरंभ होगी। यात्रा शुरू होने से पहले जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गोविन्द घाट गुरूद्वारा से हेमकुंड साहिब तक 18 किलोमीटर पैदल यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाओं को सुचारू किया जाए। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा में अभी करीब 08 फीट बर्फ जमा है। यहां लक्ष्मण मंदिर व हेमकुंड सरोवर भी पूरी



तरह से बर्फ से ढका हुआ है। श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 20 मई को खुलेंगे। जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर रेंलिग, पार्किंग, मोड सुधारीकरण, एप्रोच मार्ग, पुल, घोडा पडाव, रेन शेल्टर, यात्री शेड, बैंच, रेस्क्यू हैलीपैड सहित बिजली, पानी, शौचालय, साफ सफाई, स्वास्थ्य एवं यात्रा से जुडी तमाम व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाओं को सुचारू किया जाए। यात्रा मार्ग पर किलोमीटर, हेक्टोमीटर स्टोन और साइनेज लगाए जाए। जल संस्थान को यात्रा मार्ग पर सभी स्टैंड पोस्टों पर पेयजल सुचारू करने, घंघरिया में वाटर एटीएम शुरू करने के साथ ही भ्यूंडार में मेडीकल रिलीफ पोस्ट एवं यात्री शेड के पास भी वाटर एटीएम लगाने का प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इको विकास समिति को सुलभ शौचालयों में बिजली, पानी सहित यात्रा मार्ग पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घोडे खच्चरों के लिए भी गर्म पानी की व्यवस्था की जाए। पुलिस विभाग को यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारी ने यात्रा से जुडी तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए श्री हेमकुण्ड साहिब की यात्रा को सुखद बनाने हेतु जरूरी निर्देश दिए। हेमकुंड यात्रा मार्ग पर 84 डेंजर मोडों में से 54 मोडो का सुधारीकरण कार्य पूर्ण हो गया है और शेष कार्य प्रगति पर है। सेना के जवानों द्वारा हेमकुण्ड साहिब मार्ग पर बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी गई है। म्यून्डार गांव में 165 मीटर लंबा पुल बनकर तैयार हो चुका है व दोनों तरफ की एप्रोच रोड़ भी तैयार कर दी गई है।

## >>>> न्यूज फटाफट

### शाहबाज ने इमरान के आरोपों की निंदा की

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाद शरीफ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पर लगाए गए आरोपों की कड़ी निंदा की है। शरीफ ने अपने एक बयान में कहा था कि खान द्वारा लगाए गए आरोप उनकी कमजोर मानसिकता को दर्शा रहा है। उन्होंने कहा कि यह नौ मई को हुई दुखद घटनाओं के मास्टरमाइंड का कबूलनामा था और यह वही मानसिकता थी, जिसने देशभक्त सेना, अफसरों पर उनकी हत्या के झूठे आरोप लगाए और बीजगणित तथा विदेशी साजिश की मनगढ़ंत कहानियां गढ़ीं। उन्होंने कहा कि देश में नौ मई को जो कुछ भी घटित हुआ, वह इमरान नियाजी के निर्देश पर किया गया था। खान के बयान ने शहीदों और गाजियों के स्मारकों को अपवित्र करने और संवेदनशील प्रतिष्ठानों तथा इमारतों पर हमले करने की उनकी योजना को साबित कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनरल असीम को योग्यता के आधार पर नियुक्त किया गया था इसलिए उन पीटीआई अध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि इमरान नियाजी सम्मान की तलवार के विजेता, हाफिज-ए-कुरान और ईमानदार सेना प्रमुख से डरते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह की 'बहादुर सेना के प्रमुख के खिलाफ घटिया बात', जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं, ऐसे में खान का सेना प्रमुख के खिलाफ बयानबाजी आतंकवादियों का समर्थन करने के समान है। उन्होंने कहा कि पूरा देश सशस्त्र बलों और सेना प्रमुख के साथ खड़ा है।

### फ्रांस की पुलिस ने लगाई पेरिस में दक्षिणपंथी रैलियों पर रोक

**पेरिस** : फ्रांस की पुलिस ने सप्ताह के अंत में पेरिस में होने वाले दक्षिणपंथी समूहों के पांच प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक सप्ताह पहले हुयी इस तरह की रैली को लेकर यहां सार्वजनिक रूप से गरमा गरम बहस शुरू हो गयी थी। पुलिस ने एक बयान में कहा, ''पुलिस प्रशासन शनिवार, 13 मई और रविवार, 14 मई, 2023 को पेरिस में आयोजित होने वाले कई कार्यक्रमों पर रोक लगाता है।'' यह आदेश बिगड़ती जीवन स्थितियों के विरोध में प्लेस डी आर्म्स द्वारा बुलाए गए मार्च को प्रतिबंधित करता है। पुलिस ने प्रतिबंध के कारणों के रूप में सार्वजनिक व्यवस्था के अपराधों के जोखिम, घृणा को उकसाने, राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा और नव-नाजी 9 मई समिति द्वारा आयोजित एक प्रदर्शन से उत्पन्न विवाद का हवाला दिया। फ्रांस के अतिराष्ट्रवादी नेता सेबेस्टियन डेज़ीउ की 1994 में मौत की याद में पिछले शनिवार को सैकड़ों काले-पहने प्रदर्शनकारी पेरिस की सड़कों पर उतरे। आंतरिक मंत्री जेरार्ड डर्मैनिन ने कहा कि उन्होंने पुलिस प्रमुखों से ऐसी रैलियों को फिर से होने से रोकने के लिए कहा है।

### होंडुरस की चीन मुक्त व्यापार वार्ता की योजना सैन

**सल्वाडोर** : मध्य अमेरिका का देश होंडुरस के विदेश मंत्री एनरिक रीना ने कहा कि चीन से राजनयिक संबंध स्थापित करने के दो महीने बाद उनका देश उसके साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत की योजना बना रहा है। रीना ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की थी, हम जल्द ही चीन के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत की प्रक्रिया भी शुरू करेंगे, जो हमारे उत्पादों तक पहुंच के लिए अच्छी खबर और अवसर भी होगा। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से होडुरन के उत्पादों को चीन के बाजार में उतारेंगे, जिसमें कॉफी पहला उत्पाद होगा और बाद में झींगा, तंबाकू और बीफ जैसे उत्पादों को उतारा जाएगा। चीनी विदेश मंत्री किन गैंग ने मार्च के अंत में अपने होंडुरन समकक्ष, एनरिक रीना के साथ बीजिंग में मुलाकात की थी। इस दौरान, दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना पर एक संयुक्त विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर किए। उसी समय, होंडुरन विदेश मंत्रालय ने घोषणा की थी कि उसने ताइवान के साथ राजनयिक संबंध तोड़ लिए हैं। इस घोषणा के बाद, ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह होंडुरास के साथ राजनयिक संबंध तोड़ रहा है और मध्य अमेरिकी देश में अपने दूतावास को बंद कर रहा।

### जापान में कार दुर्घटना में पांच लोग घायल

**टोक्यो** : जापान के आइची प्रांत के इनाजावा शहर में एक सुपरमार्केट में कार दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने कहा कि दुर्घटना शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 9:30 बजे उस समय हुई, जब एक कार अपने यथास्थान पर जा रही थी उसी दौरान, एक कार अनियंत्रित होकर सुपरमार्केट के प्रवेश द्वार पर रैक से टकराकर स्टोर में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में करीब पांच लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त दुकान के अंदर मौजूद एक महिला के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

### इजरायल हमले में गाजा अस्पताल क्षतिग्रस्त

**गाजा** : इजरायल के हवाई हमले में गाजा का एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया। फिलीस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी इमारत को निशाना बनाकर किए गए हमलों ने अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों के साथ-साथ आगंतुकों और चिकित्सा कर्मियों की जान जोखिम में डाल दी। इस चिकित्सा सुविधा में नुकसान दर्ज किया गया है। इजराइल ने मंगलवार की रात गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले करते हुए ''शील्ड एंड एरो'' ऑपरेशन शुरू किया। इजरायल रक्षा बलों के अनुसार, जवाब में, फिलीस्तीनी इस्लामिक जिहाद के उग्रवादियों ने इजरायल पर 500 से अधिक रॉकेट दागे। ताजा संघर्ष में कम से कम एक इजरायली और 30 से अधिक फिलीस्तीनियों की मौत हो गई है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2023 की शुरुआत से फिलीस्तीनी क्षेत्रों में इजराइली अभियानों के परिणामस्वरूप 139 फिलीस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से 25 गाजा पट्टी में मारे गए हैं।

### पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने आपातकाल की घोषणा से किया इनकार

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने नागरिक अशांति के बीच देश में आपातकाल की स्थिति घोषित किये जाने संबंधी रिपोर्टों को खारिज किया और कहा कि कैबिनेट ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। पाकिस्तानी के सरकारी टीवी चैनल पीटीवी न्यूज ने मंत्री के हवाले से कहा, ''राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा के बारे में मीडिया की खबरें निराधार हैं। कैबिनेट की बैठक में देश में आपातकाल की स्थिति घोषित करने का फैसला नहीं किया गया।'' सुश्री औरंगजेब ने मीडिया से बिना प्रारंभिक सत्यापन के कोई भी समाचार प्रकाशित न करने का आग्रह किया।

## आज का इतिहास

▶▶ 1702 : नीदरलैंड और इंग्लैंड ने स्पेन और फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।
निविदा स्थगन पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी अति अल्पकालिन निविदा संख्याः-1/2023-24 जिसका PR No- 296182NREP(23-24)D जो दिनांक 29.04.2023 को प्रकाशित हुआ था को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

ह0/-
कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 गुमला

PR 297307 NREP(23-24)D

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची रविवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
14:05:2023


## सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक ईशान की मौत

रांची: अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित कार्तिक उरांव चौक के पास शनिवार सुबह सड़क दुर्घटना हो गयी। यहां टर्बो कार की चपेट में आने से स्कूटी चालक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान ईशान अजहर वाहिद के रूप में हुई है। वह हिंदपीढ़ी का रहने वाला था।

ग्लानि — जिस पिस्टल से निवेदिता को मारी थी गोली,उसी पिस्टल से खुद को भी मार गोली

# छात्रा निवेदिता हत्याकांड के आरोपी ने फेसबुक लाइव आकर खुद को मारी गोली

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पटेल पार्क स्थित हरमू नंद नगर में निवेदिता नाम की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी अंकित कुमार ने अपने अंकित अहीर नाम के फेसबुक आइडी पर लाइव आकर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। अंकित ने शनिवार को कोकर के अयोध्यापुरी स्थित एक घर में खुद को गोली मार ली। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अंकित ने जिस पिस्टल से निवेदिता उर्फ



खुशी को गोली मारी थी, उसी पिस्टल से खुद को भी गोली मार ली। दूसरी ओर पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए बिहार के नवादा समेत कई ठिकाने पर छापेमारी कर रही थी। अंकित कुमार अरगोड़ा में किराए का मकान लेकर रहता है। अंकित और निवेदिता के बीच काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दो माह से निवेदिता अंकित से बात नहीं कर रही थी। जिससे नाराज होकर अंकित ने इस घटना को अंजाम दिया था।जानकारी के मुताबिक निवेदिता शुक्रवार को अपनी सहेली श्रृष्टि कुमारी के साथ हरमू बाजार में नाश्ता करने के लिए गई थी। शाम 6।15 बजे वह नाश्ता करने के बाद हॉस्टल लौट रही थी। हॉस्टल से 50 मीटर की दूर पर जब वह पहुंची, उसी दौरान अपराधी अंकित कुमार उसके पास पहुंचा। उसने निवेदिता से पूछा कि मुझसे बात क्यों नहीं कर रही हो, निवेदिता ने उसकी बात का कोई जवाब नहीं दिया। इसी दौरान अंकित ने निवेदिता को तीन गोली मार दी। एक गोली निवेदिता की आंख में लगी, जबकि दो गोली छाती में लगी। वहीं गोली छिटकने से उसकी सहेली श्रृष्टि भी घायल होकर सड़क पर गिर गयी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से निकले, तबतक अंकित मौके से फरार हो गया था।

## राजधानी रांची के व्यवहार न्यायालय में भी लोक अदालत का आयोजन कई केसों का हुआ निष्पादन




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी के सिविल कोर्ट में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर डालसा के सचिव सह सीनियर डिवीजन के सिविल जज राकेश रंजन ने बताया कि नालसा और झालसा के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन रांची जिला व्यवहार न्यायालय में हो रहा है। उन्होंने बताया कि जमीन विवाद परिवारिक विवाद बैंक लोन विवाद सहित विभिन्न मामलों को लेकर नोटिस कोर्ट में फाइल किए गए थे। उन्होंने बताया कि करीब एक लाख केस को निष्पादन के लिए चयन किया गया है।सभी मामलों के विभिन्न कोर्ट और बेंचेज बनाए गए हैं। जिसमें उससे संबंधित न्यायाधीश से और वकील खुद बैठे हुए हैं।

फैमिली कोर्ट, फ्री लिटिगेशन मामले, बिजली बिल के मामले, बैंक लोन के मामलों के अलग-अलग बेंच बना दिए गए हैं। सभी बेंचो पर अच्छे रिस्पांस लोगों के मिल रहा है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के लिए 15-20 दिन पहले से ही जिला प्रशासन और कोर्ट के द्वारा लोगों के बीच प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। ताकि छोटे-मोटे विवाद के लिए लोगों को कोर्ट के चक्कर न लगाना पड़े।वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए फैसले से संतुष्ट लाभुक सीमा प्रवीण ने बताया कि उनका मामला फैमिली कोर्ट में आया था। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही उनके पति और ससुराल वालों के तरफ से उन्हें मारा-पीटा जाता था। जिसके बाद वह कोट का शरण ली थी। कहा कि लेकिन अब राष्ट्र लोक अदालत में मामला आने के बाद न्यायाधीश और वकीलों की दलील से उनके ससुराल वाले मान गए हैं। अब वह राजी खुशी फिर से अपने ससुराल वापस जा रही है। बैंक लोन से परेशान कुंवर सिंह ने बताया कि उनके ऊपर करीब 2 लाख का लोन था, जिसके लिए वह वर्षों से परेशान थ। लेकिन अब उन्हें उम्मीद है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आने के बाद उन्हें वर्षों के कर्ज से मुक्ति मिलेगी।

झारखण्ड को मिला देश की सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी का सम्मान

# मैट्रो मैन श्रीधरण सहित प्रमुख पदाधिकारियों ने किया भारती कश्यप का सम्मान




राष्ट्रीय खबर

**रांची:**ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के लूलू बोल्गट्टी इंटरनेशनल कॉन्वेंशन सेंटर, कोच्ची में आयोजित 80वें वार्षिक सम्मलेन के उद्घाटन समारोह में दिनांक 11 मई 2023 को झारखण्ड नेत्र सोसाइटी को ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी द्वारा बेस्ट स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया। मेट्रो मैन श्रीधरण और ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ हरबंश लाल एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ ललित वर्मा के संयुक्त रूप से साइंटिफिक एवं एजुकेशनल गतिविधियों के लिए दी जाने वाली इस अति विशिष्ट ट्राफी को मैनेजिंग कमिटी मेम्बर सह चेयरपर्सन साइंटिफिक कमिटी डॉ भारती कश्यप ने ग्रहण किया। मैनेजिंग कमिटी मेम्बर सह चेयरपर्सन साइंटिफिक कमिटी डॉ भारती कश्यप ने बताया कि इसके लिए झारखण्ड से मैनेजमेंट कमिटी सदस्यों को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नेत्र चिकित्सा के पोस्ट ग्रैजुएट छात्रों के प्रशिक्षण, ग्लूकोमा, नेत्रदान, मोतियाबिंद, डायबेटिक रेटिनोपैथी इत्यादि के लिए पब्लिक अवेयरनेस कैम्पेन चलाने का निर्देश दिया गया कि साथ में पूरे राज्य में नेत्र चिकित्सा की नई नई विधियों से चिकित्सकों को अवगत कराने के लिए सेमीनार के आयोजन का निर्देश भी दिया गया। झारखण्ड में सर्वश्रेष्ठ काम होने की वजह से झारखण्ड को सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी के रूप में घोषित किया गया। इस सम्मान से झारखण्ड का नाम देश के मानचित्र पर नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से उभरा है। राज्य के निम्नलिखित संस्थानों एवं नेत्र चिकित्सकों का योगदान उल्लेखनीय रहा- 1. कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, 2. बोकारो जेनेरल हॉस्पिटल, 3. गांधीनगर हॉस्पिटल, सीसीएल व 4. रिम्स रांची, साथ ही डॉ एनडी मिश्रा, डॉ पिंकी पाल, डॉ राशि श्याम, डॉ विवेक केडिया, डॉ विनय गुप्ता।

## 15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सह टीम चयन संपन्न

रांची :अंडर-15 राष्ट्रीय बालक एवं बालिका कुश्ती प्रतियोगिता-2023 में भाग लेने के लिए झारखंड अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सह टीम चयन शनिवार को गणपत राय इंडोर स्टेडियम खेलगांव होटवार में आयोजित किया गया। चयन ट्रायल में सभी जिलों से 92 कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें चयनित पहलवान व-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार व झारखंड राज्य कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष बबलू कुमार ने किया। सीनियर प्लेयर सह राष्ट्रीय प्रशिक्षक- राजीव रंजन (भीम), मधु तिर्की, रांची जिला कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव अनिल यादव, अविनाश कुमार, विवेक चौधरी, राहुल कुमार, अनिकेत कुमार के साथ अन्य गणमान्य मौके पर उपस्थित रहे।

## 40 शारीरिक शिक्षा शिक्षक और खेल कोच ने भाग लिया



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड राज्य आत्या पात्या संघ से पंजीकृत रांची जिला आत्या पात्या संघ के तत्वाधान में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय आत्या पात्या कोच रेफरी/ऑफिशियल कोर्स 2023 बी.एस.पी.विद्यालय ,धुर्वा ,रांची में प्रारम्भ हुआ। जिसमें पूरे राज्य भर के 40 शारीरिक शिक्षा शिक्षक और खेल कोच ने भाग लिया।आगंतुकों का स्वागत जिला संघ के संयुक्त सचिव विवेक कुमार ने किया। इस सेमिनार का उद्घाटन आत्या-पात्या फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव डॉ० अजय झा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से परिचय प्राप्त कर किया।कार्यक्रम का शुभारंभ के बाद रांची जिला संघ के महासचिव एम.मोदस्सर ने आत्या पात्या खेल की बेसिक जानकारी दी। जिसके बाद आत्या पात्या फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव सह झारखंड राज्य आत्या-पात्या संघ के महासचिव डॉ०अजय झा ने खेल से जुड़े सभी तकनीकी जानकारी विस्तार पूर्वक दिया। पहले दिन के अंतिम सत्र में सभी ने आत्या पात्या खेल मैदान में खिलाडियों को अभ्यास कराने और मैच संचालन के नियमों के जानकारी दी गई। दूसरे दिन अंतिम सत्र में मौखिक, लिखित और प्रायोगिक परीक्षा होगी, उसके बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान की जाएगी। इस सेमिनार को सफल बनाने संघ के वरीय सदस्य सुभाष गांगुली , संजय कुमार , सरिता कुमारी , कौशल कुमार ,अनुशिखा कुमारी, रश्मि कुमारी, साक्षी कुमारी एवं आरुषि कुमारी ने पूर्ण रूप से सहयोग किया। सेमिनार का समापन पूर्वाह्न ग्यारह बजे किया जाएगा।

## रिम्स में हृदय जांच शिविर : पहले दिन 280 मरीजों की हुई जांच, 80 का होगा निशुल्क ऑपरेशन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड हृदय चिकित्सा योजना के तहत रिम्स में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क हार्ट जांच शिविर की शुरूआत शनिवार को हुई। सरकार के सहयोग से प्रशांति मेडिकल सर्विसेज की ओर से आयोजित इस शिविर के पहले दिन कुल 270 मरीजों की जांच हुई। इनमें 80 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है, जिन्हें उनके ऑपरेशन की तारीख दे दी गई है। करीब 25 बच्चों को सत्य साईं हार्ट अस्पताल अहमदाबाद बुलाया गया है। वहीं 18 से अधिक उम्र के 55 लोगों को ऑपरेशन के लिए सत्य साईं हार्ट अस्पताल राजकोट बुलाया गया है। दोनों अस्पतालों में मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। वहीं आने जाने के खर्च के तौर पर प्रत्येक को राज्य सरकार दस हजार रुपए देगी। जो बाद में रिंबर्स किया जाएगा। सत्य साईं ट्रस्ट के हरिश ने बताया कि पिछली बार के कैंप में जितने मरीजों को ऑपरेशन के लिए बुलाया गया था, सभी के ऑपरेशन कर दिए गए हैं। जांच शिविर में सत्य साईं के डॉ पवन पटेल, डॉ वरूण तिवारी, डॉ प्रखर चौधरी, डॉ नीरज अग्रवाल, डॉ सचिन बोरड़िया मरीजों के हृदय संबंधी परेशानी की जांच कर रहे हैं।

## ट्रिपल टेस्ट के लिए जल्द होगा आयोग का गठन, कैबिनेट में आ सकता है प्रस्ताव

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करने के लिए जल्द आयोग का गठन होगा। विभागीय सूत्रों ने उम्मीद जतायी है कि कैबिनेट की अगली बैठक में आयोग गठन करने का प्रस्ताव लाया जा सकता है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद डेढ़ से दो महीने में कमीशन अपनी सिफारिश सरकार को सौंपेगी। इसके बाद राज्य सरकार चुनाव कराने का फैसला लेगी। अगर सबकुछ ठीक रहा तो इसी साल अक्टूबर-नवंबर तक राज्य में नगर निकाय चुनाव हो जायेंगे। हाईकोर्ट के किसी सीटिंग या रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में कमीशन बनायी जा सकती है। राज्य सरकार ओबीसी आरक्षण और कमीशन गठन उत्तर प्रदेश और बिहार की तर्ज पर कर सकती है। यूपी ने जनवरी 2023 में ट्रिपल टेस्ट के लिए कमीशन बनाया था, जिसने 75 जिलों का सर्वे कर 2 महीने 10 दिन में रिपोर्ट सौंप दी थी। कमेटी गठित होने के बाद चुनाव होने और नतीजे आने में सिर्फ 5 महीने लगे। वहीं बिहार में भी गठित कमेटी ने 2 महीने में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि झारखंड को भी 24 जिलों का सर्वे करने में डेढ़ से 2 महीने से ज्यादा समय नहीं लगेगा।हेमंत सरकार राज्य में जल्द निकाय चुनाव कराना चाहती है। अगर निकाय चुनाव जल्द नहीं हुए तो राज्य को 15वें वित्त आयोग की मदद से वंचित होना पड़ सकता है। शहरी निकायों के विकास के लिए झारखंड ने करीब 1600 करोड़ रुपये का दावा वित्त आयोग से किया है। झारखंड में 48 नगर निकायों में चुनाव कराया जाना है। 34 निकायों का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो चुका है, जबकि 13 निकायों में पिछले 3 साल से चुनाव लंबित है।

अभियान — रिसाइकल कर शहर को कचरा मुक्त बनाने का अभियान

# 15 मई से निगम का मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** नगर निगम 15 मई से केंद्र सरकार का कार्यक्रम मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर शुरू करेगा। इसके तहत ट्रिपल आर यानी रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल को कैसे अपनाया जाए, यह बताया जाएगा। पहले रांची नगर निगम के अधिकारीगण एवं कर्मी खुद का सामान आआरआर की मूल भावना के तहत जमा करेंगे। इसके साथ आम नागरिकों से पुराने कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, प्लास्टिक की वस्तुओं और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसी गैर जरूरी इस्तेमाल की चीजों को लिया जाएगा, ताकि उन्हें रिसाइकल कर शहर को कचरा




मुक्त बनाया जा सके। यह अभियान 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक सभी वार्डों में चलाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर बैठक में सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उपयोग किए गए उत्पादों को कम करना ही मिशन का उद्देश्य है। इसके लिए शहर के भिन्न- भिन्न लोकेशन पर रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल केंद्र खोले जाएंगे। ये केंद्र शॉपिंग कांप्लेक्स, बाजार और खुले मैदानों में स्थापित किए जा सकते हैं। इसे सफल बनाने के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का सहयोग लिया जाएगा, ताकि बड़ी संख्या में आमजन को मिशन से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। बैठक में नगर प्रबंधक नगर अभियान प्रबंधक वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

